यह ऐसे सॉफ्टवेर है जो कंप्यूटर के उपयोग करते समय व्यक्तिगत या डेटा संबंधी जानकारियों की सुरक्षा के लिए बहुत नुकसानदायक हैं। कंप्यूटर या लैपटॉप की कार्यक्षमता को खराब या धीमा कर सकता है। मालवेयर किसी भी कंप्यूटर में एंटर करके उसे स्लो बना देता है या फिर उसमे और नए मालवेयर बनाकर कर के उसमे स्पेस कम कर देता है। मालवेयर कंप्यूटर में रहते है अपना काम निरंतर करते जाते हैं, लेकिन फाइल के रूप में यह दिखते नहीं। धीरे धीरे कंप्यूटर स्लो होने लगता है और फिर खराब हो जाता है। अगर आपके कंप्यूटर में कैसा भी विंडो एरर (window error) या फिर हार्ड ड्राइव एरर आये तो यह भी मालवेयर की वजह से हो सकता है। मालवेयर विंडो की फाइल को बिगाड़

(corrupt) देता है। जिसके कारण आपको ऐसे एरर दिखाता करता है। इसका प्रयोग कई हैकिंग करने वाले (hackers) अपने हित में करते हैं ताकि वह देख सके की आप अपने कंप्यूटर में क्या-क्या करते हो और उपयोक्ताओं को इसका भान भी नहीं होता।

आमतौर पर मालवेयर बनाने के पीछे निम्न कारण हो सकते हैं

- मालवेयर से संक्रमित कंप्यूटर सिस्टम को रिमोट कंप्यूटर से नियंत्रित करने में सक्षम होना।
- संक्रमित कंप्यूटर सिस्टम से अनचाहे लक्ष्यों को स्पैम भेजना।
- संक्रमित यूजर्स कि व्यक्तिगत और लोकल नेटवर्क की जाँच ।
- व्यक्तिगत या संवेदनशील डेटा चोरी करना।

प्रश्न उठता है कि इस प्रकार के मालवेयर सॉफ्टवेयर सिस्टम में आते कैसे हैं। आज के समय में सबसे सामान्य सोर्स है इंटरनेट, अगर हम इंटरनेट पर किसी मैलेशियस/अनाधिकृत (unauthorized) सी वेबसाइट पर हैं और वहां से कुछ डाउनलोड करते हैं या अगर हम पायरेटेड सॉफ्टवेयर या मूवी को डाउनलोड करते हैं या अगर किसी मैलेशियस वेबसाइट के किसी विज्ञापन पर क्लिक करते हैं। इन सभी सोर्स से कंप्यूटर सिस्टम में वायरस/ मालवेयर आ सकता है। इसके अलावा ऑफलाइन किसी दूसरी जगह से ऐसी पेनड्राइव या किसी सीडी, डीवीडी को अपने कंप्यूटर में लगाते हैं वहां से भी इस प्रकार के मैलेशियस सॉफ्टवेयर हमारे कंप्यूटर में आ सकते हैं।

वायरस, ट्रोजन, स्पायवेयर और रैंसमवेयर मालवेयर के विभिन्न प्रकारों में से हैं।

मालवेयर को कंप्यूटर में आने से कैसे रोके-

- स्पैम ईमेल के साथ जो फाइल अटैच हो कर आई है उसको ना खोलें और ना डाउनलोड करे।
- इन्टरनेट पे सिर्फ विश्वसनीय (trusted) साइट्स पर ही जाएं (visit करे)।
- Pirated फाइल डाउनलोड ना करे।
- अद्यतन एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर (Updated antivirus software) का उपयोग अवश्य करें।

- कम्प्यूटर में फायरबॉल (Firwall) को इनस्टॉल कर के रखे।

II. वर्म (Worm)

एक कंप्यूटर वर्म एक स्टैंड अलोन मालवेयर कंप्यूटर प्रोग्राम है जो अन्य कंप्यूटरों में फैलने के लिए खुद को दोहरा सकता है। कंप्यूटर वर्म् किसी अन्य सॉफ्टवेयर में संलग्न नहीं होता बल्कि स्पैम ईमेल या इंसटेंट मैसेज में अटैचमेंट के रूप में आ सकते हैं और उपयोगकर्ता के ज्ञान के बिना मशीन को संक्रमित करता है। यह वास्तव में अपनी ही नकल करता है और खुद को कॉपी करता है इस तरह इसका आकार बढ़ता जाता है और यह और हार्ड डिस्क स्थान को भरता चला जाता है। एक कंप्यूटर में आने के बाद उस कंप्यूटर के नेटवर्क में जुड़े अन्य कंप्यूटर सिस्टम को भी संक्रमित करता चला जाता है, जिससे सिस्टम और नेटवर्क धीमा हो जाता है।

III. वायरस (Virus)

कम्प्युटर वायरस एक प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक कोड होता है। इस कोड का उपयोग कंप्यूटर में उपस्थित सूचनाओं को मिटाने या उसे खराब करने का कार्य करता है।

यह एक सूक्ष्म कंप्यूटर प्रोग्राम होता हैं। जो किसी भी कंप्यूटर में प्रवेश कर उस डिवाईस की कार्य-प्रणाली में बाधा उत्पन्न करते हैं। यह टारगेट कंप्यूटर पर अपने आप ही रन हो जाता है (Auto-Execute) जो अपने आपको खुद बढ़ा लेता है।

यह दुर्भावनापूर्ण प्रोग्राम का एक टुकड़ा है जो फ़ाइलों और सिस्टम को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है। यह एक ऐसा प्रोग्राम है जो खुद को प्रतिकृति बनाता है और संक्रमित फ़ाइलों का उपयोग करके फैलता है। किसी उपयोगकर्ता के ज्ञान के बिना पूरे कंप्यूटर फ़ाइलों में फैल जाता है।

यह कंप्यूटर वायरस अपने कोड को कंप्यूटर में निष्पादित (execute) करने के लिए किसी डॉक्यूमेंट अथवा कंप्यूटर प्रोग्राम के साथ संलग्न (attach) होकर संचालित होता है और

धीरे–धीरे आपके कंप्यूटर में फैलता जाता है। एक कंप्यूटर वायरस में अप्रत्याशित और हानिकारक प्रभाव पैदा करने की क्षमता होती है।

एक बार कंप्यूटर सिस्टम में निष्पादित हो जाने के बाद यह आपके प्रोग्राम और फाइल को नष्ट कर सकते है। इसके अलावा यह कंप्यूटर की कार्य क्षमता को धीमा (slow performance) करते है साथ ही सिस्टम सॉफ्टवेयर को पूरी तरह काम करने से रोकते है। इन कंप्यूटर वायरस को बनाने का उद्देश्य कमजोर सिस्टम को संक्रमित करना, व्यवस्थापक नियंत्रण हासिल करना और सवेंदनशील डेटा चोरी करना होता है।

यह कंप्यूटर वायरस आपके सिस्टम में कई तरह से आ सकता है। सबसे प्रमुख विधि जिसके द्वारा वायरस फैलता है, वह ईमेल के माध्यम से होता है। जैसे ईमेल अटेचमेंट को खोलना, किसी संक्रमित वेबसाइट पर जाना, निष्पादन योग्य फ़ाइलें पर क्लिक करना या संक्रमित वेबसाइट पर विज्ञापन को खोलने से भी यह आपके सिस्टम तक पहुँच सकता है। इसके अलावा वायरस युक्त यू.एस.बी ड्राइव से भी आपके कंप्यूटर में वायरस फैल सकता है।

इसके अलावा ऑफलाइन तरीके की बात करें तो सीडी, फ्लॉपी डिस्क तथा पेनड्राइव आदि की मदद से कंप्यूटर वायरस एक कंप्यूटर से दूसरे डिवाइस में फैल सकता है।

IV. ट्रोजन होर्स (Trojan Horse)

ट्रोजन होर्स एक हानिकारक कंप्यूटर प्रोग्राम होता है जो कि हमारे सिस्टम को नियंत्रण में कर लेता है और असामान्य गतिविधि को अंजाम देता है। ट्रोजन, किसी वायरस की तरह अपनी कॉपी तो नही बना सकते परन्तु ये वायरस को सिस्टम में इंस्टॉल कर सकते है। इसी की मदद से हैकर कंप्यूटर का नियंत्रण सुदूर बैठे दूसरे कंप्यूटर से कर सकता है।

उदाहरण के लिए:- एक दोस्त की फेसबुक आईडी हैक हो जाती है और उसकी आईडी से एक मैसेज आता है कि इस गेम को डाउनलोड करो यह बहुत बढ़िया गेम है, परन्तु वह गेम ना होकर एक ट्रोजन होता है।

- एक ट्रोजन, सिस्टम की फाइलों तथा डेटा को डिलीट कर सकता है।
- महत्पूर्ण जानकारी तथा पासवर्ड को चुरा सकता है।
- सिस्टम को लॉक कर सकता है।
- मालवेयर को डाउनलोड करके इंस्टॉल कर सकता है।
- सिस्टम को दोबारा शुरू कर सकता है।
- सीडी को संक्रमित (infect) कर सकता है।
- सिस्टम की स्क्रीन में मैसेज को प्रदर्शित कर सकता है।
- प्रोग्राम को बन्द कर सकता है।

V. स्पाइवेयर (Spyware)

स्पाइवेयर एक सॉफ्टवेयर होता है जो मालवेयर का एक प्रकार है। यह किसी कंप्यूटर में बिना इजाजत के प्रवेश करता है और उपयोगकर्ताओं की बिना जानकारी के उस कंप्यूटर की सारी निजी जानकारियां मालवेयर भेजने वाले व्यक्ति या समूह को दे देता है। सामान्य शब्दों में कहें तो जिस तरह हमारे दैनिक जीवन मे किसी व्यक्ति द्वारा अपनी सुरक्षा बनाये रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा का इस्तेमाल लोगों पर निगरानी रखने के लिए किया जाता है। उसी तरह स्पाइवेयर भी कंप्यूटर में पहुँच कर कंप्यूटर यूज़र द्वारा इंटरनेट पर की जाने वाली सभी गतिविधियों पर नजर रखता है। परन्तु इस बात की जानकारी से उपयोगकर्ता अनजान रहता है।

परन्तु यहाँ ध्यान रखने योग्य बात यह है कि वर्तमान समय में कई कंपनियों तथा कार्यालयों में कर्मचारियों की निगरानी के लिए भी स्पाइवेयर को कंप्यूटर में इनस्टॉल किया जाता हैं। जिससे कंपनी के मैनेजर या सीईओ कर्मचारियों द्वारा कंप्यूटर में की जाने वाली इंटरनेट क्रियाकलापों पर नजर रख सही-सही जानकारी पता लग सके। इस प्रकार स्पाइवेयर विभिन्न प्रकार की निजी जानकारियों को गुप्त रूप से पता लगाता है।

स्पाइवेयर शब्द से पता चलता है कि यह एक सॉफ्टवेयर है जो उपयोगकर्ता के कंप्यूटर पर गुप्त रूप से निगरानी रखता है, जबकि स्पाइवेयर का काम महज निगरानी से भी कहीं

ज्यादा है। स्पाइवेयर विभिन्न प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करता है, जैसे कि इंटरनेट सर्फिंग की आदतें और जिन साइटों पर जाया जाता है। अतः एक बार किसी कंप्यूटर में स्पाइवेयर के प्रवेश करने पर यूजर का पूरा डाटा चुराया जा सकता है।

यहाँ एक बात हमें ध्यान में रखनी चाहिए कि स्पाइवेयर एक वायरस नहीं है। क्योंकि वायरस की तुलना में स्पाइवेयर कंप्यूटर से अन्य कंप्यूटर्स तक नहीं फैलते। वायरस एक सिस्टम से दूसरे सिस्टम तक पहुँचने की कोशिश करते हैं।

VI. लॉजिक बम (Logic Bomb)

लॉजिक बम एक प्रोग्रामिंग कोड है जो गुप्त रूप से सिस्टम में डाला जाता है और इन्हें विशेष परिस्थितियों, समय दिन या दिनांक में ही एक्टिव होने के लिए तैयार किया जाता है, जैसे कि एक विशिष्ट तिथि तक पहुंचना या एक विशिष्ट कमांड टाइप करने वाला उपयोगकर्ता। प्रोग्राम कोड जिन्हें किसी विशेष समय पर निष्पादित करने के लिए निर्धारित किया जाता है, उन्हें " लॉजिक-बम" के रूप में जाना जाता है। यह एक दुर्भावनापूर्ण कोड है, जो एक विशिष्ट घटना के चालू होने पर एक दुर्भावनापूर्ण कार्य को निष्पादित करता है। यह निर्दिष्ट शर्तों के पूरा होने तक निष्क्रिय रहता है। घटनाओं में एक निश्चित तिथि या समय शामिल हो सकता है, या एक संक्रमित सॉफ़्टवेयर एप्लिकेशन लॉन्च किया जा रहा है या हटाया जा रहा है। जब एक लॉजिक बम एक्टिव होता है तो यह डाटा को डिलीट या करप्ट कर सकता है, फ़ाइल हटाने या हार्ड ड्राइव पूरा डिलीट करना व नेटवर्क को नुकसान पहुंचाने के लिए या अन्य कई प्रकार के अवांछित प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, कुख्यात "शुक्रवार 13 वां"(Friday the 13th) वायरस जिसने केवल विशिष्ट तिथियों पर मेजबान सिस्टम पर हमला किया; यह हर महीने शुक्रवार को होने वाली "विस्फोट" (खुद को डुप्लिकेट) के रूप में हुआ, इस प्रकार सिस्टम में मंदी का कारण बना।

VII. फ़िशिंग (Phishing)

इलेक्ट्रॉनिक संचार में फ़िशिंग (Phishing) या इलेक्ट्रोनिक जालसाज़ी, एक ऐसा कार्य है जिसमें किसी विश्वसनीय इकाई का मुखौटा धारण कर उपयोगकर्ता नाम (प्रयोक्ता नाम), पासवर्ड (कूटशब्द) और क्रेडिट कार्ड का विवरण (और कभी-कभी, परोक्ष रूप से पैसा) जैसी विभिन्न जानकारियां हासिल करने का प्रयास किया जाता है।

इसमें किसी बैंकिंग, क्रेडिट/ डेबिट कार्ड की डिटेल्स और पासवर्ड जानने के लिए किसी बैंक या आर्गेनाईजेशन के माध्यम से कॉल या मैसेज किया जाता है। यूज़र को लगता है कि मैसेज ज्ञात कॉन्टैक्ट या ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा भेजा गया है, लेकिन वह झूठा (Fake) होता है। अपराधी आपको फिशिंग के द्वारा नकली ईमेल या मैसेज करते है जो किसी कम्पनी, बैंक की तरह मिलते जुलते होते है।

फिशिंग पेज बिलकुल Original पेज की तरह ही होता है। उपयोगकर्ताओं को एक नकली वेबसाइट जिसका रूप और अनुभव बिल्कुल असली वेबसाइट (वैध वेबसाइट) के समान होता है पर, अपने विवरण दर्ज करने के लिए निर्देशित किया जाता है। बस इसमें यूआरएल ऐड्रेस में बदलाव होता है जो किसी यूज़र को आसानी से नजर नहीं आता है। फ़िशिंग ईमेल में कॉर्पोरेट लोगो (Logo) और डाटा होता हैं जिससे वह ई-मेल असली लग सके और इसमें मालवेयर से संक्रमित वेबसाइटों की कड़ियां हो सकती हैं। यह लोगों को ईमेल या मैसेज के द्वारा फिशिंग लिंक भेज सकते हैं। कोई भी जब इस लिंक पर क्लिक करता है तो वह फिशिंग पेज पर आ जाता है। यूज़र को लगता है की वह वास्तविक (Original) वेबसाइट है और वह वहां पर अपनी आईडी और पासवर्ड से लॉग इन करते है। जैसे ही वह लॉग इन करते है तो यह आईडी और पासवर्ड हैकर के पास चली जाती है और यूज़र को पता भी नहीं चलता है की वह फिशिंग अटैक के शिकार हो चुके है। फिशिंग से बचने के लिए निम्न बातों का ध्यान रखें:

- किसी अंजान स्रोत से प्राप्त ई-मेल के किसी भी लिंक को क्लिक न करें ना ही किसी अनजानी लिंक में अपनी जानकारी को डाले। उसके साथ हुए अटैचमेंट को

डाउनलोड भी ना करे। इसमें दुर्भावनापूर्ण कोड या ''फिश'' के हमले का प्रयास हो सकता है।

- पॉप-अप विंडो के रूप में आए पेज पर किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही दें।
- कभी भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी या अपना पासवर्ड फोन पर या ई-मेल से प्राप्त अनुरोध पर नहीं बताएं।
- हमेशा याद रखें कि जैसे पासवर्ड, पिन (PIN), टिन (TIN) आदि की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय है तथा बैंक के कर्मचारी/सेवा कार्मिक भी इसकी माँग नहीं करते हैं। इसलिए ऐसी जानकारियां मांगे जाने पर भी किसी को न दें।
- आप अपने किसी भी अकाउंट में लॉग इन करते समय यूआरएल का ध्यान जरुर रखे। हमेशा एड्रेस बार में सही यूआरएल टाइप कर साईट को लॉग-ऑन करें। आपका यूजर आईडी एवं पासवर्ड केवल अधिकृत लॉग-इन पेज पर ही दें।
- अपना बैंक वगैरह में यूजर आईडी एवं पासवर्ड डालने से पूर्व कृपया सुनिश्चित कर लें कि लॉग-इन पेज का यूआरएल 'https://' से प्रारम्भ हो रहा है 'http:// से नहीं। 'एस' से आशय है सुरक्षित (Secured) तथा यह दर्शाता है कि वेब पेज में एंक्रिप्शन का प्रयोग हो रहा है।
- यदि आप कंप्यूटर का इस्तेमाल करते है। तो अपने कंप्यूटर में एक अच्छे एंटी-वायरस का इस्तेमाल ज़रुर करे जो आपको वेब सिक्यूरिटी देगा।

VIII. हैकिंग (Hacking)

आज के युग में कंप्यूटर और मोबाइल तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इनके आसान उपयोग के कारण आम जनता डिजिटल युग में आ गई है। जितनी तेजी से हम तकनीक में दक्ष हो रहे हैं उतनी ही तेजी से ऑनलाइन गतिविधियां के माध्यम से किया जाने वाला अपराध भी बढ़ रहे। ऑनलाइन माध्यम से किया जाने वाला अपराध अर्थात साइबर क्राइम को हैकिंग कहते हैं। दूसरे शब्दों में कहें एक तकनीकी चालाकी है। जब कोई व्यक्ति गलत उद्देश्य से किसी सिस्टम फंक्शन जैसे कंप्यूटर नेटवर्क, सर्वर आदि में कमजोरी को ढूंढें और उस सिस्टम को अपने अनुसार बदल कर डाटा को चुरा लेता या नष्ट कर देता है क्या उसे बदल देता है, यह प्रक्रिया हैकिंग कहलाती है। जिस व्यक्ति द्वारा यह तकनीकी चालाकी को

अंजाम दिया जाता है उस व्यक्ति को हैकर कहते हैं। हैकर कंप्यूटर या नेटवर्क में विभिन्न प्रकार से सेंध लगाने की कोशिश करता है जैसे

- पासवर्ड पता लगाना।
- सरवर या नेटवर्क में मौजूद कोई तकनीकी खामी के बारे में पता लगाना।
- विभिन्न प्रकार के एक जैसी वेबसाइटों माध्यम से डाटा को एकत्रित करना।
- दोषपूर्ण सॉफ्टवेयर को उपयोगी बताकर कंप्यूटर की जानकारी चुराना और डाटा को नष्ट करना।
- किसी व्यक्ति द्वारा अपने कंप्यूटर में टाइप किए गए शब्दों पर निगरानी रखना।

हैकिंग के विभिन्न प्रकार

- **एथिकल हैकिंग**

  एथिकल हैकिंग वह हैकिंग होती है जो जानकारी को प्राप्त करने जानबूझकर किसी सही उद्देश्य के लिए की जाती है। इस प्रकार की हैकिंग में लोग नेटवर्क, सर्वर, डाटा स्टोरेज और और सूचना प्रणाली मैं संभावित और मौजूद कमियों को ढूंढते हैं जिससे कि उनको दूर किया जा सके। जब हैकरों द्वारा कोई कमी ढूंढ ली जाती है तो उस कमी को बग कहा जाता है। इसमें किसी भी प्रकार का डाटा चुराया नहीं जाता, ना ही नष्ट किया जाता है, और ना ही बदला जाता है। एथिकल हैकिंग पूरी तरह से कानूनी होती है और लोगों को संभावित खतरों से बचाने के लिए की जाती ताकि कोई मौजूद कमी या बग को दूर किया जा सके।

- **मैलेशियस हैकिंग**

  वह हैकिंग जो किसी गलत उद्देश्य से की जाती है और इसका तरीका गैरकानूनी होता है। मैलेशियस हैकिंग कहलाती है। इस प्रकार की हैकिंग में डाटा चुराया जा सकता है, उसे नष्ट किया जा सकता है या उसका गलत इस्तेमाल भी जा सकता। जैसे किसी ईमेल अकाउंट को हैक करना, फेसबुक अकाउंट को हैक करना, बैंक अकाउंट की जानकारी

चुराकर पैसे निकालना, किसी वेबसाइट अकाउंट पर कब्जा करके उसका दुरुपयोग करना आदि काम मैलेशियस हैकिंग में शामिल होते हैं। इस प्रकार की हैकिंग से सरकार और बड़ी कंपनियों को भी नुकसान हो सकता है क्योंकि बहुत से लोगों की जानकारी होती है अथवा गोपनीय जानकारी भी होती है। जैसे सुरक्षा एजेंसियां, पुलिस, शेयर मार्केट, स्टॉक एक्सचेंज, परमाणु केंद्र, अंतरिक्ष शोध केंद्र, आदि वेबसाइट और डाटा को बना बनाया जाता है।

IX. स्पूफिंग (Spoofing)

स्पूफिंग एक दुर्भावनापूर्ण प्रयोग है जो साइबर स्कैमर और हैकर्स द्वारा सिस्टम, व्यक्तियों और संगठनों को धोखा देने के लिए किया जाता है। लोगों को एक प्रामाणिक और सुरक्षित प्रेषक के रूप में प्रस्तुत करते हैं लेकिन ऐसा होता नहीं है। सर्वर को अनाधिकृत उपयोग (unauthorized access) करने की एक तकनीक है जिसमें एक कंप्यूटर, नेटवर्क में मैसेज भेजता है। भेजे जाने वाले पैकेट हैडर के भेजे जाने वाली मशीन (source address) को attacker के द्वारा बदल दिया जाता है। जिसके कारण प्राप्त करने वाली मशीन (destination computer) को यह लगता है कि यह मैसेज किसी विश्वसनीय (trusted) डिवाइस से भेजा गया है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कि attacker इस डिवाइस के आई पी एड्रेस को बदल देता है। जिसके कारण destination computer इस पैकेट को trusted computer से आने वाला समझता है। मुख्य रूप से स्पूफिंग का उपयोग किया जाता है:

- भेजने वाले (sender) की पहचान (identity) साइबर पुलिस और प्राधिकरण (cyber police and authority) से छुपाने के लिए, क्योंकि इसके द्वारा attacker का पता लगाना मुश्किल होता है।
- Target वाले डिवाइस को alert होने से रोकने के लिए।
- Security script को bypass करने के लिए, security script वो होती है जिसके द्वारा IP address को blacklist करके डिनायल ऑफ सर्विस हमलों को कम करने का प्रयास किया जाता है।

आईपी स्पूफिंग के प्रकार

आईपी स्पूफिंग दो प्रकार के होते हैं।

इस तकनीक का प्रयोग सबसे ज्यादा attackers के द्वारा एक डिवाइस में **डिनायल ऑफ सर्विस अटैक** (DDoS attack) और **मैन इन द मिडिल अटैक** (Man-in-the-Middle attack) करने के लिए किया जाता है।

i. **मैन इन द मिडिल अटैक** जैसा कि नाम से पता चलता है, संदेश के मूल प्रेषक और वांछित प्राप्तकर्ता के बीच संचार बाधित होता है। संदेश की सामग्री को तब किसी भी पक्ष के ज्ञान के बिना संशोधित किया जाता है। हमलावर पैकेट को अपने संदेश के साथ मिलाता है। पीड़ित को यह सोचने में धोखा दिया जाता है कि संदेश की सामग्री प्रामाणिक है।

ii. **डिनायल ऑफ सर्विस अटैक** एक प्रभावशाली हैकिंग तकनीक है जो हैकिंग ग्रुप द्वारा बड़े स्तर पर की जाती। इंटरनेट की दुनिया मैं किसी सर्वर या वेबसाइट पर किया जाने वाला ऐसा अटैक है जिससे किसी भी सर्वर या वेबसाइट को डाउन कर दिया जाता है या बंद कर दिया जाता है या फिर उस वेबसाइट के यूज़र के लिए वेबसाइट को अनुपलब्ध कर दिया जाता। जिससे कोई भी यूजर उस वेबसाइट तक नहीं पहुंच पाता है दुनिया में किसी भी चीज कि काम करने की एक लिमिट होती है इसी तरह से वेबसाइट की एक लिमिट होती है कि 1 मिनट में कितने लोगों को एक्सेस करने की इजाजत देती। उदाहरण के लिए किसी वेबसाइट की लिमिट है कि उस वेबसाइट को 1 मिनट में सिर्फ सौ लोग ही एक्सेस कर सकते हैं। यदि उससे ज्यादा आएंगे तो सर्वर डाउन हो जाएगा जा बंद हो जाएगा। तो यह समझने की बात है की अगर सौ से ज्यादा लोग इस वेबसाइट को 1 मिनट में ओपन करेंगे तो वह बंद या डाउन हो जाएगी। हैकर भी ऐसे ही किसी वेबसाइट पर ओवर ट्रैफिक भेजकर साइट को डाउन कर देते हैं जिससे उसकी यूज़र वेबसाइट तक नहीं पहुंच पाते हैं या उस वेबसाइट को ओपन ही नहीं कर पाते। जिस कारण जिन लोगों का काम वेबसाइट से चल रहा था वह नहीं हो पाएगा। अगर इस प्रकार के अटैक करते हैं और जब वह वेबसाइट नहीं खुल पाती है साइट के मालिक से पैसों की मांग करते हैं। इसी प्रकार दो वेबसाइट समान कार्य के लिए हैं और यदि एक ने

दूसरे की वेबसाइट पर डिनायल ऑफ सर्विस अटैक कर दिया तो यह सामान्य सी बात है, लोग अपनी जरूरतों का सामान खरीदने के लिए उसी वेबसाइट पर जाएंगे जो चल रही है।

X. स्पैम मेल (Spam Mail)

इंटरनेट पर लोगों को संदेश या विज्ञापन बार-बार भेजना जिसका उन्होंने अनुरोध नहीं किया है स्पैम कहलाता है। अर्थात अवांछित ईमेल जो बहुत ज्यादा भेजा जाता है, बिना मांगे या बुलाये आ जाता है, जिसमे प्रायः विज्ञापन भरे होते है।

जब भी कोई भेजने वाला किसी को बहुत बड़ी तादाद में विज्ञापन की मेल भेजता है तो उसे स्पैम मेल कहते हैं। यह ईमेल पाने वाले के बिना अनुमति के आते हैं। यह ईमेल मुख्यतः विज्ञापन से ही भरे होते हैं। अगर कोई ईमेल स्पैम करता है तो यहां स्पैम करने का एक ही फायदा है और वह है अपने उत्पाद का विज्ञापन-पत्र के माध्यम से बढ़ावा करना। जैसे किसी कंपनी या व्यक्ति विशेष ने एक लाख लोगों को स्पैम मेल भेजी। जिसमें उसने अपना उत्पाद का विज्ञापन किया है। अब इन एक लाख लोगों में से यदि दस हजार लोगो ने भी उस ईमेल को खोला तो कंपनी का उत्पाद की जानकारी इन दस हजार लोगों में चली गई। इसके अलावा अगर इन दस हजार लोगों में से एक हजार या पाँच सौ लोगों ने भी उस उत्पाद को खरीद लिया तो इससे कंपनी की बिक्री भी हो गई। और यह सब हुआ बिल्कुल फ्री में जबकि अपने उत्पाद को अन्य तरह से विज्ञापन करने पर पैसे लगता है। जिसको स्पैम के माध्यम से बिल्कुल मुफ्त में कर लिया गया। इसी प्रकार अन्य सोशल साइट्स में भी इस टाइम होता है जैसे कई बार व्हाट्सएप पर कुछ अजीब से मैसेज देखे होंगे। जैसे इस लिंक को अपने 10 दोस्तों के साथ शेयर करें और फिर आप आईफोन जीत सकते हैं। इसके अलावा भी कुछ ऐसे ही मैसेज आते हैं इस लिंक को अपने 10 दोस्तों के साथ शेयर करने पर आपको 100 जीबी डाटा मिलेगा आदि। जो कि बिल्कुल झूठ होता है। याद रखें अगली बार यदि ऐसा कोई मैसेज आता है तो आप इस लिंक पर बिल्कुल भी क्लिक ना करें और उस मैसेज को शेयर भी

ना करें। यदि आपको कोई ऐसा मैसेज भेजता है तो आप उसे बताएं स्पैम है। इस प्रकार के मैसेज भेजने से कोई इनाम नहीं पाएगा, तो आगे से वह ऐसा ना करें।

XI. पहचान चुराना (Identity Theft)

यह क्राइम आज के समय में सबसे ज्यादा देखा गया है। यह ज्यादातर उन लोगों को निशाना बनाते हैं जो की अपने वित्तीय ट्रांजैक्शन और बैंकिंग सर्विसेज के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। इस साइबर क्राइम में कोई व्यक्ति गलत उद्देश्य से किसी व्यक्ति का डाटा जैसे कि उसका बैंक अकाउंट नंबर, क्रेडिट या डेबिट कार्ड संबंधित जानकारियां, इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित जानकारी, निजी जानकारियां किसी प्रकार से प्राप्त कर लेते हैं। और यही जानकारी का इस्तेमाल कर उस व्यक्ति का पहचान (आईडेंटिटी) लेकर ऑनलाइन चीजें या सामान खरीदते हैं या अन्य वित्तीय लाभ उठाने या अपराध करने की कोशिश की जाती है।

उदाहरण के लिए एक व्यक्ति के पास एक क्रेडिट कार्ड था जिसे ना तो वे इस्तेमाल कर रहे थे और ना ही उसे बंद कराया था। एक दिन उनके पास बैंक से एक फोन आया। उन्हें बताया गया कि उनका क्रेडिट लिमिट खत्म हो चुका है और बिल भरने की उनकी तारीख पास आ रही है। उस व्यक्ति को समझ आया कि उनका वित्तीय रिकॉर्ड चोरी हुआ और उसका दुरूपयोग किया गया है।

किसी अन्य व्यक्ति की पहचान चुराकर कंप्यूटर नेटवर्क पर कार्य करना इस अपराध श्रेणी में आता है।

- कंप्यूटर नेटवर्क पर स्वयं की पहचान बचा कर स्वयं को दूसरे के नाम से प्रस्तुत करना, उसके नाम पर कोई घपला करना, बेवकूफ बनाना आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध है।
- इसके अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का पासवर्ड का प्रयोग करना।
- डिजिटल सिग्नेचर की नकल करना भी इस अपराध की श्रेणी में आते हैं।
- किसी अन्य के नाम का प्रयोग कर अवांछित लाभ लेना धोखाधड़ी करना भी इस प्रकार के अपराध में आते हैं।

ध्यान रखिए कि इसलिए कंप्यूटर नेटवर्क पर अपने पासवर्ड व्यक्तिगत जानकारियां सार्वजनिक ना करें। ऐसे अपराधों के लिए आईटी एक्ट 2008 सेक्शन 66 सी के अंतर्गत सजा का प्रावधान है।

3.13.3 साइबर अपराध की रोकथाम:

आइए अपने कंप्यूटर सिस्टम में साइबर अपराध को रोकने के कुछ तरीकों पर नज़र डालें:

- जब भी आपके कंप्यूटर सिस्टम, स्मार्ट फोन, टैबलेट आदि के लिए सिस्टम सॉफ्टवेयर के अपडेट मिलते हैं, उसी समय इसे अपडेट करें क्योंकि कभी-कभी पिछले संस्करण पर आसानी से हमला किया जा सकता है। नवीनतम बग और कमजोरियों को पैच करने के लिए अपने ओएस को नवीनतम रखें।
- कभी भी एक से अधिक वेबसाइट पर एक ही पासवर्ड का उपयोग न करें। प्रत्येक खाते के लिए अलग-अलग पासवर्ड और यूजरनेम बनाए और उन्हें लिख कर रखने से बचें। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि पासवर्ड अक्षरों, विशेष वर्णों और संख्याओं को जोड़ कर मजबूत बनाना है। हालांकि छोटा पासवर्ड याद रखना आसान होता है जो आपके जन्मदिन, मध्य नाम या परिवार का नाम पर आधारित हो। परंतु इस प्रकार के पासवर्ड को तोड़ना हैकर के लिए भी आसान होता है। मजबूत पासवर्ड का उपयोग अकाउंट को सुरक्षित रखने में मदद करते है।
- हमेशा मोबाइल और पर्सनल कंप्यूटर में भरोसेमंद और अत्यधिक उन्नत एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करें। यह उपकरणों पर विभिन्न वायरस के हमले की रोकथाम की ओर जाता है। मुफ्त एंटीवायरस/ एंटीमलेवेयर समाधान सहायक हो सकते हैं लेकिन वे अक्सर केवल ट्रायल सॉफ़्टवेयर होते हैं और खतरों से पूर्ण सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं।
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन पोस्ट करने से बचे और संवेदनशील जानकारी जैसे – सिक्योरिटी नंबर और क्रेडिट और डेबिट कार्ड नंबर, ओटीपी को शेयर न करे। किसी भी लिंक पर क्लिक करने या किसी भी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के दौरान सतर्क रहें।
- उन वेबसाइट, ईमेल, फोन कॉल्स या डाउनलोड लिंक से बचने की जरूरत है जो आपकी व्यक्तिगत जानकारी के लिए पूछती है। अपना नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड का

पासवर्ड किसी भी स्थिति में किसी भी ट्रांजैक्शन के लिए उपयोग ना करें। यह सिर्फ आपके नेट बैंकिंग के लिए आपकी बैंक की वेबसाइट पर ही उपयोग किया जाना चाहिए।

- जब भी पेमेंट पेज पर हो, तो अपने ब्राउज़र में लॉक सिंबॉल की तलाश करे। ये संकेत करता है कि साइट आपकी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए एन्क्रिप्शन का उपयोग करती है। साइट के एड्रेस बार मे ये भी देखे की क्या URL “https://” के बजाय कहीं “Http://” से तो start नही है। यहां दोनों में S शब्द का अंतर महत्वपूर्ण है।
- जब भी आप ईमेल चेक कर रहे हो या मैसेंजर पर चैटिंग कर रहे हो तो अनचाहे ईमेल या किसी भी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भेजें गए संदिग्ध लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक करते वक्त सावधान रहे। यह आपको फ़िशिंग हमलों और अवांछित संक्रमणों से सुरक्षित रखेगा।
- ऑनलाइन शॉपिंग करते वक्त भी सावधान रहने की जरूरत है। मैन इन द मिडल अटैक आपको बीच-बीच में होने वाले हमलों और अपने क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन वॉलेट के अपराधों का शिकार होने से बचाने के लिए, पहले यह सुनिश्चित कर लें कि जिस साइट पर आप खरीदारी कर रहे हैं वह HTTPS के साथ सुरक्षित एन्क्रिप्टेड है। यह भी सुनिश्चित करें कि आप किसी प्रसिद्ध साइट पर खरीदारी कर रहे हैं।
- फ़ायरवॉल का उपयोग करे। ये एक नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है, जो कंप्यूटर/ नेटवर्क और इंटरनेट के बीच ट्रैफिक की निगरानी करता है। जब भी कोई आपके किसी खुले पोर्ट पर खराब पैकेट भेज कर घुसने की कोशिश करता है, तो सिस्टम फ़ायरवॉल डिजिटल अवरोधक के रूप में घुसपैठियों को रोकता है।
- किसी भी ऐसी ऑनलाइन स्कीम जिसमें आपके पैसे जीतने, दुगने करने या घर बैठे लाखों कमाने की बात की गई हो उसमे बिल्कुल भी विश्वास न करे।
- महत्वपूर्ण डाटा की बैकअप कॉपी रखें।
- अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीकों की खोज करते हैं अतः हमेशा साइबर अपराध के प्रति सचेत, सजग, सावधान रहे।

ऑनलाइन पाठ्य सामग्री

2DCA1

IT TRENDS

इकाई - चार

डॉ सुनीता द्विवेदी

विभागाध्यक्ष, न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग

प्रशांत पाराशर

ट्यूटर , प्रबंधन विभाग

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

बी -38,विकास भवन ,एम पी नगर,जोन-1,भोपाल

इकाई -4

जब दो या दो से अधिक कंप्यूटिंग डिवाइसेज एक दूसरे के साथ डेटा या संसाधन साझा करते हैं, तो उसे कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है । यह कंप्यूटिंग डिवाइस कंप्यूटर ,लैपटॉप ,स्मार्टफोन टेबलेट डिवाइसेज या अन्य कोई भी कंप्यूटिंग डिवाइस हो सकती है। कंप्यूटर नेटवर्क बनाने के लिए विशिष्ट हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों ही आवश्यक होते हैं, जो नेटवर्क सिस्टम बनाने में सहयोग करें।

कंप्यूटर नेटवर्क के लिए कंप्यूटिंग डिवाइसेज एक दूसरे से जुड़ने के लिए माध्यम का उपयोग करती हैं । यह माध्यम वायर्ड **(wired)** या वायरलेस **(wireless)** हो सकता है । वायर्ड नेटवर्क में कंप्यूटिंग डिवाइस किसी केबल के द्वारा आपस में जुड़कर साझेदारी करती है, वायरलेस नेटवर्क के लिए कंप्यूटिंग डिवाइस किसी केबल द्वारा नहीं जुड़ती ।

वायरलेस नेटवर्क डिवाइस को जोड़ने के लिए रेडियो वेव्स का उपयोग करती है । मुख्य वायरलेस नेटवर्क निम्न प्रकार के होते हैं :

1. वॉयरलैस लोकल एरिया नेटवर्क **(LAN)** - इसमें दो या दो से अधिक डिवाइस को वायरलेस वितरण प्रणाली द्वारा जोड़ा जाता है, जिनमें एक एक्सेस प्वाइंट किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा होता है ।
2. वायरलेस मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क **(MAN)**- यह कई वायरलेस **(LAN)** को आपस में जोड़ता है ।
3. वायरलेस वाइड एरिया नेटवर्क **(WAN)** - यह एक बड़े क्षेत्र को वायरलेस वितरण प्रणाली से जोड़ता है ।
4. वायरलेस पर्सनल एरिया नेटवर्क**(PAN)** - छोटी दूरी का वायरलेस नेटवर्क है, जो पोर्टेबल और मोबाइल कंप्यूटर को जोड़ता है, इसके लिए इंटरनेट की आवश्यकता नहीं होती ।

   ब्लूटूथ इसका एक उदाहरण है ।।

4.1 वायरलेस लैन का परिचय

वायरलेस LAN (WLAN) एक वायरलेस कंप्यूटर नेटवर्क है, जो घर, स्कूल, कंप्यूटर प्रयोगशाला, परिसर, या कार्यालय भवन जैसे सीमित क्षेत्र के भीतर लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) बनाने

के लिए वायरलेस संचार का उपयोग करते हुए दो या अधिक उपकरणों को जोड़ता है। मोबाइल, लैपटॉप या टैबलेट कंप्यूटर ,इंटरनेट ऑडियो सिस्टम, गेमिंग कंसोल या इंटरनेट द्वारा चलने वाले घरेलू उपकरण इसके द्वारा जोड़े जा सकते हैं । WLAN कनेक्शन रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर जो इन डिवाइसेज उपलब्ध होता है, अथवा एंटीना की सहायता से जुड़कर रेडियो वेब द्वारा कम्युनिकेशन करते हैं ।यह उपयोगकर्ताओं को सीमित क्षेत्र के भीतर रहते हुए नेटवर्क से जुड़े रहने की क्षमता देता है। एक गेटवे के माध्यम से, एक WLAN भी व्यापक इंटरनेट के लिए एक कनेक्शन प्रदान कर सकता है।

IEEE 802.11 स्टैंडर्ड्स का समूह वायरलेस LAN के लिए तकनीकों को परिभाषित करता है। पथ साझा करने के लिए, 802.11 मानक ईथरनेट प्रोटोकॉल और CSMA / CA (carrier sense multiple access with collision avoidance) का उपयोग करता है। यह एक एन्क्रिप्शन विधि यानी वायर्ड समतुल्य प्राइवेसी एल्गोरिथ्म का भी उपयोग करता है।



Wireless LAN

वायरलेस LAN छोटे क्षेत्रों जैसे भवन या कार्यालय में उच्च गति डेटा संचार प्रदान करते हैं। WLAN उपयोगकर्ताओं को एक सीमित क्षेत्र में रहते हुए नेटवर्क से जुड़े रहने की सुविधा प्रदान करता है ।कुछ स्थानों पर वायरलेस लैन तकनीक का उपयोग केबल बिछाने पर लगने वाले व्यय को बचाने के लिए भी किया जाता है, जबकि अन्य मामलों में, यह जनता के लिए उच्च गति इंटरनेट की सुविधा प्रदान करने का एकमात्र विकल्प है। वायरलेस सोलूशन्स का उपयोग आजकल हर जगह बहुतायत में किया जा रहा है ।

4.1.1. WLAN के लाभ

- **लचीलापन** - रेडियो कवरेज की सीमा में , नोड्स बिना किसी रुकावट के संवाद कर सकते हैं। रेडियो तरंगें दीवारों में प्रवेश कर सकती हैं, सेन्डर और रिसीवर किसी भी स्थान में हो सकते है, लेकिन संचार में किसी भी प्रकार व्यवधान उत्पन्न नहीं होता है ।
- **प्लानिंग** - किसी भी वायर्ड नेटवर्क को वायरिंग प्लान की आवश्यकता होती है, पर वायरलेस एड-हॉक नेटवर्क में किसी प्लानिंग की आवश्कता नहीं होती है ।
- **डिजाइन**- वायरलेस नेटवर्क में उपयोग किए जाने वाली डिवाइस एक निर्धारित परिधि में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है, इसलिए वायरलेस नेटवर्क स्वतंत्र, छोटे उपकरणों को डिजाइन करने की अनुमति देते हैं, जो आसानी से जेब में रखा जा सकता है। केबल्स से संचालित उपकरण उपयोगकर्ताओं को पोर्टेबल इक्विपमेंट उपयोग करने की सुविधा नहीं देते है।
- **स्थायित्व -** इसमें कोई योजनाबद्ध केबलिंग नहीं की होती, अतः वायरलेस नेटवर्क प्राकृतिक आपदाओं के समय नेटवर्क को स्थायित्व प्रदान करते है , जैसे, भूकंप, बाढ़ आदि, जबकि वायर्ड नेटवर्क आमतौर पर आपदाओं के समय पूरी तरह से टूट जाता है ।
- **लागत** - एक वायरलेस लैन को स्थापित करने और बनाए रखने की लागत पारंपरिक वायर्ड लैन को स्थापित करने और बनाए रखने की लागत से औसतन कम है। पहले उपयोगकर्ता को एक एक्सेस प्वाइंट के माध्यम से वायरलेस नेटवर्क से वायरलेस एक्सेस प्रदान करने के बाद , अतिरिक्त उपयोगकर्ताओं को एक नेटवर्क में जोड़ने से लागत में वृद्धि नहीं होती है और वायरलेस लैन केबल बिछाने की प्रत्यक्ष लागत और इसे स्थापित करने और मरम्मत करने से जुड़े श्रम को कम करता है।
- **उपयोग में आसानी** - वायरलेस लैन का उपयोग करना आसान है और उपयोगकर्ताओं को WLAN का लाभ उठाने के लिए किसी तकनीकी समझ की आवश्यकता बहुत कम या नहीं होती।

4.1.2 WLAN की सीमाएं

- **सेवाओं की गुणवत्ता** - वायरलेस लैन की गुणवत्ता आमतौर पर वायर्ड नेटवर्क से कम होती है। इसका मुख्य कारण रेडियो प्रसारण की सीमाओं के कारण कम बैंडविड्थ का मिलना, व्यवधान के कारण उच्च त्रुटि दर, व्यापक एरर करेक्शन और डिटेक्शन मैकेनिज्म के कारण देरी है। लेकिन इसकी गुणवत्ता में तेजी से बदलाव आ रहे हैं और तकनीक बेहतर हो रही है ।
- **प्रोप्राइटरी सॉल्युशन्स** - धीमी मानकीकरण प्रक्रियाओं के कारण, कई कंपनियाँ प्रोप्राइटरी सॉल्युशन्स लेकर आई हैं, जो मानकीकरण की कार्यक्षमता और कई बढ़ी हुई सुविधाओं की पेशकश करती हैं। अधिकांश घटक आज बुनियादी मानकों IEEE 802.11a या 802.11b का पालन करते हैं।
- **प्रतिबंध**- कई सरकारी और गैर-सरकारी विश्वव्यापी संस्थाएँ गोपनीयता बनाए रखने के लिए और हस्तक्षेप को कम करने के लिए फ्रीक्वेंसी को प्रतिबंधित करती हैं।यहां वायरलेस नेटवर्क का उपयोग नहीं किया जा सकता।
- **वैश्विक संचालन**- वायरलेस लैन उत्पादों को सभी देशों में भेजा जाता है, इसलिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फ्रीक्वेंसी नियमों पर विचार करना होता है ।
- **लो पावर** - वायरलेस लैन के माध्यम से संचार करने वाले उपकरण आमतौर पर बिजली की खपत करते हैं और बैटरी पावर पर चलने वाले वायरलेस डिवाइस भी लैन डिजाइन को इसे ध्यान में रखना चाहिए और विशेष बिजली बचत मोड और बिजली प्रबंधन कार्यों को लागू करना चाहिए।
- **रोबस्ट ट्रांसमिशन तकनीक** - यदि वायरलेस लैन रेडियो ट्रांसमिशन का उपयोग करता है, तो कई अन्य विद्युत उपकरण उनके साथ व्यवधान उत्पन्न करते हैं (जैसे वैक्यूम क्लीनर, ट्रेन इंजन, हेयर ड्रायर, आदि) । वायरलेस LAN ट्रान्सइवर्स को सही ट्रांसमिशन का स्वरुप नहीं माना जा सकता है।

4.2 ब्लूटूथ (Bluetooth)

ब्लूटूथ का उपयोग आजकल बहुत ज्यादा हो रहा है । स्मार्टफोन,लैपटॉप से ब्लूटूथ द्वारा डाटा ट्रांसफर कर स्पीकर, गाड़ी के म्यूजिक सिस्टम और ब्लूटूथ ईयर प्लग का उपयोग सामान्यतः सभी कर रहे हैं ।

ब्लूटूथ एक वायरलेस टेक्नोलॉजी मानक है, जिसका उपयोग औद्योगिक, वैज्ञानिक और चिकित्सा रेडियो बैंडों में शॉर्ट-वेवलेंथ यूएचएफ रेडियो तरंगों का उपयोग करते हुए कम दूरी पर फिक्स्ड उपकरणो और मोबाइल उपकरणों के बीच डेटा के आदान-प्रदान के लिए किया जाता है। ब्लूटूथ को ब्लूटूथ स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप (SIG) द्वारा प्रबंधित किया जाता है, SIG अन्य दूरसंचार, कंप्यूटिंग, नेटवर्किंग और कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में काम करती है ।

ब्लूटूथ

ब्लूटूथ वायरलेस संचार स्टैण्डर्ड है, जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को एक दूसरे से जुड़ने और बातचीत करने की सुविधा प्रदान करता है। यह स्मार्टफोन, लाउडस्पीकर, लैपटॉप और बहुत से गैजेट्स में पाया जा जाता है। ब्लूटूथ वाई-फाई, या मोबाइल डेटा या सेल नेटवर्क पर निर्भर नहीं करता है, जब तक डिवाइस ब्लूटूथ कम्पेटिबल होते हैं और एक दूसरे के करीब होते है, तब डिवाइस वायरलेस, टू-वे संचार आपस में कर सकते हैं।

ब्लूटूथ शार्ट रेंज पर वायरलेस नेटवर्किंग के माध्यम से लचीले ढंग से काम करता है। अनिवार्य रूप से ब्लूटूथ रिसीवर से लैस एक ब्लूटूथ-सक्षम डिवाइस निकटतम सात ब्लूटूथ डिवाइसों के साथ लिंक और संचार कर सकता है ।

ब्लूटूथ का सबसे आम उपयोग अपने स्मार्टफोन को वायरलेस स्पीकर या हेडफ़ोन से कनेक्ट करना है। हेडफ़ोन के लिए इसका लाभ यह है कि आपको केबल या तारों के कारण कनेक्शन टूटने की समस्या नहीं रहती है और इसी कारण ब्लूटूथ विशेष रूप से स्पोर्ट्स हेडफ़ोन के लिए उपयोगी है।

4.2.1 ब्लूटूथ आर्किटेक्चर

ब्लूटूथ आर्किटेक्चर दो प्रकार के नेटवर्क को परिभाषित करता है-

- पिकोनेट
- स्कैटरनेट

I. पिकोनेट

पिकोनेट एक ब्लूटूथ नेटवर्क है जिसमें एक प्राइमरी (मास्टर) नोड और सात सक्रिय सैकण्डरी (स्लेव) नोड होते हैं, जो मास्टर/ स्लेव पद्धति पर काम करता है। इस मॉडल में एक मास्टर डिवाइस सात अन्य स्लेव डिवाइस से जुड़ी होती हैं। आपस में कम्युनिकेशन के लिए मास्टर डिवाइस समन्वयक के रूप में काम करती है। सभी डिवाइस आपस में संवाद करने के लिए मास्टर डिवाइस को सूचना देती और प्राप्त करती हैं।



इस प्रकार, पिकोनेट में 10 मीटर की दूरी के भीतर अधिकतम आठ सक्रिय नोड्स (1 मास्टर और 7 स्लेव) या स्टेशन हो सकते हैं। प्रत्येक पिकोनेट में केवल एक ही प्राइमरी या मास्टर स्टेशन हो सकता है। प्राइमरी और सैकण्डरी के बीच संचार एक-से-

एक या एक-से-कई हो सकता है। सभी संचार मास्टर और एक स्लेव के बीच में होते है। एक स्लेव का दूसरे स्लेव के साथ संचार संभव नहीं है।

II. **स्कैटरनेट**

आपस में जुड़े हुए एक से अधिक पिकोनेट मिलकर स्कैटर नेट का निर्माण करते हैं। स्कैटर नेट के जरिए आठ से अधिक डिवाइस आपस में संचार कर पाते हैं। स्कैटर नेट में एक पिको नेट का कोई भी मेंबर वह मास्टर या स्लेव हो दूसरे को नेट में स्लेव की तरह काम करने के लिए चुना जाता है । डिवाइस जो दोनों पिकोनेट में काम कर रहे इन नेटवर्क के बीच डाटा भेजने और प्राप्त करने के लिए उपयोग होता है। इस पद्धति का वास्तविक उपयोग बहुत ही कम हो रहा है।

एक पिकोनेट में एक स्लेव दूसरे पिकोनेट में एक मास्टर या प्राइमरी के रूप में कार्य कर सकता है। इस तरह के स्टेशन या नोड पहले पिकोनेट में मास्टर से मैसेज प्राप्त कर सकते हैं और दूसरे पिकोनेट में अपने स्लेव को मैसेज भेज सकते है, जहाँ यह मास्टर के रूप में कार्य करते है। इस नोड को ब्रिज स्लेव कहा जाता है। इस प्रकार एक स्टेशन/ डिवाइस दो पिकोनेट के सदस्य हो सकते है। एक स्टेशन दो पिकोनेट के मास्टर नहीं हो सकते है।

4.2.2 ब्लूटूथ के लाभ:

- ब्लूटूथ को इंस्टॉल करने में लागत काम आती है । सामान्यतः इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ब्लूटूथ इनबिल्ट फीचर के साथ उपलब्ध है।
- ब्लूटूथ प्रयोग करने में आसान है । ब्लूटूथ कनेक्टिविटी इंटरनेट के बिना भी हो सकती है।
- ब्लूटूथ की वेव्स अपनी सीमित रेंज में दीवारों के माध्यम से आर पार हो सकती है।
- ब्लूटूथ बिना किसी तार के तुरंत एडहॉक कनेक्शन बना सकता है ।
- ब्लूटूथ का उपयोग आवाज और डेटा ट्रांसफर के लिए किया जाता है।

4.2.3 ब्लूटूथ की सीमाएं:

- ब्लूटूथ को हैक किया जा सकता है और इसी कारण से यह कम सुरक्षित है।
- ब्लूटूथ में 3 एमबीपीएस के आसपास धीमा डेटा ट्रांसफर रेट है।
- ब्लूटूथ की रेंज छोटी है, जो 10 मीटर के करीब है ।

4.3 वाई-फाई (Wi-Fi)

आपने अनुभव किया होगा रेलवे स्टेशन, रेस्टोरेंट्स या शॉपिंग मॉल जैसे पब्लिक स्थानों पर अगर आपका इंटरनेट बंद भी हो, आपका मोबाइल इंटरनेट की उपलब्धता बताता है, यह संभव होता है ऐसे स्थानों पर अगर मुफ्त WiFi सेवा उपलब्ध हो । WiFi द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी वायरलेस राउटर से मिलती है । जब आप इस वायरलेस राउटर से जुड़ते हैं, वाईफाई उपयोग कर सकने वाली डिवाइस जैसे मोबाइल, लैपटॉप आदि इंटरनेट कनेक्टिविटी प्राप्त करते है।

वाई-फाई एक वायरलेस नेटवर्किंग तकनीक है, जो कंप्यूटर, स्मार्ट फोन और अन्य उपकरणों जैसे प्रिंटर और वीडियो कैमरा को रेडियो वेव्स के उपयोग से तेज गति का इंटरनेट और नेटवर्क के साथ इंटरफेस करने की अनुमति देता है। यह इन उपकरणों को एक दूसरे के साथ सूचना का आदान-प्रदान करने की अनुमति देता है और इस तरह एक नेटवर्क स्थापित करता है । इंटरनेट कनेक्टिविटी वायरलेस राउटर के माध्यम से होती है। जब आप वाई-फाई का उपयोग करते हैं, तो आप एक वायरलेस राउटर से कनेक्ट होते हैं, जो आपके वाई-फाई-कम्पेटिबल उपकरणों को इंटरनेट के साथ इंटरफेस करने की अनुमति देता है। WiFi राउटर घर पर या कार्यालय पर लगा देने से एक निश्चित क्षेत्र में सभी डिवाइस जो इसके उपयोग करने में सक्षम हो एक ही नेटवर्क से इंटरनेट उपयोग कर सकते हैं । अर्थात अगर घर में 5 स्मार्टफोन है तो वे सभी एक ही राउटर से कनेक्ट होकर एक ही समय में इंटरनेट सुविधा का

उपयोग कर पाते हैं। सीमित और सुरक्षित उपयोग के लिए डिवाइस को कनेक्ट करने के लिए सुरक्षा नियमों जैसे पासवर्ड द्वारा कनेक्टिविटी की जाती है । **WIFI** का लाभ है इनका आसान सेटअप, दक्षता और कम खर्चीला होना ।

4.3.1 वाई-फाई कैसे काम करता है ?

किसी कंप्यूटर का वायरलेस एडॉप्टर, डाटा को रेडियो सिग्नल में बदलता है और एंटीना के माध्यम से भेजता है । वायरलेस राउटर सिग्नल को प्राप्त करके डी कोड करता है। राउटर इस सूचना को वायर्ड इथरनेट कनेक्शन के माध्यम से इंटरनेट पर भेजता है, यह प्रक्रिया इसके उलट भी हो सकती है, जहां राउटर इंटरनेट से सूचना प्राप्त करता है, उसे रेडियो सिग्नल में परिवर्तित करता है और कंप्यूटर के वायरलेस एडॉप्टर को भेजता है ।

तकनीकी तौर पर मानक IEEE 802.11 उन प्रोटोकॉल को परिभाषित करता है, जो वर्तमान वाई-फाई-सक्षम वायरलेस उपकरणों के साथ संचार करते हैं, जिसमें वायरलेस राउटर और वायरलेस एक्सेस पॉइंट शामिल हैं। वायरलेस एक्सेस पॉइंट विभिन्न IEEE मानक का समर्थन करते हैं। यह स्टैण्डर्ड अलग-अलग फ्रीक्वेंसीज़ पर संचालित होते हैं, विभिन्न बैंडविड्थ प्रदान करते हैं, और विभिन्न चैनलों की संख्या का समर्थन करते हैं।

4.3.2 वायरलेस एक्सेस पॉइंट

एक वायरलेस एक्सेस प्वाइंट (एपी) वायरलेस डिवाइस को वायरलेस नेटवर्क से कनेक्ट करने की अनुमति देता है। वायरलेस नेटवर्क नए उपकरणों को ऑनलाइन लाना आसान बनाता है और मोबाइल यूजर के कार्य को भी आसानी प्रदान करता है।

आपके नेटवर्क के लिए एक वायरलेस एक्सेस पॉइंट का काम लगभग आपके होम स्टीरियो के लिए एम्पलीफायर के समान है। एक एक्सेस प्वाइंट एक राउटर से आने वाले बैंडविड्थ को लेता है और इसे फैलाता (स्ट्रेच करता) है ताकि कई डिवाइस जो दूरस्थ स्थान पर है, वो भी नेटवर्क का लाभ ले सके। लेकिन एक वायरलेस एक्सेस प्वाइंट केवल वाई-फाई का विस्तार करता है और यह नेटवर्क पर उपकरणों के बारे में उपयोगी डेटा भी देता है, सक्रिय सुरक्षा प्रदान करता है और कई अन्य व्यावहारिक उद्देश्यों की पूर्ति करता है।

4.3.3 वायरलेस राउटर

वायरलेस राउटर आमतौर पर घरों में पाए जाते हैं। वे हार्डवेयर डिवाइस हैं, जिनका उपयोग इंटरनेट सेवा प्रदाता आपको अपने केबल या xDSL इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ने के लिए करते हैं। एक वायरलेस राउटर को कभी-कभी एक वायरलेस लोकल एरिया नेटवर्क (WLAN) डिवाइस के रूप में जाना जाता है। वायरलेस नेटवर्क को वाई-फाई नेटवर्क भी कहा जाता है। एक वायरलेस राउटर एक वायरलेस एक्सेस प्वाइंट और एक राउटर के नेटवर्किंग कार्यों को जोड़ता है।

4.3.4 डेस्कटॉप वाई-फाई राउटर

उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट से वायरलेस तरीके से कनेक्ट करने का सबसे सामान्य तरीका एक डेस्कटॉप वायरलेस (वाई-फाई) राउटर है। ये राउटर कई छोटे एंटेना वाले छोटे बक्से की तरह दिखते हैं, जो घर या कार्यस्थल पर सिग्नल प्रसारित करने में मदद करते हैं। उपयोगकर्ता जितना दूर वाई-फाई राउटर से होता है, सिग्नल उतना ही कमजोर होता है। इसलिए कई वायरलेस राउटर, जिन्हें रेंज एक्सटेंडर कहा जाता है, आमतौर पर पूरे कार्यक्षेत्र में रखे जाते हैं। वाई-फाई रेंज एक्सटेंडर की व्यूह-रचना इस प्रकार की जाती है जिससे वह इंटरनेट कवरेज का विस्तार करता है।

4.3.5 मोबाइल हॉटस्पॉट

एक मोबाइल हॉटस्पॉट, दोनों टीथर्ड और अनटीथर्ड कनेक्शन वाले स्मार्टफ़ोन पर एक सामान्य सुविधा है। जब आप अपने फ़ोन के मोबाइल हॉटस्पॉट को चालू करते हैं, तो आप अपने वायरलेस नेटवर्क कनेक्शन को अन्य उपकरणों के साथ साझा करते हैं, जो इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। WiFi हॉटस्पॉट ऐसा क्षेत्र जहां वायरलेस नेटवर्क उपलब्ध हो, यह कोई पब्लिक स्थान हो सकता है, जैसे होटल, रेलवे स्टेशन । यह मुफ्त या कीमत लेकर दिए जाते हैं । लेकिन हर स्थिति में यह उपयोग करने में आसान होते हैं । आप अपने मोबाइल से भी हॉटस्पॉट बना सकते हैं, जिसके द्वारा कोई अन्य मोबाइल या डिवाइस जैसे लैपटॉप इस हॉटस्पॉट की मदद से इंटरनेट की सुविधा को उपयोग कर पाते हैं । आप किसी भी तरह के वाईफाई हॉटस्पॉट को उपयोग करना चाहते हैं उसके लिए आवश्यक है कि आपकी डिवाइस जैसे कंप्यूटर, टैबलेट या मोबाइल में यह सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए । सामान्यतः सभी इंटरनेट इनेबल्ड मोबाइल और लैपटॉप मे यह सुविधा पहले से ही उपलब्ध है, कि वे हॉटस्पॉट का उपयोग कर सकें और अपनी डिवाइस को हॉटस्पॉट उपयोग के लिए राउटर के तौर पर भी उपयोग कर सकें । आपके कंप्यूटर पर

अगर यह सुविधा नहीं है तो अलग से वायरलेस एडॉप्टर लेकर यूएसबी पोर्ट में लगाकर वाईफाई सुविधा का उपयोग किया जा सकता है ।

4.4 **वाईमैक्स (Wimax - Worldwide Interoperability for Microwave Access)**

वाईमैक्स एक विस्तृत क्षेत्र में **IP** केंद्रीय सेवाओं के वितरण के लिए उपयोग किए जाने वाली वायरलेस तकनीक है । यह वायरलेस **MAN** तकनीक पर आधारित है । यह वर्तमान में सबसे ज्यादा उपयोग की जाने वाली ब्रॉडबैंड वायरलेस तकनीक है इसके माध्यम से ब्रॉडबैंड सेवाओं की पहुँच घरेलू और व्यवसायिक उपयोगकर्ता तक बहुत कम खर्च पर पहुँचाई जा सकती है ।

वाईमैक्स एक वाइड एरिया पर उच्च गति डेटा प्रदान करने वाले IEE 802.16 स्टैण्डर्ड पर आधारित है। वाईमैक्स का मतलब माइक्रोवेव एक्सेस के लिए वर्ल्डवाइड इंटरऑपरेबिलिटी है। वाईमैक्स प्रौद्योगिकी कई बिंदुओं के माध्यम से पोर्टेबल या पूर्ण रूप से मोबाइल इंटरनेट एक्सेस के माध्यम से वायरलेस डेटा के प्रसारण की सुविधा प्रदान करती है। वाईमैक्स प्रौद्योगिकी लगभग 72 मेगा बिट्स प्रति सेकंड बिना किसी केबल इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता के प्रदान करती है।



वाईमैक्स

वाईमैक्स तकनीक विकसित राष्ट्रों के उपयोगकर्ताओं की विविध प्रकार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वाईमैक्स तकनीक एक नया उच्च गति डेटा नेटवर्क स्थापित करने में मदद करता हैं, जबकि एक वायर्ड नेटवर्क स्थापित करने में होने वाली आवश्यक लागत और समय की बचत भी करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दूरी के कारण वायर्ड नेटवर्क स्थापित करने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और स्थापित करने में लागत भी बहुत अधिक आती है, ऐसे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से वाईमैक्स ब्रॉडबैंड प्रदान करना और ग्रामीणों का जीवन आसान बनाना बहुत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त इसका उपयोग मोबाइल एप्लिकेशन के लिए किया जा रहा है, जिससे उपयोगकर्ताओं को उच्च गति डेटा प्रदान किया जा रहा है।

वाईमैक्स तकनीक के लिए जो स्टैण्डर्ड निर्धारित किये गए है, वही स्टैण्डर्ड वायरलेस मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क (WMANs) के लिए भी निर्धारित किये गए है, जिसे IEEE802 के समूह संख्या 16 द्वारा विकसित किया गया है और इसे पॉइंट-टू-मल्टीपॉइंट ब्रॉडबैंड वायरलेस एक्सेस में विशेषज्ञता है। प्रारंभ में 802.16a को विकसित और लॉन्च किया गया था, लेकिन अब इसमें और सुधार किया गया है। 802.16d को फिक्स्ड ऍप्लिकेशन्स के उद्देश्य के लिए 802.16a स्टैण्डर्ड के सुधरे हुए संस्करण के रूप में जारी किया गया था। स्टैण्डर्ड का एक और संस्करण, 802.16e भी रोमिंग और मोबाइल मार्केट के लिए जारी किया गया था।

4.5 मोबाइल प्रौद्योगिकी के जनरेशन्स

जब आप इंटरनेट का उपयोग करते हैं, उसकी गति सिग्नल की शक्ति पर निर्भर होती है, यह शक्ति **2G ,3G ,4G .....** के रूप में डिवाइस के होमस्क्रीन पर दिखती भी है, जहाँ सिग्नल दिखता है। हर **G** से अर्थ है, **Generation** यानि वह नेटवर्क मानक जिन पर नेटवर्क काम कर रहा है। नेटवर्क तकनीक में बदलाव और नेटवर्क गति दोनों ही साथ साथ बढ़ती जा रही है। उदहारण **1G ,2.4 kbps** की स्पीड देता था, **2G** की गति **64 Kbps** और यह **G S M** तकनीक पर आधारित है। **3G 144 kbps-2 mbps** की गति और **4G 100 Mbps - 1 Gbps** गति के साथ **LTE** तकनीक का उपयोग करता है ।

वायरलेस संचार का उद्देश्य वायर्ड संचार (ऑप्टिकल फाइबर) की तरह उच्च गुणवत्ता, विश्वसनीय संचार प्रदान करना है और सेवाओं की प्रत्येक नई पीढ़ी उस दिशा में एक बड़ा कदम (एक छलांग) का प्रतिनिधित्व करती है। यह विकास यात्रा 1979 में 1G से शुरू की गई थी और यह अभी भी 5G तक जारी है। प्रत्येक जनरेशन के मानक हैं, जो आधिकारिक तौर पर 'G ' शब्दावली का उपयोग कर रहे है । मोबाइल प्रौद्योगिकी के प्रत्येक जनरेशन के मानकीकरण के लिए संस्थान हैं। प्रत्येक जनरेशन की आवश्यकताएं हैं, जो थ्रूपुट, डिले आदि चीजों को निर्दिष्ट करती हैं, जिन्हें उस जनरेशन का हिस्सा माना जाना चाहिए। प्रत्येक जनरेशन ने अनुसंधान और विकास पर कार्य किया जो पिछली जनरेशन में हुए कार्य को आगे बढ़ाया है।

4.5.1 1 जी - पहली जनरेशन (1G)

यह सेल फोन तकनीक की पहली जनरेशन थी। 70 के दशक के अंत में कमर्शियल सेलुलर नेटवर्क की पहली जनरेशन को 80 के दशक में पूरी तरह से कार्यान्वित स्टैंडर्ड्स के साथ पेश किया गया था। इसे 1987 में टेलीकॉम (टेलस्ट्रा के नाम से जाना जाता है) द्वारा पेश किया गया था, ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला सेलुलर मोबाइल फोन नेटवर्क प्राप्त किया जिसमें 1G एनालॉग सिस्टम का उपयोग किया गया था । 1G एक एनालॉग तकनीक थी और फोन में आम तौर पर खराब बैटरी लाइफ होती थी और बिना सिक्योरिटी के आवाज की गुणवत्ता में आवाज़ बहुत अधिक थी और कभी-कभी ड्रॉप कॉल का अनुभव होता था । ये एनालॉग दूरसंचार स्टैण्डर्ड था जो 1980 के दशक में पेश किया गया था और तब तक जारी रहा, जब तक 2 जी डिजिटल दूरसंचार द्वारा प्रतिस्थापित नहीं कर दिया गया । 1G की अधिकतम गति 2.4 Kbps थी।

4.5.2 2 जी - सेकंड जनरेशन (2G)

1G से 2G पर जाने पर सेल फोन को अपना पहला बड़ा अपग्रेड मिला। दो मोबाइल टेलीफोन सिस्टम (1G और 2G) के बीच मुख्य अंतर यह है कि 1G नेटवर्क द्वारा उपयोग किए जाने वाले रेडियो सिग्नल एनालॉग हैं, जबकि 2G नेटवर्क डिजिटल हैं। इस जनरेशन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और विश्वसनीय संचार चैनल प्रदान करना था। इसने

सीडीएमए और जीएसएम की अवधारणा को लागू किया। एस.एम.एस. और एम.एम.एस जैसी छोटी डेटा सेवा प्रदान की। दूसरी जनरेशन के 2 जी सेलुलर दूरसंचार नेटवर्क को 1991 में रेडिओलिंजा (अब एलिसा ओयज का हिस्सा) द्वारा फिनलैंड में जीएसएम स्टैण्डर्ड पर व्यावसायिक रूप से लॉन्च किया गया था। मल्टीप्लेक्सिंग के माध्यम से एक चैनल पर कई उपयोगकर्ताओं को अनुमति देकर 2G क्षमताएं हासिल की जाती हैं।

2 जी के दौरान सेलुलर फोन का इस्तेमाल आवाज के साथ-साथ डेटा के लिए भी किया जाता है। प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण 1G से 2G तक कई मूलभूत सेवाओं की शुरुआत की, जिनका हम आज भी उपयोग करते हैं, जैसे एस.एम.एस, इंटरनल रोमिंग, कॉन्फ्रेंस कॉल, कॉल होल्ड और प्रदान की गई सेवाओं के आधार पर बिलिंग , उदाहरण के लिए लंबी दूरी की कॉल और रियल टाइम बिलिंग के आधार पर शुल्क। जनरल पैकेट रेडियो सर्विस (GPRS) के साथ 2G की अधिकतम गति 50 केबीपीएस या 1 एमबीपीएस है, जो जीएसएम विकास (EDGE) के लिए बढ़ी हुई डेटा दरों के साथ है।

4.5.3 3 जी - थर्ड जनरेशन (3G)

थर्ड जनरेशन ने अधिकांश वायरलेस तकनीक के स्टैंडर्ड्स को निर्धारित किया है, जिसे हम जानते हैं । तीसरी जनरेशन में वेब ब्राउजिंग, ईमेल, वीडियो डाउनलोडिंग, पिक्चर शेयरिंग और अन्य स्मार्टफोन तकनीक को शुरू किया गया। 2001 में व्यावसायिक रूप से पेश किए गए, तीसरी जनरेशन के मोबाइल संचार के लिए निर्धारित लक्ष्यों में अच्छी आवाज की गुणवत्ता और डेटा क्षमता, ऍप्लिकेशन्स की एक विस्तृत श्रृंखला की सुविधा, और कम लागत पर डेटा ट्रांसमिशन में वृद्धि करना था।

3 जी स्टैण्डर्ड यूएमटीएस (यूनिवर्सल मोबाइल टेलीकम्युनिकेशन्स सिस्टम) नामक एक नई तकनीक का उपयोग अपने मूल नेटवर्क आर्किटेक्चर के रूप में करता है। यह नेटवर्क कुछ नई तकनीक और प्रोटोकॉल के साथ 2G नेटवर्क के पहलुओं को मिश्रित करता है, ताकि एक अधिक तेज़ डेटा रेट प्रदान की जा सके। मोबाइल उपकरणों और मोबाइल दूरसंचार उपयोग सेवाओं और नेटवर्क के लिए उपयोग किए जाने वाले स्टैण्डर्ड के एक सेट के आधार पर जो अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल दूरसंचार - 2000 (IMT-2000) विनिर्देशों का अनुपालन करते हैं। IMT-2000 द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं में से एक यह था कि इसे 3 जी सेवा के रूप में मान्यता देने के लिए

गति कम से कम 200 Kbps होनी चाहिए। 3G में मल्टीमीडिया सेवाओं की सुविधा है और साथ ही स्ट्रीमिंग अधिक लोकप्रिय हैं। 3 जी में, विभिन्न डिवाइस प्रकारों में यूनिवर्सल एक्सेस और पोर्टेबिलिटी संभव है (टेलीफोन, पीडीए, आदि)। 3 जी ने फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम की दक्षता में सुधार किया है ,जिससे एक कॉल के दौरान ऑडियो को कैसे कंप्रेस किया जाता है, इसलिए एक ही फ्रीक्वेंसी रेंज में एक साथ अधिक कॉल हो सकते हैं। एक 3 जी फोन 4 जी नेटवर्क के माध्यम से संचार नहीं कर सकता है, लेकिन नई जनरेशन के फोन व्यावहारिक रूप से हमेशा बैकवर्ड कम्पैटिबिलिटी के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं, इसलिए एक 4 जी फोन 3 जी या 2 जी नेटवर्क के माध्यम से भी संचार कर सकता है।

4.5.4 4 जी - फोर्थ जनरेशन (4G)

3 जी की तुलना में 4 जी एक बहुत ही अलग तकनीक है और पिछले 10 वर्षों में प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण इसे व्यावहारिक रूप से संभव बनाया गया था।

इसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को सुरक्षा में सुधार करते हुए उच्च गति, उच्च गुणवत्ता और उच्च क्षमता प्रदान करना है और आईपी से वॉयस और डेटा सेवाओं, मल्टीमीडिया और इंटरनेट की लागत को कम करना है। संभावित और वर्तमान ऍप्लिकेशन्स में संशोधित मोबाइल वेब एक्सेस, आईपी टेलीफोनी, गेमिंग सेवाएं, हाई डेफिनीशन मोबाइल टीवी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, 3 डी टेलीविजन और क्लाउड कंप्यूटिंग शामिल हैं।

जिन प्रमुख तकनीकों ने इसे संभव बनाया है, वे हैं MIMO (मल्टीपल इनपुट मल्टीपल आउटपुट) और OFDM (ऑर्थोगोनल फ्रिक्वेंसी डिवीजन मल्टीप्लेक्स)। दो महत्वपूर्ण 4 जी स्टैण्डर्ड वाईमैक्स हैं (ज्यादा प्रचलन में नहीं है) और एलटीई (व्यापक विस्तार है)।

LTE (लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन) मौजूदा UMTS तकनीक के उन्नयन की एक श्रृंखला है, और इसे Telstra के मौजूदा 1800MHz फ़्रीक्वेंसी बैंड पर रोल आउट किया जाता है । जब डिवाइस गतिशील होती है, तो 4 जी नेटवर्क की अधिकतम गति 100 एमबीपीएस या 1 जीबीपीएस होती है और कम गतिशीलता संचार जैसे कि स्थिर या पैदल चल रहे हो, लेटेंसी लगभग 300ms से कम होकर 100ms तक हो जाती है और कंजेस्शन भी काम होता है । जब 4G पहली बार उपलब्ध हुआ, तो यह 3G की तुलना में थोड़ा तेज था। फ़ोन्स की नई जनरेशन आमतौर पर बैकवर्ड कम्पैटिबिलिटी के लिए डिज़ाइन की जाती

है, इसलिए एक 4 जी फोन 3 जी या 2 जी नेटवर्क के माध्यम से भी संचार कर सकता है। सभी कैरीयर्स इस बात से सहमत हैं कि OFDM मुख्य संकेतकों में से एक है, जो एक सेवा के 4 जी होने को वैध रूप से प्रमाणित करता है।



4.5.5 5 जी - फिफ्थ जनरेशन (5G)

5G एक ऐसी जनरेशन है, जो वर्तमान में विकास के दौर से गुजर रही है, जिसका उद्देश्य 4 जी पर सुधार करना है। 5 जी अन्य सुधारों के साथ काफी तेज डेटा दरों, उच्च कनेक्शन घनत्व, बहुत कम डिले (Delay) का वादा करता है। 5G की कुछ योजनाओं में डिवाइस-टू-डिवाइस संचार, बेहतर बैटरी की खपत और समग्र वायरलेस कवरेज में सुधार शामिल हैं। 5G की अधिकतम गति 35.46 Gbps के बराबर होने का लक्ष्य है, जो 4 जी की तुलना में 35 गुना अधिक तेज है।

4.6 इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (IMEI)

IMEI का मतलब इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी है। यह एक कोड या संख्या को संदर्भित करता है, जो मोबाइल नेटवर्क पर उपयोग किए जाने वाले विशिष्ट मोबाइल फोन की पहचान करता है। हर मोबाइल फोन का एक अद्वितीय (unique) IMEI नंबर होता है, जिसमें 15 से 17 अंकों की संख्या होती है। आमतौर पर, यह आपकी मोबाइल

बैटरी के पीछे की ओर मुद्रित होता है। किसी भी फोन का IMEI नंबर फोन के वर्तमान स्थान को बताता है। IMEI नंबर के माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि वह व्यक्ति/ मोबाइल किस स्थान पर स्थित है।

अगर किसी व्यक्ति का फोन खो जाता है, या चोरी हो जाता है, तो उस फोन की आईएमईआई नंबर के जरिए उस फोन की लोकेशन का भी पता लगाया जा सकता है। अगर कोई अपने मोबाइल फोन का IMEI नंबर नहीं जानता है, तो उसे यह जानने के लिए अपने फोन से * # 06 # डायल करना होगा। IMEI नंबर का सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह अपराधियों को पकड़ने में मदद करता है।
IMEI नंबर डिवाइस के सीरियल नंबर, मॉडल नंबर एवं डिवाइस के निर्माण स्थल के बारे में जानकारी दिखाता है।

AA. BBBBBB-CCCCCC D/EE

AA - यह बॉडी आइडेंटिफायर की रिपोर्टिंग करता है। यह टीएसी (टाइप एलोकेशन कोड) का एक हिस्सा है और मोबाइल फोन मॉडल और ब्रांड दिखाता है।

BBBBBB - यह भी TAC (टाइप एलोकेशन कोड) का एक हिस्सा है।

CCCCCC - सीरियल नंबर दिखाता है।

D - चेक डिजिट ।

EE- सॉफ्टवेयर वर्शन नंबर दिखाता है।

4.7 सिम (SIM)

एक सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल (SIM) मोबाइल फोन के लिए एक बाहर से लगाया हुआ हटाने योग्य स्मार्ट कार्ड है। सामान्य भाषा में एक छोटा, पोर्टेबल मेमोरी चिप होता है, जो सेलफोन उपयोगकर्ता के तौर पर जानकारी संग्रहित करके रखता है। इसके ऊपर 17 डिजिट का कोड होता है जो कंट्री कोड , स्विच कंफीग्रेशन कोड और यूनिक यूजर आईडी को प्रदर्शित करता है । ग्राहक आईडी (और व्यक्तिगत नंबर) सिम कार्ड से जुड़ा होता है, न कि एक निश्चित मोबाइल फोन से। यह बहुत आसानी से एक फोन से दूर से फोन में डाला जा सकता है । सिम कार्ड मोबाइल डिवाइस की पहचान करने के लिए आवश्यक जानकारी संग्रहीत करता हैं।

सभी जीएसएम फोन को काम करने के लिए एक सिम कार्ड की आवश्यकता होती है। सिम फोन को GSM या CDMA नेटवर्क से जुड़ने और नेटवर्क को आपके फोन की उपयोगिता को ट्रैक करने की अनुमति देता है । कुछ प्रकार के फोन (सीडीएमए, टीडीएमए, एएमपीएस) हैं, जो सिम का उपयोग नहीं करते हैं। इसके बजाय, आवश्यक डेटा को सीधे फोन में प्रोग्राम किया जाता है।

सिम कार्ड एसएमएस संदेशों और उपयोगकर्ता के संपर्कों के लिए स्टोरेज के रूप में भी काम करते हैं। वर्तमान सिम कार्ड 250 नाम / नंबर्स के जोड़े को और 50 एसएमएस टेक्स्ट मैसेज तक संग्रहीत कर सकते हैं।

सिम कार्ड एक ही कांटेक्ट में कई नंबर या अन्य अधिक जटिल जानकारी संग्रहीत नहीं कर सकता है। इसका मतलब यह है कि यदि आप अपने कांटेक्ट इन्फो को फ़ोन मेमोरी से सिम मेमोरी में कॉपी करते हैं, तो कांटेक्ट कई प्रविष्टियों में विभाजित हो जाते हैं क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के कांटेक्ट के लिए नंबर होते हैं और कॉपी करने की प्रक्रिया में अन्य जानकारी को हटा देता है।

बदली जाने वाली सिम कार्ड चार स्टैण्डर्ड साइज में आते हैं:

- फुल साइज (85.6 मिमी × 53.98 मिमी × 0.76 मिमी)
- मिनी-सिम (25 मिमी x 15 मिमी x 0.76 मिमी)
- माइक्रो-सिम (15 मिमी x 12 मिमी x 0.76 मिमी)
- नैनो-सिम (12.3 मिमी × 8.8 मिमी × 0.67 मिमी)

ESIM या एंबेडेड सिम एक आकार में आता है:

- eSIM (6 मिमी x 5 मिमी x <1 मिमी) नहीं हटा सकने योग्य

4.8 आईपी टेलीफोनी (इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीफोनी)

यह एनालॉग ऑडियो सिग्नल को डिजिटल डाटा में बदलकर इंटरनेट के माध्यम से भेजता है, अर्थात यह मानक इंटरनेट कनेक्शन के द्वारा बात करने की अनुमति देता है जो सामान्यतः परंपरागत टेलीफोन की तुलना में काफी कम कीमत में टेलीफोन संचार की सुविधा देता है ।

आप भले ही इस तकनीक से परिचित नहीं है, पर आपने इसका उपयोग जरूर किया है। उदाहरण के तौर पर व्हाट्सएप कॉलिंग इंटरनेट उपयोग करता है, क्योंकि इंटरनेट का उपयोग विश्व भर में किया जाता है, इसलिए सामान्य टेलिफोन कॉल की एसटीडी और आईएसडी सुविधा जिसकी कीमत ज्यादा होती थी केवल इंटरनेट के एक्सेस करने की कीमत पर बातचीत की जा सकती है । व्हाट्सएप कॉलिंग मुख्यतः VoIP वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल का उपयोग करता है, जो पब्लिक इंटरनेट पर वॉइस ट्रैफिक का उपयोग करता है ।

IP फोन सिस्टम जिन्हें IP PBX भी कहा जाता है, पब्लिक इंटरनेट का उपयोग नहीं करते बल्कि एक प्राइवेट डाटा नेटवर्क में इंटरनेट फोन कॉलिंग करते हैं । यह किसी बिजनेस वातावरण के लिए उपयुक्त होता है । बिजनेस अपने डाटा नेटवर्क पर दूरस्थ साइट पर अनेक काम करने वाले लोगों के साथ टेलिफोनिक संपर्क इंटरनेट की दर पर करते हैं ।

आईपी टेलीफोनी (इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीफोनी) उन तकनीकों के लिए एक सामान्य शब्द है, जो वॉइस , फैक्स, और सूचना के अन्य रूपों का आदान-प्रदान करने के लिए इंटरनेट प्रोटोकॉल के पैकेट-स्विच कनेक्शन का उपयोग करते हैं, जो परंपरागत रूप से पब्लिक स्विच टेलीफोन नेटवर्क (PSTN) के डेडिकेटेड सर्किट स्विच कनेक्शन का उपयोग करके किया जाता था । पीएसटीएन कॉल से होने वाली असुविधा से बचने के लिए आईपी टेलीफोनी शेयर्ड लाइन्स पर इंटरनेट का उपयोग करते हुए कॉल को डेटा पैकेट के रूप में भेजते है। आईपी टेलीफोनी में चुनौती उपयोगकर्ता को भरोसेमंद प्रवाह में वॉइस , फैक्स या वीडियो पैकेट वितरित करना है। आईपी टेलीफोनी का अधिकांश भाग उस चुनौती पर केंद्रित है।

वर्तमान में, पारंपरिक फोन सेवा के विपरीत, आईपी टेलीफोनी सेवा सरकार द्वारा अपेक्षाकृत अनियंत्रित है।

वीओआईपी आईपी टेलीफोनी को मानकीकृत करने का एक संगठित प्रयास है। आईपी टेलीफोनी कंप्यूटर, टेलीफोन और टेलीविज़न के एकल एकीकृत सूचना वातावरण के प्रभाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

4.9 सॉफ्टफोन (सॉफ्ट क्लाइंट टेलीफोन)

सॉफ्टफोन (सॉफ्टवेयर टेलीफोन) एक एप्लीकेशन प्रोग्राम है, जो कंप्यूटिंग डिवाइसेज से वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) टेलीफोन कॉल करने की सुविधा प्रदान करता है। किसी उपक्रम में, सॉफ्टफ़ोन को कभी-कभी सॉफ्ट क्लाइंट भी कहा जाता है।

अधिकांश सॉफ्टफ़ोन एप्लिकेशन एक हेडसेट और माइक्रोफोन के साथ मिलकर काम करते हैं, एक विशेष वीओआईपी फोन (जिसे कभी-कभी हार्डफ़ोन कहा जाता है) या एनालॉग टेलीफ़ोन एडेप्टर (जैसे मैजिक जैक) नामक उपकरण का उपयोग करके जो एक स्टैण्डर्ड टेलीफोन हैंडसेट से वीओआईपी कॉलिंग को सक्षम बनाता है।

हालाँकि सॉफ्टफ़ोन अक्सर मोबाइल या घर के उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़े होते हैं, कार्यालय कर्मचारी भी पारंपरिक डेस्क फोन उपयोग करने के स्थान पर सुविधाजनक प्रतिस्थापन के रूप में सॉफ्टफ़ोन का उपयोग करना पसंद कर रहे हैं। यह नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर्स के लिए समस्या हो सकती है, क्योंकि सॉफ्टफ़ोन द्वारा उत्पन्न ट्रैफ़िक के कारण नेटवर्क में कंजेस्शन की स्थिति हो सकती है ।

कई मामलों में, नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टफ़ोन द्वारा उत्पन्न ट्रैफ़िक को अन्य सॉफ़्टवेयर ऍप्लिकेशन्स द्वारा उत्पन्न ट्रैफ़िक से अलग नहीं कर सकती है। चीजों को जटिल करने के लिए, कभी-कभी आईपी फोन सॉफ्टफ़ोन के समान प्रोटोकॉल का उपयोग करते हैं और बैंडविड्थ के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं।

4.10 वॉइसमेल (Voice Mail)

वॉइसमेल सिस्टम (जिसे वॉइस मैसेज या वॉइस बैंक के नाम से भी जाना जाता है) एक कंप्यूटर-आधारित प्रणाली है,जो उपयोगकर्ताओं और ग्राहकों को व्यक्तिगत वॉयस मैसेज को आदान-प्रदान करने की अनुमति देता है। वॉइसमेल एक वॉइस मैसेज है, जिसे कॉल किये गए व्यक्ति के अनुपस्थित रहने पर या अन्य वार्तालाप में व्यस्त होने पर कॉलर द्वारा बाद में भेजा जाता है। वॉयसमेल फीचर एक तरह से पुरानी आंसरिंग मशीन की तरह काम करता है, लेकिन मुख्य अंतर यह है कि वॉयस मैसेज आपके आंसरिंग मशीन पर स्टोर होने के बजाय, यह सर्विस प्रोवाइडर के सर्वर पर स्टोर हो जाता है, जिसे यूजर के लिए आरक्षित स्पेस में रखा जाता है, जिसे मेलबॉक्स कहा जाता है। यह ईमेल से

बहुत अलग नहीं होता है और सेव किया हुआ मैसेज टेक्स्ट के बजाय वॉइस मैसेज होता है।



वॉइसमेल

4.10.1 वॉइसमेल की विशेषताएं

वॉइसमेल विकसित, बेहतर और अब एक समृद्ध सेवा है। रिकॉर्डिंग और वादन ध्वनियों के अलावा, आप निम्न कार्य कर सकते हैं-

- आप एक ही समय में कई कॉल करने वालों से वॉइस मेल मैसेज ले सकते हैं।
- आप अन्य लोगों के मेलबॉक्स में वॉइस मेल मैसेज को अग्रेषित कर सकते हैं।
- आप अपने द्वारा अग्रेषित किए जा रहे मैसेज में वॉइस परिचय जोड़ सकते हैं।
- आप वॉयस मैसेज प्रसारित कर सकते है, यानी एक ही समय में एक से अधिक लोगों को मैसेज भेज सकते है।
- लंबे समय तक वॉयस मैसेज स्टोर कर सकते है ।
- अपने मोबाइल फोन या पेजर के माध्यम से ध्वनि मेल के आगमन की सूचना दें सकते है ।
- अलग-अलग उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग शुभकामनाएं दे सकते है ।
- अपनी हार्ड ड्राइव की तरह स्टोरेज मीडिया में वॉइस मैसेज को ट्रांसफर और सेव कर सकते है, जिसे ईमेल संदेशों के साथ अटैचमेंट के रूप में भी भेजा जा सकता हैं ।

अब उपलब्ध नई वॉइस मेल सेवाओं के साथ, आप ऑनलाइन या ईमेल द्वारा भी अपनी वॉइस मेल प्लेबैक कर सकते हैं। इसका मतलब है कि आप फोन के उपयोग के बिना भी अपनी वॉइस मेल की जांच कर सकते हैं।

4.10.2 विसुअल वॉइस मेल

विसुअल वॉइस मेल, वॉइस मैसेज के लिए इंटरफ़ेस है, जो वॉइस मैसेज को क्रम से देखने, डिलीट, कॉल बैक करने आदि के लिए सुविधा देता । यह आपको सब कुछ सुनने के बिना अपने वॉइस मेल की जांच करने की अनुमति देता है। यह आपके वॉइस मेल को आपके ईमेल जैसी सूची में प्रस्तुत करता है। फिर आप कई विकल्प चुन सकते हैं, जैसे कि पुनः सुनना, हटाना, स्थानांतरित करना, आदि, जो सामान्य ध्वनि मेल के साथ असंभव या बहुत मुश्किल होता है ।

4.11 एडहॉक नेटवर्क (Ad Hoc Network)

"एड हॉक" वास्तव में एक लैटिन वाक्यांश है जिसका अर्थ है **"इस उद्देश्य के लिए "** इसका उपयोग अक्सर उन समाधानों का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए विकसित किए जाते हैं। कंप्यूटर नेटवर्किंग में, एक एड हॉक नेटवर्क एक सेशन के लिए स्थापित नेटवर्क कनेक्शन को बताता है, इसके लिए राउटर या वायरलेस बेस स्टेशन की आवश्यकता नहीं होती है।
उदाहरण के लिए, यदि आपको अपने मित्र के लैपटॉप में फ़ाइल स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, तो आप फ़ाइल को स्थानांतरित करने के लिए अपने कंप्यूटर और मित्र के लैपटॉप के बीच एक एड हॉक नेटवर्क बना सकते हैं। यह एक ईथरनेट क्रॉसओवर केबल, या कंप्यूटर के वायरलेस कार्ड का उपयोग करके एक दूसरे के साथ संचार करने के लिए किया जा सकता है। यदि आपको एक से अधिक कंप्यूटरों के साथ फ़ाइलों को साझा करने की आवश्यकता है, तो आप एक मल्टी - हॉप एड हॉक नेटवर्क स्थापित कर सकते हैं, जो कई नोड्स पर डेटा स्थानांतरित कर सकता है।

असल में, एक एड हॉक नेटवर्क एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए बनाया जाता है,जो एक अस्थायी नेटवर्क कनेक्शन है(जैसे कि एक कंप्यूटर से दूसरे में डेटा स्थानांतरित करना)। यदि नेटवर्क को अधिक समय तक सेट किया जाता है, तो यह केवल एक पुराना लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) है।

एड हॉक नेटवर्क्स ज्यादातर वायरलेस लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) होते हैं। बेस स्टेशन या एक्सेस पॉइंट्स पर निर्भर होने के बजाय डिवाइस सीधे एक दूसरे के साथ संचार करते हैं, जैसे कि डेटा ट्रांसफर को-ऑर्डिनेशन के लिए वायरलेस लैन (LAN) में होता है । प्रत्येक डिवाइस रूटिंग एल्गोरिथ्म का उपयोग करके रूट को निर्धारित करने और इस रूट के माध्यम से अन्य डिवाइस को डेटा अग्रेषित करने के लिए, रूटिंग गतिविधि में भाग लेता है।

4.12 सेंसर नेटवर्क

एक सेंसर नेटवर्क में छोटे, आमतौर पर बैटरी से चलने वाले उपकरण और वायरलेस इन्फ्रास्ट्रक्चर का एक समूह शामिल होता है, जो किसी भी संख्या में वातावरण की निगरानी करता है और डेटा को रिकॉर्ड करता है - कारखाने से डेटा सेंटर तक, अस्पताल की प्रयोगशाला और यहां तक की जंगलों में भी । सेंसर नेटवर्क इंटरनेट से, किसी संस्था के वैन (WAN) या लैन (LAN) से , या एक विशेष औद्योगिक नेटवर्क से जोड़ता है, ताकि एकत्रित डेटा को विश्लेषण के लिए बैक-एंड सिस्टम में प्रेषित किया जा सके और ऍप्लिकेशन्स में उपयोग किया जा सके।

एक वायरलेस सेंसर नेटवर्क को उपकरणों के एक नेटवर्क के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो वायरलेस लिंक के माध्यम से मॉनिटर किए गए क्षेत्र से एकत्रित जानकारियों का संचार करता है। एक गेटवे के साथ, डेटा वायरलेस ईथरनेट जैसे अन्य नेटवर्क से जुड़ा होता है और डेटा को कई नोड्स के माध्यम से अग्रेषित किया जाता है।

डब्लूएसएन (WSN) एक वायरलेस नेटवर्क है, जिसमें बेस स्टेशन और नोड्स (वायरलेस सेंसर) की संख्या होती है। इन नेटवर्कों का उपयोग साउंड ,प्रेशर,टेम्परेचर जैसी भौतिक या पर्यावरणीय स्थितियों की निगरानी करने के लिए किया जाता है, और मैन लोकेशन पर नेटवर्क के माध्यम से डेटा स्थानांतरित किया जाता हैं।

सेंसर नोड्स का उपयोग निरंतर संवेदन (Sensing), इवेंट आईडी, किसी घटना का पता लगाने और एक्ट्यूएटर्स के स्थानीय नियंत्रण के लिए किया जाता है। वायरलेस सेंसर नेटवर्क के ऍप्लिकेशन्स में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, सैन्य, पर्यावरण, घर और अन्य वाणिज्यिक क्षेत्र शामिल हैं।

4.13 जीआईएस (जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम)

GIS एक ऐसा कंप्यूटर आधारित तंत्र **(**फ्रेमवर्क**)** है**,** जो भौगोलिक **(geograhical)** डाटा को एकत्रित करता है **,**प्रबंधित करता है**,** और उसका विश्लेषण करता है । भौगोलिक विज्ञान पर आधारित यह सिस्टम कई तरह के डाटा को एकीकृत करता है**,** जगह के आधार पर विश्लेषण करता है**,** व्यवस्थित करता है और सूचनाओं को नक्शे या **3D** मे प्रदर्शित करता है । आपने अनुभव किया होगा अगर स्थान से दूसरे स्थान पर यात्रा करें तो **map** सुविधा**,** आपके आसपास अस्पताल**,** होटल आदि की जानकारी विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशन द्वारा प्राप्त की जा सकती है । यह सभी **GIS** द्वारा संभव होती है ।

GIS **का विस्तार है** -

भौगोलिक - डेटा की लोकेशन **X** तथा **Y** कोऑर्डिनेट के रूप में प्राप्त हो या उसकी गणना की जा सके ।

जानकारी - डेटाबेस व्यवस्थित हो **,** और उपयोगी ज्ञान के रूप में उपलब्ध**,** रंगीन नक्शा अथवा चित्र के रूप में**,** इसके अतिरिक्त सांख्यिकी ग्राफिक टेबल या इंटरएक्टिव क्वेरी के नतीजों के रूप प्राप्त हो सके ।

प्रणाली - इंटरनेट और जुड़े अवयवों का समूह है**,** जो अलग अलग काम करने में सक्षम है। डाटा कैप्चर करने**,** इनपुट करने **,** परिवर्तित करने**,** रूप बदल प्रदर्शित करने**,** क्वेरी करने**.** विश्लेषण कर और आउटपुट मॉडलिंग करने की कार्यक्षमता हो ।

जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) पृथ्वी की सतह पर स्थित महत्वपूर्ण स्थानों से संबंधित डेटा को कैप्चर करने, स्टोरेज करने , जाँच और प्रदर्शित करने के लिए एक कंप्यूटर प्रणाली है। जीआईएस एक नक्शे पर कई अलग-अलग प्रकार के डेटा दिखा सकता है, जैसे कि सड़क, भवन और वनस्पति। डेटा का विश्लेषण करके नक्शे पर ग्राफ या अन्य माध्यमों से प्रदर्शन से डेटा को समझने में आसानी होती है, अगर एक्सल शीट पर अक्षांश और देशांतर रेखाओं के रूप में एक्स वाई कोऑर्डिनेट द्वारा दर्शाई जाए तो इन्हें समझना कठिन होगा। हम जब किसी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से या टीवी पर एक नक्शे में देश या दुनिया में घट रही घटनाओं जैसे बाढ़, बारिश, कोई बीमारी, ह्यूमिडिटी आदि का विस्तृत चित्रण देखते हैं, यह GIS के उपयोग द्वारा प्रदर्शित होता है । क्या और कहां .... इस तरह का विश्लेषण किसी घटना की बेहतर समझ बनाता है ।

जीआईएस एप्लिकेशन यूजर को स्थान विषयक (spatial) क्वेरी, विश्लेषण, स्थान विषयक (spatial) डेटा एडिट करने और हार्ड कॉपी मानचित्र बनाने की अनुमति देते हैं। साधारण तरीके से जीआईएस को एक ऐसी इमेज के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो पृथ्वी के संदर्भ में है, या इसमें x और y का निर्देशांक (coordinate) है और इसे टेबल में संग्रहीत किया जा सकता है । ये x और y निर्देशांक विभिन्न प्रक्षेपण प्रणाली पर आधारित हैं । अधिकांश समय जीआईएस का उपयोग नक्शे बनाने और प्रिंट करने के लिए किया जाता है।

जीआईएस का उपयोग स्थान आधारित प्रश्न को हल करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि "**यहां क्या स्थित है**" या "**विशेष प्रकार की सुविधाओं को कहां खोजें?**" जीआईएस उपयोगकर्ता मानचित्र से अपने महत्व की चीजों को प्राप्त कर सकता है, जैसे कि लैंड यूज़ मानचित्र पर वन क्षेत्र कितना है। यह क्वेरी बिल्डर टूल का उपयोग करके किया जाता है। जीआईएस की अगली महत्वपूर्ण विशेषताएं नई जानकारी दिखाने के लिए विभिन्न लेयर्स को संयोजित करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, आप ऊंचाई सम्बन्धी डेटा, नदी सम्बन्धी डेटा, भूमि उपयोग डेटा और क्षेत्र के परिदृश्य के बारे में जानकारी दिखाने के लिए कई और संयोजन कर सकते हैं। नक्शे से आप बता सकते हैं कि ऊंची भूमि कहाँ है या घर बनाने के लिए सबसे अच्छी जगह कहाँ है, जिसमें नदी का दृश्य है। जीआईएस नई जानकारी खोजने में मदद करता है।
विशेष रूप से, जीआईएस के माध्यम से उपयोग किया जाता है:

- पर्यावरण भूगोल - पर्यावरण पर लोगों के प्रभाव का विश्लेषण करना।
- भौतिक भूगोल - वायुमंडल, जीवमंडल और भू-मंडल के तत्वों का अध्ययन करने के लिए।
- आपातकालीन प्रबंधन सूचना प्रणाली - भौगोलिक लेआउट के बारे में आपातकालीन उत्तरदाताओं को वास्तविक समय डेटा देने के लिए।
- स्वास्थ्य भूगोल - स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों जैसे बीमारी और बीमारी का अध्ययन करने के लिए भौगोलिक जानकारी का उपयोग करना।
- आर्थिक भूगोल - पृथ्वी भर में आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन करने के लिए।
  परिवहन भूगोल - लोगों या चीजों की स्थानिक बातचीत की जांच करने के लिए।

वर्तमान में बहुत सारे **GIS** उपयोग हो रहे हैं**,** इन्हें निम्न आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है

- वेब आधारित, यह ऑनलाइन **GIS** एप्लीकेशन है,जो बेहतरीन डाटा विजुलाइजेशन टूल के तौर पर उपयोग होते हैं ।
- जिओ ब्राउज़र, इसे ऐसे समझा जा सकता है,एक वेब ब्राउज़र जैसे इंटरनेट एक्सप्लोरर जो सिर्फ **GIS** हेतु काम कर रहा है, वर्तमान में सबसे प्रचलित जिओ ब्राउज़र **(Google Earth)** है ।
- डेस्कटॉप **GIS**, मैपिंग सॉफ्टवेयर जो डेस्कटॉप पर चलता है, यह व्यवसाय और अकादमिक रूप से उपयोग किया जाता है उदाहरण **ArcGIS**

4. 13.1 जीआईएस कैसे काम करता है -

• विज़ुअलाइज़िंग डेटा - डेटाबेस में संग्रहीत जियोग्राफिक डेटा को जीआईएस सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित किया जाता है।
• कंबाइनिंग डेटा - इच्छा अनुसार नक्शे बनाने के लिए लेयर्स को मिलाया जाता है।
• क्वेरी - लेयर्स में महत्व की खोज करने या जियोग्राफिक क्वेरी करने के लिए।

4.13.2 जीआईएस का लाभ:

- स्थानों के बारे में विशिष्ट और विस्तृत जानकारी मिलने के कारण निर्णय लेने में आसानी होती है ।
- बीच के स्थान की स्थिति, ट्रैफिक की स्थिति आदि मिल जाने के कारण आने जाने के समय को निर्धारित किया जा सकता है । रास्ते में अतिरिक्त ऑर्गेनाइजेशन फिर काम भी पूर्व निर्धारित किए जा सकते हैं ।
- जीआईएस बेहतर व्यवस्था के कारण नागरिक जुड़ाव में मदद करता है। ऐसे समुदायों की पहचान करने में मदद करता है,जो जोखिम में हैं या उनके पास बुनियादी ढांचे की कमी है।
- अपराध विज्ञान के मामलों की पहचान करने में मदद करता है।
- प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करता है। GIS द्वारा भौगोलिक परिवर्तन को आसानी से रिकॉर्ड किया जा सकता है, जिसके द्वारा भौगोलिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तन पर निर्णय किया जा सके।
- आपातकालीन स्थिति के दौरान बेहतर संचार करने में मदद करता है।
- बेहतर निर्णय के कारण लागत कम आती है और बचत होती है।
- समुदाय के भीतर विभिन्न प्रकार के रुझानों का पता लगाने में मदद करता है।

- जनसांख्यिकीय परिवर्तन की योजना बनाने में मदद करता है।

4.13.3 जीआईएस के घटक

- **हार्डवेयर** - हार्डवेयर कंप्यूटर का भौतिक घटक है और जीआईएस इस पर चलता है। हार्डवेयर हार्ड डिस्क, प्रोसेसर, मदरबोर्ड आदि हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त कैपचरिंग डिवाइस, सेंसर कैमरा स्केनर आदि और डिस्प्ले डिवाइस प्रिंटर प्लॉटर आदि । ये सभी हार्डवेयर कंप्यूटर के रूप में कार्य करने के लिए एक साथ काम करते हैं। इन हार्डवेयर पर जीआईएस सॉफ्टवेयर चलता है। कंप्यूटर को डेस्कटॉप या सर्वर आधारित स्टैंडअलोन कहा जा सकता है। जीआईएस इन दोनों पर चल सकता है।
- **सॉफ्टवेयर** - जीआईएस सॉफ्टवेयर स्थान विषयक (Spatial) डेटा या भौगोलिक (Geographic) डेटा को इनपुट और स्टोर करने के लिए टूल्स और फ़ंक्शन प्रदान करता है। यह भौगोलिक क्वेरी करने, विश्लेषण मॉडल चलाने और मानचित्र रूप में भौगोलिक डेटा प्रदर्शित करने के लिए टूल्स प्रदान करता है। भौगोलिक डेटा को संग्रहीत करने के लिए जीआईएस सॉफ्टवेयर रिलेशन डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम (आरडीबीएमएस) का उपयोग करता है। भौगोलिक क्वेरी को निष्पादित करने के लिए सॉफ़्टवेयर डेटाबेस से संचार करता है।
- **डेटा**- डेटा जीआईएस का ईंधन हैं और सबसे महत्वपूर्ण और महंगा घटक हैं। भौगोलिक डेटा भौतिक विशेषताओं का संयोजन है और इस जानकारी को टेबल्स में संग्रहीत किया जाता है। इन तालिकाओं का रखरखाव डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा किया जाता है। भौगोलिक डेटा को कैप्चर करने की प्रक्रिया को डिजिटलीकरण कहा जाता है,,जो सबसे कठिन कार्य है। यह स्कैन किए गए हार्डकॉपी मानचित्रों को डिजिटल प्रारूप में बदलने की प्रक्रिया है। डिजिटलीकरण भौगोलिक विशेषताओं के साथ लाइनों को ट्रेस करके किया जाता है, उदाहरण के लिए एक इमारत को कैप्चर करने के लिए आप इमेज को इमारत के चारों ओर ट्रेस करेंगे।
- **यूजर** - यूजर जीआईएस प्रणाली का उपयोग कुशलता से करते हैं । जीआईएस सिस्टम को चलाने के लिए यूजर उपरोक्त वर्णित तीनों घटकों का उपयोग करते हैं। आज का कंप्यूटर तेज और यूजर के अनुकूल है, जो भौगोलिक प्रश्नों, विश्लेषण और मानचित्रों को प्रदर्शित करना आसान बनाता है। आज हर कोई अपना दैनिक कार्य करने के लिए GIS का उपयोग करता है।

4.14 इंटरनेट सेवा प्रदाता (Internet Service Provider)

इंटरनेट सेवा प्रदाता एक कंपनी या संस्था है, जो इंटरनेट कनेक्शन सेवाओं और अन्य संबंधित सेवाओं को प्रदान करती है। अधिकांश टेलीफोन कंपनियां इंटरनेट सेवा प्रदाता हैं। वे इंटरनेट डोमेन नेम पंजीकरण और होस्टिंग जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं। ISP में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह का नेटवर्क होता है,ताकि ग्राहक ISP द्वारा उपलब्ध कराए गए कनेक्शन से उपयोगकर्ता वैश्विक नेटवर्क से जुड़ सके। वायर्ड (मॉडेम, लीज्ड लाइन और ब्रॉडबैंड), रेडियो आदि नेटवर्क ट्रांसमिशन माध्यम से डेटा को स्ट्रीम करता है। क्लाउड कंप्यूटिंग के साथ इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर और भी सेवाएं देते हैं, जो अलग अलग मॉडल और कीमत के साथ उपयोग करने के लिए उपलब्ध होते है । उपयोग करने वाली कंपनी, यूजर आवश्यकतानुसार इन सेवाओं को प्राप्त कर सकते हैं ।



इंटरनेट सेवा प्रदाता

4.14.1 इंटरनेट सेवा प्रदाता का कार्य (Function of Internet Service Provider)

इंटरनेट सेवा प्रदाता का कार्य आवश्यकतानुसार व्यक्तियों, कंपनी या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए इंटरनेट सेवा प्रदान करना है। इंटरनेट सेवा प्रदाता उपभोक्ताओं को डायल-अप या ब्रॉडबैंड सेवा प्रदान कर सकते हैं। सबसे आम तरीका टेलीफोन लाइनों के माध्यम से है। डायल-अप कनेक्शन को फोन लाइन के उपयोग की आवश्यकता होती है, और आमतौर पर डायल-अप कनेक्शन 56 KBS या उससे कम के कनेक्शन की सेवा प्रदान करते है।

ब्रॉडबैंड कनेक्शन आईएसडीएन, ब्रॉडबैंड वायरलेस एक्सेस, केबल मॉडेम, डीएसएल, उपग्रह या ईथरनेट हो सकते हैं। ब्रॉडबैंड **64 KB and 20 + MB** प्रति सेकंड के बीच गति में भिन्न होता है। सभी ISP के अपने सर्वर होते हैं और उपयोगकर्ता उन सर्वरों से जुड़े होते हैं।

4.15 मोबाइल कम्प्यूटिंग

मोबाइल कंप्यूटिंग एक तकनीक है, जो ऐसा वातावरण देती है जिसमें दो या दो से अधिक दूरस्थ वायरलेस सक्षम डिवाइस आपस में बिना फिक्स्ड फिजिकल लिंक (केबल या बायर) से जुड़े बिना तेज गति से, विश्वसनीयता के साथ डाटा का आदान प्रदान कर सकती है । अर्थात डाटा ट्रांसमिशन वायरलेस तरीके से वायरलेस डिवाइस के बीच होता है । यह डाटा मैसेज, वॉइस, वीडियो किसी भी रूप में हो सकता है ।

मोबाइल कम्प्यूटिंग की मुख्य अव्यय निम्नानुसार हैं -

- मोबाइल संचार
- मोबाइल हार्डवेयर
- मोबाइल सॉफ्टवेयर

4.15.1 मोबाइल संचार

मोबाइल संचार, मोबाइल कम्प्यूटिंग के बुनियादी ढांचे को संदर्भित करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहज और विश्वसनीय संचार हो सकें। इनमें प्रोटोकॉल, सर्विस, बैंडविड्थ और पोर्टल्स शामिल है, जो मोबाइल संचार सेवाओं की सुविधा और समर्थन के लिए आवश्यक हैं। इस स्तर पर डेटा फॉर्मेट भी परिभाषित किया जाता है।

डेटा फॉर्मेट यह सुनिश्चित करता है कि अन्य मौजूदा प्रणालियों के साथ कोई टकराव न हो जो इसी प्रकार की समान सेवा प्रदान करते हैं।
मोबाइल संचार निर्देशित नहीं है और अनबाउंडेड है, इसलिए मोबाइल संचार का इन्फ्रास्ट्रक्चर मूल रूप से रेडियो वेव्स है। सिग्नल्स को हवा में उपकरणों पर ले जाया जाता है, जो समान प्रकार के सिग्नल प्राप्त करने और भेजने में सक्षम हैं।

4.15.2 मोबाइल हार्डवेयर

मोबाइल हार्डवेयर में मोबाइल डिवाइस या डिवाइस घटक शामिल होते हैं, जो गतिशील रहते हुए मोबाइल सेवा प्राप्त या एक्सेस करते हैं। इनमें पोर्टेबल लैपटॉप, स्मार्टफोन, टैबलेट,पर्सनल कंप्यूटर,पर्सनल डिजिटल असिस्टेंट शामिल हैं।
इन उपकरणों में एक रिसेप्टर माध्यम होता है, जो सिग्नल्स को सेंस करने और प्राप्त करने में सक्षम होता है। इन उपकरणों को फुल-डुप्लैक्स में संचालित करने के लिए कॉन्फ़िगर किया जाता है, जिससे वे एक ही समय में सिग्नल भेजने और प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। सिग्नल्स के फुल डुप्लैक्स में संचालित होने के कारण अब एक डिवाइस दूसरे डिवाइस की संचार ख़त्म होने का इंतज़ार किये बिना ही संचार शुरू कर सकते है।

4.15.3 मोबाइल सॉफ्टवेयर

मोबाइल सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है, जो मोबाइल हार्डवेयर पर चलता है। यह मोबाइल एप्लिकेशन की विशेषताओं और आवश्यकताओं से संबंधित है। जिस तरह कंप्यूटर हार्डवेयर को चलाने के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम आवश्यक सॉफ्टवेयर है वैसे ही, जो हार्डवेयर और यूजर के बीच इंटरफ़ेस की तरह काम करता है, वैसे ही मोबाइल डिवाइस को चलाने के लिए मोबाइल सॉफ्टवेयर आवश्यक होते हैं । यह मोबाइल हार्डवेयर के लिए बने विशिष्ट ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो यूजर इंटरफेस उपलब्ध कराते हैं । कुछ प्रचलित सॉफ्टवेयर एंड्राइड(Andriod), ब्लैकबेरी(Blackberry), विंडो (Windows) आईओएस(iOS) । चूंकि पोर्टेबिलिटी मुख्य कारक है, इस प्रकार की कंप्यूटिंग यह सुनिश्चित करती है, कि उपयोगकर्ता एक ही भौतिक स्थान से बंधे नहीं हैं और कहीं से भी संचालित करने में सक्षम हैं। यह वायरलेस संचार के सभी पहलुओं को भी शामिल करता है।

4.15.4 मोबाइल कंप्यूटिंग के मुख्य उपयोग क्षेत्र हैं:

- वेब या इंटरनेट का उपयोग।
- ग्लोबल पोजिशन सिस्टम (जीपीएस)।
- आपातकालीन सेवाएं।
- मनोरंजन सेवाएं
- शैक्षणिक सेवाएं।

4.16 सेलुलर सिस्टम

पुराने वायरलेस सिस्टम शक्तिशाली ट्रांसमीटर द्वारा काम करते थे यह ट्रांसमीटर पूरे क्षेत्र में सेवाएं देता था । इसके लिए बहुत अधिक पावर की आवश्यकता होती है, जो कई कारणों से उचित नहीं है । वर्तमान में वायरलेस नेटवर्किंग सेल्यूलर सिस्टम द्वारा हो रही है । सेलुलर नेटवर्क मोबाइल फोन पर्सनल कम्युनिकेशन सिस्टम वायरलेस नेटवर्क के लिए उपयोग होने वाली टेक्नोलॉजी है ।यह टेक्नोलॉजी हाई पावर ट्रांसमीटर रिसीवर सिस्टम को मोबाइल रेडियो टेलीफोन द्वारा परिवर्तित करती है, सेल्यूलर नेटवर्क कम पावर का उपयोग करते हैं, छोटी दूरियों में ज्यादा ट्रांसमीटर का उपयोग कर डाटा ट्रांसमिशन करते हैं । मोबाइल फोन नेटवर्क सेल्यूलर तकनीक पर आधारित है, इस तकनीक में मुख्यतः कई छोटी small) आपस में कनेक्टेड (intereconnected) ट्रांसमीटर द्वारा संचार किया जाता है ।

सेलुलर नेटवर्क में डेटा संचार इसके बेस स्टेशन ट्रांसमीटर, रिसीवर और इसकी नियंत्रण इकाई द्वारा दिया जाता है। डेटा संचार इसके बेस स्टेशन ट्रांसमीटर, रिसीवर और इसकी नियंत्रण सेलुलर नेटवर्क के कवरेज क्षेत्र को सेल में विभाजित किया जाता है, प्रत्येक सेल में संकेतों को संचारित करने के लिए अपने स्वयं के एंटीना होते हैं। प्रत्येक सेल की अपनी फ्रीक्वेंसी होती है। सामान्य भाषा में वायरलेस टेलीफोनी में, सेल एक भौगोलिक क्षेत्र है, जो सेलुलर टेलीफोन ट्रांसमीटर द्वारा कवर किया जाता है। ट्रांसमीटर सुविधा को ही सेल साइट कहा जाता है।

सेल का आकार चौकोर (square) या षट्कोण (hexagon) हो सकता है । सेल के बीच कम्युनिकेशन के लिए फ्रीक्वेंसी पुनः उपयोग की अवधारणा का उपयोग होता है । फ़्रीक्वेंसी पुनः उपयोग(reusing) किसी दिए गए क्षेत्र के भीतर समान रेडियो फ़्रीक्वेंसी का उपयोग करने की अवधारणा है, जो संचार को स्थापित करने के लिए, पर्याप्त दूरी पर सेल के बीच न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ फ्रीक्वेंसी का पुनः उपयोग करने की अनुमति देती ।

कई समन्वित सेल साइटों को सेल सिस्टम कहा जाता है। जब आप एक सेलुलर टेलीफोन सेवा प्रदाता के साथ साइन अप करते हैं, तो आपको आम तौर पर उनके सेल सिस्टम तक पहुंच प्रदान की जाती है, जो अनिवार्य रूप से स्थानीय होती है। इस सेल सिस्टम की सीमा से बाहर यात्रा करते समय, सेल सिस्टम आपको दूसरी कंपनी के सेल सिस्टम में स्थानांतरित कर सकता है, इसके बारे में आपको जानकारी नहीं होती है। इसे रोमिंग सेवा कहा जाता है। आजकल सेलुलर कंपनी आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण रोमिंग सेवा निशुल्क प्रदान कर रही है। सिस्टम में सेल साइट मोबाइल टेलीफोन स्विचिंग ऑफिस (MTSO) से जुड़ती है, जो बदले में स्टैण्डर्ड लैंडलाइन टेलीफोन सिस्टम से जुड़ती है।

4.17 मोबाइल टेलीफोन स्विचिंग ऑफिस

मोबाइल टेलीफोन स्विचिंग ऑफिस (MTSO) एक पब्लिक स्विच टेलीफोन नेटवर्क PSTN सेंट्रल ऑफिस के मोबाइल के बराबर है।एमटीएसओ में मोबाइल फोन कॉल को रूट करने के लिए स्विचिंग उपकरण या मोबाइल स्विचिंग सेंटर (एमएससी) है। इसमें उन सेल साइटों को नियंत्रित करने के उपकरण भी शामिल हैं, जो मोबाइल स्विचिंग सेंटर (एमएससी) से जुड़े हैं।

एमटीएसओ स्थानीय और लंबी दूरी की लैंडलाइन टेलीफोन कंपनियों के साथ कॉल को इंटरकनेक्ट करने, बिलिंग जानकारी आदि के लिए जिम्मेदार है। यह पंजीकरण, प्रमाणीकरण, स्थान अपडेट और कॉल रूटिंग जैसी सेवाओं का मोबाइल ग्राहकों को कुशलता से करने के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान करता है। एमटीएसओ के अधीनस्थ BSC (बेस स्टेशन कंट्रोलर) / RNC (रेडियो नेटवर्क कंट्रोलर) प्रत्येक कॉल के लिए फ्रीक्वेंसी को असाइन करने, हैंडऑफ़ के लिए फ्रीक्वेंसी को पुन: असाइन करने, हैंडऑफ़ को नियंत्रित करने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं इसलिए एक सेल (औपचारिक रूप से बीटीएस (बेस ट्रान्सीवर स्टेशन) के कवरेज क्षेत्र के रूप में जाने वाला मोबाइल फोन स्वचालित रूप से स्विच किया जा सकता है।

एमएससी (मोबाइल स्विचिंग सेंटर) एक ट्रंक समूह द्वारा एक करीबी टेलीफोन एक्सचेंज से जुड़ा हुआ है। यह (पब्लिक स्विच टेलीफोन नेटवर्क) (PSTN) को एक इंटरफ़ेस प्रदान करता है। यह PSTN को कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है। सेलुलर ज्योग्राफिक सर्विंग एरिया (CGSA) द्वारा सर्व किया जाने वाला क्षेत्र भौगोलिक सैल्स में विभाजित है। ये सैल्स आदर्श रूप से षट्कोणीय होती हैं और इन्हें शुरू में अपने केंद्रों से लगभग 4 से 8 मील दूर

एक दूसरे से अलग रखा जाता है। अन्य एमटीएसओ उपकरण, सेल साइट कंट्रोलर कमांड के माध्यम से मोबाइल फोन के सेल साइटों और कार्यों के समूह के लिए नियंत्रण कार्य प्रदान करते हैं और डेटा चैनलों को नियंत्रित करते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए, एमटीएसओ और सेल साइट के बीच कनेक्टिविटी का एक तरीका होना चाहिए। यह DS1, DS3, OCn या ईथरनेट सर्किट द्वारा हो सकता है।

4.17.1 मोबाइल कनेक्शन में हैंडऑफ

सेलुलर संचार में, हैंडऑफ़ एक सेल या सेल्यूलर नेटवर्क में एक सेल से एक सक्रिय कॉल या डेटा सेशन को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया है। उपग्रह संचार में, यह एक पृथ्वी स्टेशन से दूसरे में नियंत्रण स्थानांतरित करने की प्रक्रिया है। किसी कॉलर या डेटा सेशन उपयोगकर्ता को सेवा की रुकावट के नुकसान को रोकने के लिए हैंडऑफ़ आवश्यक है। हैंडऑफ को हैंडओवर भी कहा जाता है।

4.17.2 हैंडऑफ को ट्रिगर करने की स्थिति

निम्नलिखित में से किसी भी स्थिति में हैंडऑफ़ को ट्रिगर किया जाता है -

- यदि कोई ग्राहक जो कॉल या डेटा सेशन में है, एक सेल के कवरेज से बाहर जाता है और किसी अन्य सेल के कवरेज क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो सेवा की निरंतरता के लिए एक हैंडऑफ ट्रिगर होता है। पहले सेल द्वारा जो कार्य किए जा रहे थे, वे बाद वाले सेल में पहुँच जाते हैं।
- प्रत्येक सेल में एक पूर्व-निर्धारित क्षमता होती है, यानी यह केवल कुछ संख्या मे ग्राहकों को ही संभाल सकता है। यदि किसी विशेष सेल का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या अपनी अधिकतम क्षमता तक पहुंच जाती है, तो एक हैंडऑफ़ होता है। कुछ कॉल निकटवर्ती सैल्स में स्थानांतरित कर दी जाती हैं, बशर्ते कि ग्राहक दोनों सैल्स के परस्पर-व्यापक(overlapping) कवरेज क्षेत्र में हो।
- सैल्स को अक्सर माइक्रोसैल्स में उप-विभाजित किया जाता है। एक हैंडऑफ़ तब हो सकता है, जब बड़ी सेल से छोटे सेल में और इसके विपरीत कर्तव्यों का हस्तांतरण होता है। उदाहरण के लिए, एक बड़े सेल के अधिकार क्षेत्र में एक यात्रा करने वाला यूजर है। यदि यात्री रुक जाता है, तो बड़े सेल पर लोड को राहत देने के लिए अधिकार - क्षेत्र एक माइक्रोसेल में स्थानांतरित किया जाता है।
- संचार के लिए एक ही फ्रीक्वेंसी का उपयोग करते हुए कॉल का हस्तक्षेप होने पर हैंडऑफ भी हो सकता है।

4.17.3 हैंडऑफ के प्रकार

दो प्रकार के हैंडऑफ़ हैं -

- **हार्ड हैंडऑफ** - हार्ड हैंडऑफ में, एक सेल से दूसरे सेल में स्विच करते समय कनेक्शन में एक वास्तविक ब्रेक होता है। अगले सेल के साथ लिंक स्थापित करने से पहले मोबाइल स्टेशन से मौजूदा सेल तक रेडियो लिंक टूट जाता है। यह आम तौर पर एक इंटर -फ्रीक्वेंसी हैंडऑफ़ है। यह एक "ब्रेक बिफोर मेक " नीति है।

- **सॉफ्ट हैंडऑफ़** - सॉफ्ट हैंडऑफ़ में, रेडियो लिंक जोड़ने और मोबाइल स्टेशन पर हटाए जाने पर कम से कम एक लिंक रखा जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि हैंडऑफ़ के दौरान, कोई ब्रेक नहीं होगा । यह आम तौर पर को - लोकेटेड साइट्स में अपनाया जाता है। यह एक "मेक बिफोर ब्रेक " नीति है।

4.17.4 बेस स्टेशन

बेस स्टेशन एक निश्चित संचार का स्थान है और नेटवर्क के वायरलेस टेलीफोन सिस्टम का हिस्सा है। बेस स्टेशन ट्रांसमिटिंग यूनिट से जानकारियां प्रसारित करता है और रिसीविंग यूनिट से जानकारियां प्राप्त करता है,जैसे कि मोबाइल फ़ोन । अक्सर एक सेल साइट के रूप में जाना जाता है, एक बेस स्टेशन मोबाइल फोन को एक स्थानीय क्षेत्र में काम करने की अनुमति देता है, जब तक की यह मोबाइल या वायरलेस सेवा प्रदाता से जुड़ा हो।



बेस स्टेशन

एक बेस स्टेशन आम तौर पर ग्राउंडेड क्षेत्र के ऊपर एक स्थान पर तैनात होता है , जो कवरेज प्रदान करता है। विभिन्न प्रकार के बेस स्टेशन आवश्यक कवरेज के अनुसार सेट किए गए हैं, जो निम्नानुसार हैं:

- मैक्रोसैल्स एक सेवा प्रदाता के सबसे बड़े क्षेत्रों को कवर करने वाला बेस स्टेशन हैं और आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों और राजमार्गों में स्थित होते हैं।

- माइक्रोसैल्स कम-पावर बेस स्टेशन हैं, जो उन क्षेत्रों को कवर करते हैं, जहां ग्राहकों को सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मोबाइल नेटवर्क को अतिरिक्त कवरेज की आवश्यकता होती है। वे आमतौर पर उपनगरीय और शहरी क्षेत्रों में स्थित होते हैं।

- पिको सैल्स छोटे बेस स्टेशन हैं, जो कई उपयोगकर्ताओं के साथ उन क्षेत्रों में अधिक स्थानीयकृत कवरेज प्रदान करते हैं, जहां नेटवर्क की गुणवत्ता खराब है। पिको सैल्स को आमतौर पर इमारतों के अंदर रखा जाता है।

एक सेवा प्रदाता के पास विशिष्ट क्षेत्रों को कवर करने के लिए कई बेस स्टेशन हो सकते हैं। आदर्श रूप से, बैंडविड्थ की आवश्यकताएं बेस स्टेशनों के स्थान और सापेक्ष (Relative) दूरी के बारे में एक दिशानिर्देश के रूप में काम करती हैं। ज्यादातर मामलों में, 800 मेगाहर्ट्ज बेस स्टेशनों में अधिक पॉइंट-टू-प्वाइंट दूरी होती है, 1900 मेगाहर्ट्ज स्टेशनों की तुलना में । बेस स्टेशनों की संख्या जनसंख्या घनत्व और किसी भी भौगोलिक अनियमितताओं पर निर्भर करती है, जो सूचना के प्रसारण में हस्तक्षेप करती है, जैसे कि इमारतें और पर्वत श्रृंखलाएं।

मोबाइल फोन के सही और बेहतर तरीके से काम करने के लिए बेस स्टेशन आवश्यक है। यदि बहुत सारे नेटवर्क सब्सक्राइबर या भौगोलिक हस्तक्षेप वाले क्षेत्र में पर्याप्त बेस स्टेशन नहीं हैं, तो सेवा की गुणवत्ता बहुत प्रभावित होती है। इन मामलों में, बेस स्टेशन सब्सक्राइबर के नजदीकी निकटता वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जाता हैं, जिससे मोबाइल सेवा की गुणवत्ता को सुधारा जा सकें।

ऑनलाइन पाठ्य सामग्री

2DCA1

IT TRENDS

इकाई - पाँच

डॉ मनीष माहेश्वरी

प्रोफेसर,कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग

डॉ सुनीता द्विवेदी

विभागाध्यक्ष, न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग

प्रशांत पाराशर

ट्यूटर , प्रबंधन विभाग

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

बी -38,विकास भवन ,एम पी नगर,जोन-1,भोपाल

5.1 कृत्रिम बुद्धिमत्ता - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (Artificial Intelligence)

जैसा की आप सब जानते हैं की इस दुनिया पर जितने भी प्राणी हैं, उनमे से मनुष्य सबसे ज्यादा बुद्धिमान है। सभ्यता में सबसे ज्यादा विकास मानव ने अपने बौद्धिक कौशल के आधार पर किया है।

अपनी रचनात्मकता और बुद्धि के बल पर मानव ने कई अविष्कार किये है और हर अविष्कार ने मनुष्यो की जिंदगी को एक नई दिशा दी है। वह अपने आप कुछ ना कुछ सीखता रहता है। जैसे - किसी चीज़ को देखकर, किसी आवाज़ को सुनकर और किसी का स्पर्श महसूस करके, इससे उसे यह पता चल जाता है की उसे अब क्या करना है।

आप जैसे ही किसी परिचित व्यक्ति को देखते हैं, उसका अभिवादन करते हैं,क्योंकि हमारे दिमाग में यह डाटा पहले से संग्रहित है-

- व्यक्ति का चेहरा
- परिचित व्यक्ति का अभिवादन करना।

यहां व्यक्ति के सामने आते ही हमारे दिमाग की सर्चिंग से जिस व्यक्ति को पहचाना गया है और अभिवादन करने की जो लर्निंग/ शिक्षा पहले से हमारे दिमाग के अंदर है।यह दोनों ही मनुष्य के इंटेलीजेंस के कारण संभव हुआ है।यही प्रक्रिया जब मशीन द्वारा की जाए उसके लिए मशीन के अंदर सभी परिचित चेहरों का चित्र संग्रहित होना आवश्यक होगा, साथ ही सामने आए व्यक्ति को इस संग्रहण से सर्च करके परिचित जानना होगा।परिचित व्यक्तियों के साथ क्या व्यवहार करना है, यह मशीन को सीखना भी आवश्यक होगा।इस तरह मशीन जब व्यक्तियों की तरह का व्यवहार अपनी संग्रहण क्षमता और लर्निंग के द्वारा प्रदर्शित करेगी और मनुष्य की तरह व्यवहार कर सकेगी तब मशीन की पूरी प्रक्रिया उसका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहलाता है।

आज इंसान ने तकनीक के क्षेत्र में बहुत विकास किया है। जब कंप्यूटर बने थे तो किसी से सोचा तक नही था कि हम भविष्य में स्मार्टफोन, इंटरनेट जैसी किसी चीज का इस्तेमाल कर पाएंगे और पूरी दुनिया को छोटा सा बना देंगे।

हम सोचते भी हैं और हम विज्ञान कथा फिल्में (**Science Fiction Movies**) में कई चीज देखते है, जो भविष्य की तकनीक को दर्शाती है। इनमे से एक **artificial intelligence** होती है। वह काल्पनिक होती है, लेकिन वास्तविक दुनिया में यह तकनीक तेजी से बढ रही है। जैसे हम कुछ बोले और हमारा काम हो जाए, हमारी कार बिना ड्राइवर के हमारे निर्देशों पर चले।

लेकिन आज यह काल्पनिक नही बल्कि हमारी जिंदगी का हिस्सा बन रहे हैं। पिछले कुछ सालों में प्रौद्योगिकी को एक अलग स्तर में ले जाने के लिये कंप्यूटर विज्ञान के कुछ वैज्ञानिकों ने A I C o n c e p t को दुनिया के सामने रखा था। इसका मूल मकसद ऐसे **Computer Controlled Robot** या **Software** बनाना था जो इंसानो की तरह सोच कर किसी समस्या का हल निकाल सके।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दो शब्दों आर्टिफिशियल और इंटेलिजेंस से बना है। जहां आर्टिफिशियल मतलब "कृत्रिम या मानव निर्मित" और इंटेलिजेंस मतलब "बुद्धिमत्ता अथवा विचार अथवा तर्क शक्ति"। इसलिए एआई का अर्थ है "मानव द्वारा निर्मित बुद्धिमत्ता या कृत्रिम बुद्धिमत्ता।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जिसके द्वारा हम बुद्धिमान मशीनें बना सकते हैं। ऐसी मशीनें जो मानव की तरह सोच सके और कार्य कर सके। जो मानव की तरह व्यवहार कर सकते हैं।इंसानों की तरह सोच सकते हैं और निर्णय लेने में सक्षम हैं। उदाहरण के लिये, Speech recognition Problem Solving तथा learning और planning

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तब मौजूद होता है, जब किसी मशीन में सीखने, तर्क करने और समस्याओं को हल करने जैसे मानव आधारित कौशल हो सकते हैं।

कंप्यूटर विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**) को मशीन इंटेलिजेंस के नाम से भी जाना जाता है। यह मशीनों के द्वारा प्रदर्शित एक इंटेलिजेंस होती है, जो मनुष्य के द्वारा दर्शायी जाने वाली प्राकृतिक इंटेलिजेंस से विपरीत होती है। बोलचाल की भाषा में, “कृत्रिम बुद्धिमत्ता” शब्द का उपयोग अक्सर मशीनों या कंप्यूटर का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो ज्ञान से सम्बन्धित कार्यों की नकल करते है तथा मानव मन के साथ जुड़ते है, जैसे “सीखना” और “समस्या को हल करना”।

ज्ञान से सम्बन्धित कार्य करने की क्षमता वाली एक मशीन जैसे कि सोचना, विचार करना, सीखना, तर्क करना और समस्याओं को हल करना एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता को धारण करने के लिए समझा जाता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वह इंटेलिजेंस है, जो मशीनें प्रदर्शित करती हैं। यह हमें ऐसी मशीनें बनाने की अनुमति देता है, जो कई कार्य कर सकती हैं और त्रुटि के बिना वास्तविक समस्याओं को हल कर सकती हैं। वास्तव में, एआई दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित करके दक्षता और उत्पादकता में सुधार कर सकता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इसमे परिपूर्ण बनाने के लिए उसे लगातार तैयार किया जा रहा है। पुराने अनुभवों के द्वारा मशीनों को प्रशिक्षित किया जाता है। नए इनपुट के साथ तालमेल बनाने और मानव जैसे कार्यो को करने के लिए तैयार किया जाता है। ऐसी मशीन बनाई जा रही है, जो अपने वातावरण एवं परिस्थिति के साथ परस्पर संवाद (**interact**) करके प्राप्त डेटा पर खुद बुद्धिमानी से कार्य कर सकती है। यानी अगर भविष्य में **AI concept** और मजबूत होता है, तो यह हमारे दोस्त जैसा होगा। अगर आपको कोई समस्या आयेगी तो उसके लिए क्या करना है, यह आपको खुद सोच कर बतायेगा।

5.1.1 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लक्ष्य

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुख्य लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

ज्ञान-गहन (**Knowledge Intensive**) कार्यों को हल करने के लिए- मशीन से मनुष्य की तरह इंटेलिजेंट काम करवाना जिसमें मशीन और मनुष्य के काम के बीच कोई अंतर ना दिखाई दे। ऐसी मशीनों का निर्माण करना जो मानव बुद्धि की आवश्यकता वाले कार्यों को कर सकती है, जैसे जो इंसानों की तरह समझें, सोचें, सीखें और व्यवहार करें।

एक्सपर्ट सिस्टम बनाने के लिए - वे प्रणाली जो बुद्धिमान व्यवहार को प्रदर्शित करते हैं। अपने आप से नई चीजें सीखते हैं, प्रदर्शित करते हैं, समझाते हैं और अपने उपयोगकर्ताओं को सलाह देते हैं।

5.1.2 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापक अनुप्रयोग हैं-

- गेमिंग (**Gaming**) -

कई वीडियो गेम्स में एआई आधारित है। कई सारी गेम्स में हम मनुष्य को कंप्यूटर से खेलना होता है। एआई मशीनें शतरंज की तरह रणनीतिक खेल खेल सकती हैं, जहां मशीन को बड़ी संख्या में संभावित स्थानों के बारे में सोचना पड़ता है। गेम्स में मशीन हर चाल के विरुद्ध पूरी तरह से विश्लेषण कर नई चाल चलती है।यही नहीं जिस तरह की चालें मशीन के पास संग्रहित नहीं होती है, उन्हें साथ ही संग्रहित भी करती जाती है, जो भविष्य में विश्लेषण में शामिल हो सकते हैं। बोर्डगेम्स, बोट (**Bot**), कॉम्बैट (Combat), इवॉल्विंगसराउंडिंग (**Evolving Surrounding**) कुछ एआई आधारित गेम की श्रेणियां है।

- विज़न सिस्टम (**Vision System)/Image Recognition** :(छवि/ चित्र पहचान)

ये सिस्टम कंप्यूटर पर विजुअल इनपुट को समझते हैं, उसकी व्याख्या करते हैं। उदाहरण के लिए, लैपटॉप/ मोबाइल चालू करते समय चेहरे की पहचान से लॉगइन होता है (**Face Detection**), या फिंगर टिप्स लॉक । पुलिस कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का उपयोग करती है, जो फॉरेंसिक कलाकार द्वारा बनाए गए संग्रहीत चित्र के साथ अपराधी के चेहरे को पहचान सकती है। एक और उदाहरण है फेस बुक, फेस बुक पर जब आप कोई सामूहिक फोटो अपलोड करते हैं, आपकी फेस बुक कांटेक्ट के उस फोटो में उपस्थित सभी व्यक्तियों को फोटो टैग हो जाता है, इस प्रक्रिया में फेसबुक एआई फेस रिकॉग्निशन प्रक्रिया का उपयोग करता है।

- वाक् पहचान (**Speech Recognition**)

जबकि एक मानव मशीन से बात करता है, तो बुद्धिमान प्रणालियाँ भाषा को वाक्यों और उनके अर्थों के संदर्भ में सुनने और समझने में सक्षम हैं। **Google** का **Voice search feature** इस का उदाहरण है।

- हैंडराइटिंग रिकॉग्निशन (**Handwriting Recognition**)

हैंडराइटिंग रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर एक पैन द्वारा या एक स्टाइलस द्वारा स्क्रीन पर (कागज की तरह) लिखे गए टेक्स्ट को पढ़ता है। यह अक्षरों के आकार को पहचान सकता है और इसे संपादन योग्य पाठ में बदल सकता है।

- रोबोट (Robots)-

रोबोटिक्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उल्लेखनीय भूमिका है। आमतौर पर, सामान्य रोबोट को ऐसे प्रोग्राम किया जाता है कि वे कुछ दोहराए जाने वाले कार्य कर सकते हैं। लेकिन एआई की मदद से हम बुद्धिमान रोबोट बना सकते हैं जो अपनी गलतियों से सीखने में सक्षम हैं और वे नए वातावरण के लिए अनुकूल हो सकते हैं। बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करने के लिए उनके पास कुशल प्रोसेसर, कई सेंसर और विशाल मेमोरी है। हाल ही में एरिका और सोफिया नाम के बुद्धिमान ह्यूमनॉइड रोबोट को विकसित किया गया है जो मनुष्यों की तरह बात कर सकते हैं और व्यवहार कर सकते हैं।

- सेल्फ ड्राइविंग कार (**Self-Driving Cars**)

ऐसी स्व-चालित कार जो बिना ड्राइवर के चलती हैं, सेल्फ-ड्राइविंग कार कहलाती है। टेस्ला कंपनी की प्रसिद्ध सेल्फ-ड्राइविंग कारें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक शानदार वास्तविक जीवन का अनुप्रयोग है। इन कारों में बहुत सारे सेंसर लगे होते है जो सड़क और उस पर अन्य चीजों की निगरानी एवं जांच करते हुए आगे बढ़ती हैं।

- प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (Natural Language Processing)

इसके उपयोग से मानव द्वारा बोली जाने वाली भाषा में कंप्यूटर के साथ बातचीत करना संभव है। कंप्यूटर को हमारी भाषा को समझने के लिए **Programme** किया जाता है। मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का उपयोग कर बोली, भाषा अथवा भाषण की ध्वनियों को शब्दों और विचारों में परिवर्तित करने की एक प्रक्रिया है। विश्व में

अनेकों भाषाएं (**Language**) बोली जाती है,एक भाषा की भी कई बोलियां (**dialect**) होती हैं। अतः अगर मशीन से व्यक्ति की बातचीत होनी है तो मशीन को भाषा और बोली के सभी शब्दों, मुहावरों आदि की समझ होना जरूरी है। यह सब प्रक्रिया **NLP** के तहत हो रही है। ए आई सिस्टम के तहत किसी विषय पर अलग-अलग लोगों की चर्चा को सुनकर निष्कर्ष निकालना भी संभव है।

- मनोरंजन में ए.आई (**AI in Entertainment**)

ए आई का विकास अभी बहुत ही प्राथमिक स्थिति में है, मनोरंजन के क्षेत्र में इसका उपयोग अभी थोड़ा ही हुआ है, जो समय के साथ बढ़ता चला जा रहा है। वर्तमान में हम अपने दैनिक जीवन में कुछ मनोरंजन सेवाओं जैसे नेटफ्लिक्स या अमेज़ॅन के साथ एआई आधारित अनुप्रयोगों का उपयोग कर रहे हैं। एआई एल्गोरिदम की मदद से, ये सेवाएं कार्यक्रमों या शो के लिए हमारी पसंद की सिफारिशें दिखाती हैं। दर्शकों को कौन सी लोकेशन या स्थितियां पसंद आ रही हैं, यह भी एआई के माध्यम से जाना जा रहा है।स्क्रिप्ट के हिसाब से कहानी का नाम का सुझाव भी एआई सिस्टम दे रहा है।

- विशेषज्ञ प्रणाली (**Expert Systems**)

कुछ अनुप्रयोग हैं जो मशीन, सॉफ्टवेयर और विशेष जानकारी को तर्क और सलाह प्रदान करने के लिए एकीकृत करते हैं। वे उपयोगकर्ताओं को स्पष्टीकरण और सलाह प्रदान करते हैं।

- कृषि में ए.आई (**AI in Agriculture**)

कृषि के क्षेत्र में ए आई मुख्यतःफसल और मिट्टी की परख और निगरानी, के लिए होता है।इसके साथ ही बहुत सारे ए आई तथा मशीन लर्निंग टूल है, जो यह जानकारी देती हैं कि किस समय पर कौन से बीज लगाना उपयुक्त होगा। **Microsoft India - AI based Sowing App** एक ऐप है, जो यह सहूलियत भारत में दे रहा है ।इसके अतिरिक्त अगर किसी तरह का कीटों से खतरा है तो उसके लिए भी अलर्ट जारी करते हैं। कंपनी और कृषि के बीच आपूर्ति श्रृंखला (**supply chain**) का काम भी एआई के उपयोग से किया जा रहा है।

- हेल्थकेयर में एआई (**AI in Health Care**)

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मुख्य उद्देश्य मनुष्य के ज्ञान संबंधी कार्यों की नकल करना है, जिससे पुराने डाटा के आधार पर मनुष्यों द्वारा किया जाने वाला काम मशीन से कराया जा सके। इस बदलते हुए परिदृश्य ने हेल्थ केयर के क्षेत्र में भी बहुत प्रभाव डाला है। हेल्थ केयर के क्षेत्र में एआई का उपयोग हो भी रहा है और भविष्य में ए आई तकनीक के और विकास से इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। आजकल फिटनेस बैंड बहुत प्रचलन में है।फिटनेस बैंड प्रयोग करते समय सेटिंग के अनुसार यह बैंड आपको आपकी सेहत के हिसाब से नोटिफिकेशंस देते हैं।वर्तमान में हार्ट रेट कितना है, और आपकी उम्र और वजन के हिसाब से कितना व्यायाम आवश्यक है, इस तरह के फीचर्स वाले स्मार्ट बैंड एआई का उपयोग भी डाटा एनालिसिस के लिए करते हैं।

चिकित्सा क्षेत्र में सबसे आवश्यक होता है, व्यक्ति की बीमारी और जांच के नतीजों को संग्रहित करके रखना। जितना अधिक यह डाटा उपलब्ध होगा, उसका विश्लेषण कर उचित इलाज करना उतना ही ज्यादा आसान होता जाएगा। ए आई का उपयोग मेडिकल रिकॉर्ड और अन्य संबंधित डाटा को संभालने और उनका विश्लेषण बिना त्रुटि और तीव्रता से किए जाने में उपयोग हो रहा है। इसके अतिरिक्त ऐसे कई काम जो चिकित्सा क्षेत्र में मशीन द्वारा ही किए जाते हैं, जैसे रोबोट द्वारा तेजी से और अच्छे से किए जा सकते हैं। हृदय रोग, रेडियो लॉजी इन सभी में आवश्यक है, की इलाज के पूर्व बहुत ज्यादा जानकारी सूक्ष्मता के साथ उपलब्ध हो, एआई सिस्टम यह कार्य कर सकते हैं। ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श भी ले पाना संभव है,अपनी मेडिकल हिस्ट्री और बीमारी के लक्षण डालकर एआई सॉफ्टवेयर द्वारा चिकित्सीय परामर्श लिया जा सकता है।डॉक्टर के आने के अंतराल के बीच नर्स जिस तरह की देखभाल करती हैं यह सभी मशीन/ रोबोट द्वारा संभव हो सकता है। मेडिकल ट्रायल के पेशेंट्स की देखभाल, दवा बनाने की कंपनियां में बीमारियां से संबंधित दवा की टेस्टिंग, इन सभी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग हो भी रहा है और भविष्य में और दक्षता के साथ इनका उपयोग किए जाने की तकनीक भी विकसित हो रही है। शरीर के बेहद नाजुक

हिस्सों जैसे ब्रेन के ऑपरेशन में कुशल चिकित्सकों द्वारा भी ऑपरेशन किए जाने में मानवीय त्रुटि होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। कई बार पूरी मेडिकल हिस्ट्री की अनुपलब्धता भी सही चिकित्सीय देखभाल में बाधा डालती है। भविष्य में संभव है, पीढ़ियों का डाटा विश्लेषण के लिए उपलब्ध होगा और उस विश्लेषण के नतीजों के आधार पर कठिन बीमारियों को समझना और उपचार करना ए आई के कारण संभव हो पाएगा। ए आई द्वारा चलित रोबोट से ऑपरेशन में त्रुटि होने की संभावना भी कम हो जाएगी।वर्तमान में इनमें से कुछ सिर्फ कल्पनाएं हैं, जिनके विकास पर बहुत तेजी से काम हो रहे हैं।

5.1.3 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कुछ मुख्य लाभ निम्नलिखित हैं:

- एआई में मशीन पूर्व-अनुभव या जानकारी के अनुसार सीखने में सक्षम हैं, इसलिए एआई मशीन या सिस्टम कम त्रुटियों और उच्च सटीकता के होते हैं।
- एआई सिस्टम में कई प्रोसेसर और सेंसर होते है इसलिए यह बहुत हाई-स्पीड और तेज़ी से निर्णय लेने वाले होते हैं। एआई सिस्टम शतरंज के खेल में एक शतरंज चैंपियन को हरा सकता है।
- इंसानों की कार्य क्षमता की सीमाएं होती हैं। इसके अतिरिक्त हर व्यक्ति की कार्य क्षमता भी भिन्न-भिन्न होती है। जिसके कारण हम अपने कामो को पूरा करने में बहुत ज्यादा समय लगाते है और उनमे ज्यादा गलतियां भी होती है। एआई मनुष्यो की तुलना में काफी अधिक तेजी से काम कर सकता है। क्योंकि यह एक प्रकार की मशीन है, इसलिए यह काम करने में कभी नही थकता और हमारी तरह कभी विराम भी नही लेता।
- एक ही तरह के काम को बार-बार किया जाना बहुत ही थकान वाला होता है। एआई एल्गोरिदम की मदद से इस तरह की नौकरियों/ पेशे को बहुत ही आसानी से संभाला जा सकता है। मशीनों को लंबे समय तक काम करने के लिए प्रोग्राम किया जा सकता है। मशीनें मनुष्यों की अपेक्षा बहुत तेजी से सोचती है और यह बेहतर परिणाम पाने के लिए मल्टी-टास्किंग कार्य को भी कर सकती है।

- इन मशीनों को खतरनाक कार्यों में भी उपयोग किया जा सकता है जहां मनुष्य के कार्य करने पर चोट लगने की संभावना हो। एआई मशीनें बम को डिफ्यूज करने, समुद्र तल की खोज करने, जहां मानव जिंदगी जोखिम भरी हो सकती हैं, जैसी स्थितियों में मददगार हो सकती हैं।
- एआई उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल सहायक प्रदान करने के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है, जैसे कि एआई तकनीक वर्तमान में विभिन्न ई-कॉमर्स वेबसाइटों द्वारा ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार उत्पादों को दिखाने के लिए उपयोग की जाती है।
- एआई सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है, जैसे कि एक सेल्फ-ड्राइविंग कार जो हमारी यात्रा को सुरक्षित और परेशानी मुक्त बना सकती है, सुरक्षा उद्देश्य के लिए चेहरे की पहचान, मानव भाषा में मानव के साथ संवाद करने के लिए प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण आदि।

5.2 विशेषज्ञ प्रणाली (एक्सपर्ट सिस्टम/ EXPERT SYSTEM)

विशेषज्ञ प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का एक हिस्सा है। विशेषज्ञ प्रणाली एक कंप्यूटर एप्लीकेशन है, जो मानव विशेषज्ञ की तरह निर्णय लेने की क्षमता का अनुकरण करती है।

विशेषज्ञ प्रणाली (एक्सपर्ट सिस्टम) द्वारा कई उन समस्याओं को हल किया जा सकता है, जिनके लिए आमतौर पर मानव विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। जैसे किसी मनुष्य की बीमारी का पता लगाना, मौसम की भविष्यवाणी करना, वित्तीय पूर्वानुमान करना आदि। विशेषज्ञ प्रणाली एक परस्पर संवादात्मक (**interactive**) और भरोसेमंद कंप्यूटर आधारित निर्णय लेने की प्रणाली है। यह उपयोगकर्ता के प्रश्नों के अनुसार तथ्य (**facts**), तर्क (**logic**) और अनुमानों (**Presumptions**) के आधार पर जटिल समस्याओं का समाधान निकालता है।

इन प्रणालियों को एक विशिष्ट ज्ञान क्षेत्र या डोमेन के जटिल मुद्दों को हल करने लिए डिज़ाइन किया गया है। डोमेन नॉलेज से तात्पर्य किसी क्षेत्र विशेष में जानकारी होने से होता है, जैसे चिकित्सा, विज्ञान आदि। यह उस विशेष डोमेन

नॉलेज को व्यक्त करने, तर्क वितर्क करने तथा जटिल समस्या को हल करने में सक्षम होता है।

इसमें उच्च स्तर की ह्यूमन इंटेलिजेंस (**human intelligence**) और विशेषज्ञता (**expertise**) का इस्तेमाल करके ज्ञान को ज्ञानकोष में संग्रहीत किया जाता है। यह अपने ज्ञानकोष में संग्रहित ज्ञान का उपयोग कर एक विशेषज्ञ के रूप में जटिल मुद्दे को हल करता है। यह प्रणाली मानव विशेषज्ञ की तरह तथ्यों और अनुमान दोनों का उपयोग करके समस्याओं को समझ कर निर्णय लेने में मदद करती है। एक विशेषज्ञ प्रणाली का प्रदर्शन विशेषज्ञ के गहन ज्ञान के आधार पर कंप्यूटर में संग्रहीत ज्ञान पर आधारित है। जितना अधिक ज्ञान, ज्ञानकोष में संग्रहीत होता है, उतना ही वह प्रणाली अपने प्रदर्शन में सुधार करती है। विशेषज्ञ प्रणाली का एक सामान्य उदाहरण **Google** खोज (**Search**) बॉक्स में टाइप करते समय वर्तनी की त्रुटियों का सुझाव है।

5.2.1 विशेषज्ञ प्रणाली के उदाहरण (Examples of Expert System)

एक्सपर्ट सिस्टम के उदाहरण निम्नलिखित हैं-

CADUCEUS और **MYCIN** चिकित्सा निदान प्रणाली थे। उपयोगकर्ता कंप्यूटर पर अपने लक्षणों का वर्णन करता है, जैसे वे डॉक्टर के पास जाते हैं। एक्सपर्ट सिस्टम लक्षण के आधार पर दवाओं की सिफारिश करता है और एक चिकित्सा निदान देता है।

DENDRAL एक्सपर्ट सिस्टम का उपयोग आणविक संरचना **(Molecular Structure)** को समझने, अनुमान लगाने तथा रासायनिक विश्लेषण के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

PXDES एक्सपर्ट सिस्टम का उपयोग फेफड़ों के कैंसर को पहचानने तथा उसकी तीव्रता मापने में किया जाता है।

CaDet विशेषज्ञ प्रणाली जो प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान कर सकती है।

SMHPAL कई अक्षमता/विकलांगता वाले छात्रों के मूल्यांकन के लिए एक विशेषज्ञ प्रणाली है।

HEARSAY विशेषज्ञ प्रणाली के माध्यम से आवाज की पहचान करने का एक प्रारंभिक प्रयास है।

5.2.2 एक्सपर्ट सिस्टम की आवश्यकता:

जब हर क्षेत्र में विशेषज्ञ के रूप में मानव काम कर रहे हैं, "तब भी एक्सपर्ट सिस्टम की आवश्यकता क्यों है" के लिए हम निम्न बिंदुओं पर बात करें -

- मनुष्य की, चीजों को याद रखने की सीमाएं होती हैं, एक मशीन में जितना डेटा रखा जाए संग्रहित हो जाता है।
- नॉलेज बेस को यदि उचित नॉलेज से अपडेट किया जाता है तो यह कुशलता से काम करता है जबकि व्यक्तियों एक ही नॉलेज बेस देने के बावजूद उनकी कुशलता अलग अलग होती है।
- एक ही डोमेन में कई विशेषज्ञ होते हैं,प्रत्येक के पास अलग कौशल, अनुभव होने के कारण यह आसान नहीं कि किसी क्वेरी के जवाब में अंतिम उत्तर प्राप्त हो।लेकिन यदि विशेषज्ञों से दिया हुआ ज्ञान एक्सपर्ट सिस्टम में संग्रहित किया जाता है, तो सभी तथ्य और नॉलेज की सहायता से क्वेरी का उचित अंतिम उत्तर देते हैं।
- एक्सपर्ट सिस्टम में मानवीय संवेदना, थकान, चिंता, गुस्सा, अवसाद आदि नहीं होते इसलिए भी यह अधिक क्षमता से कार्य कर सकते हैं।
- किसी प्रश्न को हल करने में पूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हैं।मनुष्यों में किसी संदर्भ में गोपनीयता, निजता और सुरक्षा शत प्रतिशत मिल पाने में संशय बना रहता है।
- संग्रहण क्षमता के कारण यह सभी तथ्यों का उपयोग क्वेरी के लिए कर पाते हैं और कई स्थितियों में मनुष्य सभी तथ्यों को एक साथ एकत्रित कर निर्णय नहीं ले पाते।
- एक्सपर्ट सिस्टम को लगातार अपग्रेड किया जा सकता है, इस की कार्य क्षमता सतत रूप से बढ़ती जाती है। मनुष्यों की साथ इसमें काफी सीमित संभावनाएं होती है

5.2.3 एक्सपर्ट सिस्टम के घटक

एक्सपर्ट सिस्टम के घटकों में सम्मिलित हैं -

1. यूजर इंटरफ़ेस
2. इन्फ्रेंस इंजन
3. नॉलेज बेस

हम इन्हें एक-एक करके समझते हैं -

1. **यूजर इंटरफेस (User Interface)** - यूजर इंटरफेस की सहायता से, विशेषज्ञ प्रणाली उपयोगकर्ता (यूजर) के साथ संवाद स्थापित (बातचीत) करती है। यह घटक उपयोगकर्ता द्वारा प्रयोग में लाया जा रही भाषा में प्रश्नों को लेता है, और इसे "इन्फ्रेंस इंजन (**Inference Engine**)" में भेजता है। इन्फ्रेंस इंजन से प्रतिक्रिया मिलने के बाद, यह उपयोगकर्ता को परिणाम प्रदर्शित करता है। दूसरे शब्दों में, यह एक इंटरफ़ेस है जो गैर-विशेषज्ञ उपयोगकर्ता को एक्सपर्ट सिस्टम के साथ संचार करने में मदद करता है। उपयोगकर्ता के लिए यह जरूरी नहीं है की वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का विशेषज्ञ हो.
2. **इन्फ्रेंस इंजन (Inference Engine)** - इन्फ्रेंस इंजन में किसी विशेष समस्या को हल करने के लिए नियम संग्रहित होते हैं।इसलिए इस को एक्सपर्ट सिस्टम का मस्तिष्क कहा जाता है यह यूजर की समस्याओं (**query)** का समाधान करने के लिए तथ्यों (**facts**) और नियमों (**rules**) का चयन करता है। एक सही, दोषरहित समाधान के लिए आवश्यक है, कि इन्फ्रेंस इंजन द्वारा सही प्रक्रियाओं और नियमों का उपयोग हो।

   किसी निष्कर्ष को प्राप्त करने या नई जानकारी को निकालने के लिए यह नॉलेज बेस पर इन्फ्रेंस नियम को लागू करता है। यह उपयोगकर्ता द्वारा पूछे गए प्रश्नों के त्रुटि- रहित समाधान को प्राप्त करने में मदद करता है। यह आवश्यकता होने पर नए ज्ञान को नॉलेज बेस में सम्मिलित करता है और उन विवादों का समाधान निकालता है,जब किसी अनुप्रयोग में एक से ज्यादा नियम लागू होते हैं।

प्रश्न के उचित जवाब के लिए इन्फ्रेंस इंजन निम्न रणनीतियों का उपयोग करता है

A फॉरवर्ड चेनिंग (Forward Chaining)

यह विशेषज्ञ प्रणाली की कार्यनीति का हिस्सा है की वह इस सवाल का जबाव दे सकें, **"आगे क्या हो सकता है?"**

अतः इन्फ्रेंस इंजन स्थितियों, शर्तों और कारणों के अनुक्रम का अनुसरण करता है और अंत में निष्कर्ष निकालता है। वह सभी तथ्यों और नियमों पर विचार करता है। इस कार्यनीति का उपयोग निष्कर्ष, परिणाम या प्रभाव पर कार्य करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए, ब्याज दरों में परिवर्तन के आधार पर शेयर बाजार की स्थिति का पूर्वानुमान लगाना।

B बैकवर्ड चेनिंग (Backward Chaining)

यह विशेषज्ञ प्रणाली की कार्यनीति का हिस्सा है की वह इस सवाल के उत्तर का पता लगाती है की "यह क्यों हुआ?"

पूर्व में हो जो चुका है उसके आधार पर, इन्फ्रेंस इंजन यह पता लगाने की कोशिश करता है कि इस तरह के परिणामों के लिए अतीत में कौन सी स्थितियां हो सकती थीं। इस रणनीति का उपयोग कारण और वजह को जानने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए, मानव शरीर में कैंसर के होने के कारण की जांच करना।

3. नॉलेज बेस (Knowledge Base) - बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करने के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है। इसके नॉलेज बेस में किसी विशिष्ट ज्ञानक्षेत्र (डोमेन) से संबंधित उच्च-गुणवत्ता वाला ज्ञान शामिल है। नॉलेज बेस का अर्थ **"तथ्यों के भंडार"** से है। डेटा तथ्यों का संग्रह है। यह किसी ज्ञानक्षेत्र की समस्या (कार्य डोमेन) के हिसाब से डेटा और तथ्यों के रूप में जानकारी को एकत्रित या व्यवस्थित करता है। इसके साथ समस्या

को हल करने के नियम और प्रक्रियाओं की जानकारी इसमें शामिल होती है।

यह कह सकते हैं कि एक्सपर्ट सिस्टम की सफलता मुख्यतः नॉलेज बेस पर निर्भर होती है। यह ज्ञान का भंडारण है जिसमें अलग-अलग क्षेत्र की विशिष्ट जानकारियों का संग्रह होता है।यह विशेष ज्ञानक्षेत्र (डोमेन) के विभिन्न विशेषज्ञों से प्राप्त ज्ञान को संग्रहीत करता है। जितना अधिक ज्ञान का आधार होगा, उतना ही सटीक होगा एक्सपर्ट सिस्टम।

- ज्ञान प्रतिनिधित्व (**Knowledge Representation**)- किसी ज्ञान (**Knowledge**) को नॉलेज बेस में व्यवस्थित करने का तरीका है। विशेषज्ञ प्रणाली के उपयोगकर्ता को यह समझाने में मदद करता है कि विशेषज्ञ प्रणाली किसी विशेष निष्कर्ष पर कैसे पहुंची। यह **IF THEN ELSE** नियमों पर आधारित है।

- ज्ञान अर्जन (**Knowledge Acquisition**) - नॉलेज एक्विजिशन अथवा ज्ञान अर्जन विभिन्न विशेषज्ञों से किस प्रकार ज्ञान प्राप्त कर ज्ञान के आधार में संग्रहीत किया जा सकता है। किसी भी विशेषज्ञ प्रणाली की सफलता प्रमुख रूप से ज्ञान के आधार में संग्रहीत जानकारी की गुणवत्ता, पूर्णता और सटीकता पर निर्भर करती है। ज्ञान का आधार संबंधित विषय के विशेषज्ञों और विद्वानों से उस डोमेन की जानकारी और सूचनाओं को प्राप्त कर ने से बनता है। प्राप्त जानकारी और सूचनाओं को **IF THEN ELSE** के नियमों के तहत अर्थपूर्ण व सार्थक तरीके से वर्गीकृत किया जाता है जिससे इंटरफ़ेस मशीन द्वारा आसानी से उपयोग किए जा सके।

5.2.4 विशेषज्ञ प्रणाली की विशेषताएं (Characterstic of Expert System)

विशेषज्ञ प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं-

- विशेषज्ञ प्रणाली उच्च दक्षता और सटीकता के साथ किसी विशिष्ट डोमेन के लिए बनाई जाती है। किसी भी प्रकार की जटिल समस्या को हल करने के लिए प्रभावी, सटीक और उच्च प्रदर्शन प्रदान करती है।
- एक विशेषज्ञ प्रणाली किसी भी जटिल समस्या का कम समय में सटीक समाधान करके यूजर को प्रतिक्रिया देता है।
- एक एक्सपर्ट सिस्टम इस तरह से प्रतिक्रिया प्रदान करें जिसे उपयोगकर्ता द्वारा आसानी से समझा जा सके। यह मानव भाषा में इनपुट ले सकता है और उसी तरह आउटपुट प्रदान करता है।
- विशेषज्ञ प्रणाली विश्वसनीय होना चाहिए तथा इसके द्वारा सटीक आउटपुट उत्पन्न होना चाहिए।
- विशेषज्ञ प्रणाली लचीला होना चाहिए जिससे समय-समय पर इसमें नई जानकारी को जोड़ा जा सके।

5.2.5 विशेषज्ञ प्रणाली के लाभ (Advantages of Expert System)

- यह कंप्यूटर प्रोग्राम आधारित होते हैं इसलिए किसी समस्या पर निर्णय लेने या चुनने के तरीके पर सभी नियम और शर्तें हमेशा स्पष्ट होती है। यह भावनाओं, तनाव या थकान से प्रभावित नहीं होता बल्कि इसमें सभी ज्ञान या तर्क क्रमबद्ध होते हैं। जिसके कारण इन प्रणालियों का प्रदर्शन स्थिर रहता है।मतलब एक सी स्थिति में हर बार एक ही निर्णय मिलता है।
- विशेषज्ञ प्रणाली के सॉफ्टवेयर एक ही समय में सभी के लिए उपलब्ध हैं। कई उपयोगकर्ता एक साथ एक एक्सपर्ट सिस्टम का उपयोग कर सकते हैं और तुरंत उससे प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकते हैं।
- विशेषज्ञ प्रणाली बहुत सारे नियम और शर्तें हमेशा होती हैं, जिनको मेमोरी में स्टोर करके रखते हैं। मेमोरी में ज्ञान संग्रहीत करने के कारण सभी के लिए समान रूप से सुलभ हैं और काम को तेजी से करते है।

- विशेषज्ञ प्रणाली हमेशा उपलब्ध हैं। इन तक कभी भी यानि 24*7 तक पहुँचा जा सकता है। यह मानव विशेषज्ञों पर विशेषज्ञ प्रणाली के महत्वपूर्ण लाभों में से एक है।
- उनका उपयोग जोखिम भरे स्थानों के लिए किया जा सकता है, जहां मनुष्य की उपस्थिति सुरक्षित नहीं है।
- विशेषज्ञ प्रणाली की गलती करने की दर मानवीय गलतियों की तुलना में कम है।
- समस्या-समाधान के लिए परामर्श विशेषज्ञों का खर्च कम करता है।

5.2.6 विशेषज्ञ प्रणाली की सीमाएँ

- यदि ज्ञान आधार में त्रुटियां या गलत जानकारी स्टोर है, तो विशेषज्ञ प्रणाली के निर्णय गलत हो सकते है।
- विशेषज्ञ प्रणाली आम तौर पर एक विशिष्ट ज्ञान तंत्र के लिए बनाया जाता है। जबकि एक मानव एक से अधिक क्षेत्रों में विशेषज्ञ हो सकता है। अलग-अलग ज्ञान क्षेत्रों के अलग-अलग विशेषज्ञ प्रणाली बनाए जाते हैं।
- विशेषज्ञ प्रणाली को खरीदने या इनस्टॉल करने के लिए आवश्यक समय और लागत बहुत अधिक है। एक्सपर्ट सिस्टम विकसित करने के लिए और आवश्यक ज्ञान प्राप्त करने के लिए भारी मात्रा में समय की आवश्यकता होती है।
- प्रत्येक समस्या अलग है इसलिए एक मानव विशेषज्ञ रचनात्मक तरीके से अलग अलग समाधान बता सकते हैं। लेकिन एक विशेषज्ञ प्रणाली विभिन्न परिदृश्यों के लिए रचनात्मक उत्पादन नहीं कर सकता है।

5.2.7 विशेषज्ञ प्रणालियों के विकास में भागीदार

विशेषज्ञ प्रणाली के निर्माण में तीन प्राथमिक भागीदार हैं -

- डोमेन विशेषज्ञ- वह एक व्यक्ति या समूह है, जिसकी विशेषज्ञता और ज्ञान एक विशेषज्ञ प्रणाली को विकसित करने के लिए लिया जाता है। एक

विशेषज्ञ प्रणाली Expert System की सफलता विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किए गए ज्ञान पर निर्भर करती है।

- नॉलेज इंजीनियर: नॉलेज इंजीनियर एक तकनीकी व्यक्ति होता है, जो डोमेन विशेषज्ञों से ज्ञान इकट्ठा करता है और कंप्यूटर सिस्टम में ज्ञान को एकीकृत करता है।
- एंड-यूज़र (उपयोगकर्ता)- यह एक व्यक्ति या लोगों का समूह है, जो सलाह प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञ प्रणाली का उपयोग करता है।

5.2.8 विशेषज्ञ प्रणाली के अनुप्रयोग (Applications of Expert System)

औद्योगिक और वाणिज्यिक समस्याओं के लिए विशेषज्ञ प्रणाली प्रौद्योगिकी के बहुत अनुप्रयोग है। ज्ञान के विविध क्षेत्रों में इस तरह के एप्लीकेशन उपयोग में आते हैं। एक्सपर्ट सिस्टम के कुछ लोकप्रिय अनुप्रयोग निम्नलिखित है-

- इस तरह के सिस्टम में एक या अधिक जटिल समस्याओं और उनके लक्ष्य का अध्ययन किया जाता है। पता लगाया जाता है, कि लक्ष्य किस प्रकार प्राप्त किया गया है। उनमें होने वाले क्रियाओं का समयबद्ध अध्ययन किया जाता है। इस में शामिल व्यक्तियों, कर्मियों, साज सामान एवं अन्य समस्याओं का अध्ययन किया जाता है। इसका व्यवसाय कार्यक्षमता को बढ़ाने में उपयोग किया जाता है। उदाहरणों में एयरलाइन में विमान की उड़ान के समय उड़ानों, कर्मियों और फाटकों का समयोचित प्रबंधन किया जा सकता है, फैक्ट्री में जॉब शॉप शेड्यूलिंग, फैक्ट्री में निर्माण प्रक्रिया की योजना, जहाज़ी माल (कार्गो) की शेड्यूलिंग करना।
- प्रक्रियाओं की निगरानी करने के लिए भौतिक उपकरणों से वास्तविक समय में आंकड़ों को प्राप्त करता है। विसंगतियों और विफलता को दूर करने, भविष्य की प्रवृत्ति क्या होगी, अध्ययन कर निर्धारित लक्ष्य बनाते हैं। रीयल-टाइम सिस्टम के उदाहरण जिसमें सक्रिय रूप से प्रक्रियाओं की निगरानी करते हैं, वे इस्पात बनाने और तेल शोधन उद्योगों में पाए जा सकते हैं।

- ऐसे सिस्टम शामिल हैं, जो डिवाइस के दोषों को कम करते हैं और खराबी आने पर गलतियों को ठीक करते हुए अनुभव अर्जित करते हैं। उदाहरण वाहनों, कंप्यूटरों में दोषों का पता लगाना।
- विशेषज्ञ प्रणाली का मुख्य कार्य ज्ञान वितरित करना है, जो उपयोगकर्ता की समस्या के संदर्भ में प्रासंगिक है। इस डोमेन के लिए उपयोग किए जाने वाले दो व्यापक विशेषज्ञ प्रणाली हैं। पहला एक सलाहकार है, जो किसी उपयोगकर्ता को किसी पाठ में उपयुक्त व्याकरणिक उपयोग के बारे में बताता है। दूसरा एक कर सलाहकार है जो एक कर तैयारी कार्यक्रम में शामिल होता है और उपयोगकर्ता को कर रणनीति, रणनीति और व्यक्तिगत कर नीति पर सलाह देता है।
- वित्तीय सेवा उद्योगों में विशेषज्ञ प्रणाली तकनीकों का उपयोग किसी भी प्रकार के संभावित धोखाधड़ी, संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने और बैंकरों को सलाह देने के लिए किया जाता है कि उन्हें व्यवसाय के लिए ऋण प्रदान करना चाहिए या नहीं। बीमा कंपनियों ने ग्राहक द्वारा प्रस्तुत जोखिम का आकलन करने और बीमा के लिए एक मूल्य निर्धारित करने के लिए विशेषज्ञ प्रणालियों का उपयोग किया है। शेयर बाजार, आदि पर निगरानी और भविष्य का पूर्वानुमान लगाना।
- रोग निदान प्रणाली जो पूर्व में प्राप्त डाटा से रोगों का अंदाजा लगा सकें, जिससे बीमारी के कारण को कम कर सकें अथवा मानव शरीर पर चिकित्सकीय आपरेशन कर सकें।

5.3 क्लाउड कंप्यूटिंग

क्लाउड कंप्यूटिंग इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न सेवाओं, संसाधनों की सुविधा प्रदान करती है। इन संसाधनों में डेटा स्टोरेज, सर्वर, डेटाबेस, नेटवर्किंग और सॉफ्टवेयर टूल और एप्लिकेशन शामिल हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग के उपयोग से व्यवसाय की लागत में बचत, उत्पादकता में वृद्धि, गति और दक्षता, प्रदर्शन और सुरक्षा सहित कई लाभ है इसलिए यह लोगों और व्यवसायों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प है।

आप सभी यूट्यूब के उपयोग को समझते हैं, इंटरनेट और स्मार्ट डिवाइस या कंप्यूटर के उपयोग से आप यूट्यूब पर कोई वीडियो देख सकते हैं । जो वीडियो आप यूट्यूब पर देखते हैं, वह आपके स्मार्ट डिवाइस या कंप्यूटर पर संग्रहित नहीं होता । वह कहाँ संग्रहित है, किस तरह की फाइल है, यह जाने बिना ही आप वीडियो देख पाते हैं । इसके अलावा आप यूट्यूब पर अपना चैनल बनाकर उस पर वीडियो रख भी सकते हैं, इस पूरी प्रक्रिया में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग हो रहा है ।

क्लाउड कंप्यूटिंग सूचना प्रौद्योगिकी (इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी) में वर्तमान में बहुत तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। इसके उपयोग से कंप्यूटर आधारित सेवाओं को इंटरनेट के माध्यम से किसी स्मार्ट डिवाइस पर कहीं भी और कभी भी प्राप्त किया जा सकता है । यही नहीं भौतिक रूप से अलग अलग स्थान पर रहते हुए एक ही फाइल पर साझा काम कर सकते हैं, या हार्डवेयर को साझा करके उपयोग कर सकते हैं। पूर्व में हमने डिजिटल लॉकर, डिजिटल लाइब्रेरी आदि के बारे में पढ़ा है, यह सभी सुविधाएं क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से ही उपयोग हो रही हैं ।

क्लाउड के कारण यह संभव है, कि आप आसानी से कहीं से भी किसी भी समय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं,जबकि परंपरागत कंप्यूटर सेटअप में जरूरी है, कि आपका डाटा स्टोरेज, संबंधित सॉफ्टवेयर आपकी डिवाइस पर ही हो । अगर आप अपनी वेबसाइट बनाकर उसे होस्ट करते हैं, तो वह क्लाउड कंप्यूटिंग के उपयोग से हो रही है । ऑनलाइन गेम्स अगर आप खेलते हैं तो वह क्लाउड पर उपलब्ध होते हैं और बिना डाउनलोड किए ही आप इन गेम्स को खेल सकते हैं । इसलिए आपके कंप्यूटर या स्मार्ट डिवाइस की संग्रहण क्षमता की सीमा से बड़े गेम्स या एप्लीकेशन का उपयोग भी आप कर पाते हैं । क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से उपयोगकर्ता बड़े प्रोग्राम बहुत अधिक आकार का डाटा या आपके कंप्यूटर की क्षमता से अधिक क्षमता वाले प्रोग्राम को इंटरनेट की उपलब्धता के साथ उपयोग कर सकता है। क्लाउड कंप्यूटिंग तकनीक तुलनात्मक रूप से सस्ती (कॉस्ट

इफेक्टिव) है, और मांग के अनुरूप संसाधन (ऑनडिमांड रिसोर्सेज) प्रदान करती है, एक उपयोगकर्ता आवश्यकता अनुसार संसाधन कम कीमत पर क्लाउड द्वारा उपयोग कर सकता है।

क्लाउड कंप्यूटिंग संसाधनों (जैसे, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज, एप्लिकेशन और सेवाओं) के साझा पूल में सर्वव्यापी, सुविधाजनक, ऑन-डिमांड नेटवर्क एक्सेस को सक्षम करने का एक मॉडल है, जिसमें संसाधनों को न्यूनतम प्रबंधन के साथ उपयोग किया जा सकता है ।यह संसाधन उपयोगकर्ता व्यक्तिगत रूप से प्राप्त नहीं करता, बल्कि कंपनियां संसाधनों को उपयोग करने की सुविधा इंटरनेट द्वारा देती हैं । यह संसाधन जिन कंपनियों के माध्यम से मिलते हैं उन्हें क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर कहा **जाता है ।** क्लाउड कंप्यूटिंग में प्राप्त की गई जानकारी को क्लाउड या वर्चुअल स्पेस पर दूरस्थ रूप से **(remotely)** रखा गया होता है । क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां अर्थात सर्विस प्रोवाइडर उपयोगकर्ताओं को दूरस्थ सरवर **(Remote Server)** पर फाइलों और एप्लीकेशन को संग्रहित करने में सक्षम बनाती हैं और फिर इंटरनेट के माध्यम से डाटा पहुंचाती हैं । क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर सामान्यतः उपयोग के अनुसार चार्ज लेते हैं, जैसे कि बिजली के लिए जितना आप उपयोग करेंगे उतना बिल देना होता है।

5.3.1 क्लाउड कंप्यूटिंग के प्रकार

क्लाउड कंप्यूटिंग को दो आधारों पर उनके प्रकारों में बांटा जा सकता है

1. उनके तैनाती **(Deployment)** के आधार पर
2. उनकी सेवाओं **(Services)** के आधार पर
3. डेप्लॉयमेंट के आधार पर

डेप्लॉयमेंट (संसाधनों के स्वामित्व, आकार और पहुंच) के आधार पर क्लाउड कंप्यूटिंग को निम्न मॉडल में वर्गीकृत किया गया है:

पब्लिक क्लाउड मॉडल , प्राइवेट क्लाउड मॉडल, कम्युनिटी क्लाउड मॉडल और हाइब्रिड क्लाउड मॉडल । तकनीकी रूप से जानने के पहले, निम्न उदाहरण से समझने का प्रयास करते हैं । रोड पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए आप अगर बस से यात्रा करते हैं, तो यह पब्लिक है, इसमें आपको सिर्फ उतना ही खर्च करना होता है जितनी सीट और दूरी आपकी आवश्यकता है अर्थात उपयोग के हिसाब से कीमत । इसके बजाय यदि आप स्वयं की कार से सफर करते हैं, तो कार की पूरी कीमत ईंधन की कीमत कार की मेंटेनेंस यह सभी खर्च आपको ही वहन करना होता है, अर्थात प्राइवेट वाहन के उपयोग की लागत बहुत ज्यादा होती है । एक अन्य रूप में स्वयं का वाहन तो हो लेकिन एक ही रास्ते पर जाने के लिए इस वाहन को कई लोग मिलकर साझा करें अर्थात रखरखाव की लागत में कटौती हो जाए । इसके अलावा एक अन्य माध्यम भी आप प्रयोग कर सकते हैं, आप टैक्सी से भी यात्रा कर सकते हैं, जिसकी लागत बस की तुलना में कम किंतु स्वयं के वाहन की तुलना में अधिक होगी इस तरह की यात्रा में स्वयं के वाहन की लागत और मेंटेनेंस से कम खर्च आएगा अर्थात यह पब्लिक और प्राइवेट का हाइब्रिड रूप होगा ।

अब हम क्लाउड डेप्लॉयमेंट मॉडल को तकनीकी रूप से समझते हैं

- पब्लिक क्लाउड

  जैसा कि नाम से ही पता लगता है, पब्लिक क्लाउड सामान्य पब्लिक के लिए उपलब्ध होते हैं और डाटा किसी थर्ड पार्टी सरवर पर बनाए और संग्रहित किए जाते हैं । उपयोग करने वाली कंपनी को हार्डवेयर खरीदने और रखरखाव की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि सरवर की आधारिक संरचना **(infrastructure)** का प्रबंधन और पूल संसाधनों का रखरखाव सर्विस प्रोवाइडर द्वारा किया जाता है । प्रोवाइडर कंपनी इन संसाधनों को इंटरनेट पर फ्री या पे पर यूज़ अर्थात प्रत्येक उपयोग के हिसाब से चार्ज करती है। उपयोगकर्ता आवश्यकता अनुसार अधिक

रिसोर्सेज को प्राप्त कर सकता है । व्यापार करने के लिए पब्लिक क्लाउड डेप्लॉयमेंट मॉडल पहली पसंद होती है ।

Amazon, Microsoft Azure, Google App Engine, IBM Cloud कुछ प्रमुख सर्विस प्रोवाइडर है।



पब्लिक क्लाउड के उपयोग से उपयोगकर्ता बुनियादी ढांचे के प्रबंधन से मुक्त होता है, किसी थर्ड पार्टी द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करना सुविधाजनक है । सॉफ्टवेयर डेप्लॉय करना या उसका प्रबंधन करना, बुनियादी ढांचे का सेटअप करना यह सभी कार्य सर्विस प्रोवाइडर द्वारा किए जाते हैं । कंपनी की आवश्यकता पड़ने पर अधिक रिसोर्सेज लिए जा सकते हैं । आप जो सेवाएं लेते हैं,सिर्फ उन्हीं का भुगतान करते हैं, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के लिए आपको कीमत अदा नहीं करनी होती । यह सर्विस प्रोवाइडर **24** घंटे सेवाएं देते हैं, इससे कंपनी की कार्यक्षमता बढ़ती है । पब्लिक क्लाउड की कुछ सीमाएं भी है, सर्विस प्रोवाइडर एक निश्चित तरह की सेवाएं देते हैं, कुछ परिस्थितियों में आप की आवश्यकताएं इन सेवाओं से पूर्ण नहीं हो पाती । इसके अतिरिक्त आपके सभी कार्य थर्ड पार्टी के माध्यम से हो रहे हैं, अतः आपके डेटा को अन्य कोई भी प्राप्त कर रहा हो यह जानकारी आपके पास नहीं होती। किसी स्थिति में अगर

सर्विस प्रोवाइडर में कोई त्रुटि हो जाए तो कंपनी के सभी कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

- प्राइवेट क्लाउड

  तकनीकी रूप से पब्लिक और प्राइवेट मॉडल में विशेष अंतर नहीं होता इनका आर्किटेक्चर लगभग समान होता है। प्राइवेट क्लाउड किसी एक विशिष्ट कंपनी को पूर्ण रूप से सेवाएं देता है । यहां एक ही क्लाउड पर कई कंपनी अपना अपना स्थान लेकर काम नहीं करती है। ऑर्गेनाइजेशन जो इस मॉडल का उपयोग कर रही है, अपना सारा कार्य इस क्लाउड पर ही चलाती है । इसके लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों ही ऑर्गेनाइजेशन व्यक्तिगत रूप से अपने संरक्षण में रखते हैं । सरवर आर्गेनाईजेशन में ही, या बाहर कहीं भी स्थित हो सकता है । इस मॉडल में आधारिक संरचना **(infrastructure)** का प्रबंधन एक निश्चित प्राइवेट नेटवर्क द्वारा होता है । एक निश्चित व्यक्तियों का समूह इस मॉडल में क्लाउड पर रखी जानकारी और नेटवर्क को उपयोग कर सकता है यह अन्य लोगों के द्वारा उपयोग नहीं की जा सकती अतः यहां जानकारी अधिक सुरक्षित होती है । **Amazon, IBM, Cisco, Dell, Red Hat** कुछ प्रमुख सर्विस प्रोवाइडर है। प्राइवेट क्लाउड मॉडल का सबसे बड़ा लाभ है, स्वयं नियंत्रण **(autonomy),** अपनी आवश्यकता अनुसार कंपनी परिवर्तन कर सकती है, इसके अतिरिक्त सुरक्षा निजता और विश्वसनीयता कायम रख सकती है । प्राइवेट क्लाउड में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर पूर्ण रूप से अधिकार में होता है और इन्हें चलाने के लिए प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है, अतः यह तुलनात्मक रूप से महंगे होते हैं, छोटी कंपनियां सामान्यतः अधिक लागत के कारण इनका उपयोग नहीं करती।
- कम्युनिटी क्लाउड

  कम्युनिटी डेप्लॉयमेंट मॉडल लगभग प्राइवेट मॉडल के समान ही है दोनों में अंतर केवल इनके उपयोगकर्ताओं के आधार पर है। जहां प्राइवेट क्लाउड में पूरे सर्वर पर एक ही कंपनी का अधिकार होता है, वही कम्युनिटी क्लाउड मॉडल में कई

ऑर्गेनाइजेशन जो एक ही तरह का काम कर रहे हैं आधारिक संरचना और संबंधित रिसोर्स को साझा करते हैं । अगर साझा करने वाले आर्गेनाईजेशन में समान सुरक्षा, निजता और दक्षता की आवश्यकता होती है और व्यवसायिक उद्देश्य के तौर पर यह मॉडल सहायक होता है । ऐसी कंपनी जो किसी साझा परियोजना (जॉइंट प्रोजेक्ट) पर काम कर रहे हैं, इस तरह के क्लाउड मॉडल को उपयोग करती है। इस स्थिति में एक केंद्रीय क्लाउड प्रोजेक्ट के विकास, प्रबंधन और क्रियान्वयन के लिए उपयोग होता है, साथ ही क्लाउड की लागत भी इन कंपनियों के बीच साझा होती है । कम कीमत अधिक सुरक्षा, निजता, विश्वसनीयता और डाटा को साझा करने में आसानी यह सभी कम्युनिटी क्लाउड की विशेषताएं हैं। पब्लिक क्लाउड की तुलना में इनकी कीमत अधिक हो सकती है साथ ही निश्चित संग्रहण क्षमता को साझा करने की स्थिति में अधिक बैंडविथ की भी आवश्यकता होती है । कम्युनिटी क्लाउड का प्रचलन बहुत सीमित है ।

- हाइब्रिड क्लाउड

हाइब्रिड क्लाउड में पूर्व में वर्णन किए गए सभी मॉडल के अच्छे गुणों को समाहित किया जाता है । यह कंपनियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्राइवेट ,पब्लिक और कम्युनिटी क्लाउड के गुणों को मिश्रित करके उपयोग करने की सुविधा देता है। उदाहरण के तौर पर कोई कंपनी अपने अत्याधिक सुरक्षित रखे जाने वाले संसाधनों को प्राइवेट क्लाउड पर रखकर कम संवेदनशील संसाधनों को पब्लिक पर रख सकती है । इस मॉडल में डाटा और एप्लीकेशंस को पोर्टेबल होते है । अर्थात एक वातावरण से दूसरे वातावरण में ले जाना संभव होता है। हाइब्रिड क्लाउड के मुख्य लाभ हैं, उचित कीमत में बेहतर सुरक्षा और निजता का वातावरण प्राप्त करना ।

I. सर्विस के आधार पर

मुख्य रूप से सेवाओं के आधार पर क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विसेज को वर्गीकृत किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर एस ए सर्विस **(IaaS),** प्लेटफॉर्म एस ए सर्विस **(Paas)** और सॉफ्टवेयर एस ए सर्विस**(Saas)** ।



- **इंफ्रास्ट्रक्चर एस ए सर्विस** (IaaS)

यह सर्विस उपयोगकर्ता को स्वयं का सर्वर लेने और उसका रखरखाव करने की जटिलता से बचाता है ।

क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर उपयोगकर्ता को उपयोग के अनुसार **(pay as you go)** सर्वर, स्टोरेज, नेटवर्किंग, प्रोसेसिंग, वर्चुअल मशीन और अन्य कंप्यूटिंग रिसोर्सेस क्लाउड पर उपलब्ध कराता है । भौतिक रूप से यह सभी रिसोर्स दूरस्थ स्थान पर होते हैं, सर्विस प्रोवाइडर आभासी वातावरण**(virtualization)** द्वारा इन्हें उपयोग करने की सुविधा देता है । हर एक रिसोर्स को आवश्यकता अनुसार एक व्यक्तिगत सुविधा के रूप में उपयोग करने के लिए लिए उपलब्ध कराया जाता है। **IaaS** में इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रबंधन सर्विस प्रोवाइडर द्वारा किया जाता है, उपयोगकर्ता इस पर अपने सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल, कॉन्फ़िगर और मैनेज कर

सकते हैं । यह सुविधा डेप्लॉयमेंट के पब्लिक,प्राइवेट और हाइब्रिड तीनों ही मॉडल में उपयोग होती है ।

परंपरागत होस्टिंग सर्विस में पूरा आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर एक निश्चित समय के लिए उपयोगकर्ता किराए पर लेते रहे हैं । निर्धारित समय के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का भुगतान भी किया जाता था, ना की कितना उपयोग किया गया है इसके लिए । **Iaas** क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विस के तहत उपयोगकर्ता अपनी आवश्यकता अनुसार डायनॉमिकली कंफीग्रेशन को बदल सकते हैं उन्हें सिर्फ उतना ही पैसा देना होता है जितना उन्होंने सर्विसेस का उपयोग किया हो ।सर्विस प्रोवाइडर कई तरह के कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइड कराते हैं, जैसे सरवर, वर्चुअल मशीन, डाटा स्टोरेज, बैकअप फैसिलिटी, नेटवर्क कंपोनेंट्स और अन्य हार्डवेयर इसके उपयोग से यूजर दूरस्थ स्थानों पर हार्डवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं, डेप्लॉय कर सकते हैं और सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन को चला सकते हैं ।

व्यवसायिक गतिविधियों में कंप्यूटर हार्डवेयर के सेटअप के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता होती है । क्लाउड आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर के उपयोग करने से इस लागत में काफी कटौती हो जाती है । इसके अतिरिक्त जब कार्यभार ज्यादा हो अस्थाई रूप से अधिक रिसोर्स लिए जा सकते हैं, क्योंकि इस मॉडल में जितना उपयोग किया जाए उतना ही भुगतान किया जाता है । इसके अतिरिक्त उपयोगकर्ता के लिए अन्य सुविधा यह है कि आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंधन के काम से वह मुक्त होता है । यह कार्य कंपनी पर ना होकर सर्विस प्रोवाइडर पर अधिक होता है । इसलिए उपयोगकर्ता अपनी कंपनी के काम पर ज्यादा ध्यान दे सकता है । **IaaS** का एक लाभ यह भी है कि आवश्यकता अनुसार सॉफ्टवेयर अपग्रेड करना आसान होता है और हार्डवेयर से संबंधित कोई भी समस्या और जटिलता सर्विस प्रोवाइडर द्वारा संभाली जाती है ।

IaaS के उपयोग में कोई भी सर्विस प्रोवाइडर **100%** सुरक्षित वातावरण नहीं दे पाता ।कंपनी का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रबंधन और नियंत्रण सर्विस प्रोवाइडर के पास होता है । उपयोगकर्ता के पास कंफीग्रेशन और परफॉर्मेंस की न्यूनतम जानकारी होती है। सर्विस प्रोवाइडर में किसी तरह की तकनीकी खराबी आए तो उपयोगकर्ता का काम भी प्रभावित

होता है । किसी स्थिति में एक सर्विस प्रोवाइडर से दूसरे सर्विस प्रोवाइडर पर परिवर्तन की स्थिति में वर्चुअल मशीन को माइग्रेट करना कठिन होता है ।

सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर मुख्य रूप से इस सर्विस के उपयोगकर्ता होते हैं ।

IaaS **के उदाहरण हैं** -- Amazon EC2, Rackspace, Google Compute Engine etc.

- प्लेटफॉर्म एस ए सर्विस **(PaaS)**

यह मॉडल एक प्लेटफार्म पर कंप्यूटेशनल रिसोर्सेज प्रदान करता है, जिन पर एप्लीकेशन और सर्विसेज डेवलप और होस्ट की जा सकती हैं । इस मॉडल में उपयोगकर्ता सरवर और इंटरनेट के माध्यम से एप्लीकेशन बनाने और दूसरे उपयोगकर्ता को उपयोग या डिलीवर करने का काम, कम लागत या बिना लागत के कर सकते हैं । **PaaS** उपयोग करने के लिए रन टाइम वातावरण देता है । यूज़र आसानी से एप्लीकेशन बना सकते हैं,टेस्ट कर सकते हैं, रन कर सकते हैं और एप्लीकेशन को डेप्लॉय भी कर सकते हैं । क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर उपयोग के हिसाब से लागत **(pay as per use)** यह सुविधा देते हैं । इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रबंधन क्लाउड सर्वर प्रोवाइडर द्वारा किया जाता है अतः उपयोगकर्ता इस प्रबंधन से मुक्त होता है । **PaaS** मॉडल की आधारिक संरचना **(infrastructure)** सरवर, स्टोरेज और नेटवर्क तथा प्लेटफॉर्म **(**मिडिल बेयर डेवलपमेंट टूल डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम बिजनेस इंटेलिजेंस आदि**)** होते हैं जो एप्लीकेशन डेवलपमेंट के लिए सहायक होते हैं ।

PaaS मे लगातार अपडेशन और नई टूल और टेक्नोलॉजी का समावेश भी होता रहता है । सॉफ्टवेयर डेवलपर , वेब डेवलपर और अन्य व्यवसाय के लोग सभी इन सेवाओं का लाभ लेते हैं । सर्विस प्रोवाइडर प्रोग्रामिंग लैंग्वेज , एप्लीकेशन फ्रेमवर्क, डेटाबेस आदि अन्य टूल उपलब्ध कराते हैं ।

उपयोग करने में डेवलपर डेवलपमेंट और नई खोज पर पूरा ध्यान दे सकते हैं, इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंधन, सुरक्षा की चिंता उन्हें नहीं करनी पड़ती । हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मे पूंजी नहीं लगानी होगी एक इंटरनेट कनेक्शन और कंप्यूटर द्वारा पूरी डेवलपमेंट की प्रक्रिया इस सर्विस पर की जा सकती है । कुछ **PaaS** प्रोवाइडर व्यवसायिक गतिविधियों के

सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध कराते हैं,इसलिए हर एक एप्लीकेशन को शुरू से बनाने की आवश्यकता नहीं होती है। इन सॉफ्टवेयर को आधार बनाकर अपने बिजनेस के आवश्यकतानुसार कस्टमाइज करके उपयोग किया जा सकता है । इसके लिए अधिक डेवलपमेंट स्किल की भी आवश्यकता नहीं होती । सर्विस प्रोवाइडर ऑनलाइन कम्युनिटी भी प्रदान करते हैं, जहां डेवलपर अन्य लोगों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और सलाह ले सकते हैं ।

PaaS के तहत उन्हीं प्लेटफार्म पर एप्लीकेशन बनाए जा सकते हैं, जो सर्विस प्रोवाइडर ने प्रदान किए हैं, एप्लीकेशन का एक से दूसरे सर्विस प्रोवाइडर विक्रेता में माइग्रेशन कठिन होता है । उदाहरण के तौर पर एक सर्विस प्रोवाइडर कोई डेटाबेस **A** का उपयोग करता है, अगर आप अपना वेब एप्लीकेशन दूसरी सर्विस प्रोवाइडर पर ले जाएं जो किसी अन्य डेटाबेस **B** का उपयोग करता हो तो यह प्रक्रिया जटिल होती है । इसके अतिरिक्त कंपनियों द्वारा कई बार एप्लीकेशन का कुछ हिस्सा लोकल और कुछ क्लाउड पर रखा जाता है । ऐसी स्थिति में इन दोनों के टेक्नॉलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के बीच तालमेल बनाने में काफी जटिलता होती है । कोई भी डाटा जब कंपनी की सीमा से बाहर कहीं रखा जाता है, उसकी निजता की आशंका सदैव ही बनी रहती है। डाटा की निजता और सुरक्षा को लेकर जोखिम बना ही रहता है ।

एप्लीकेशन और वेब डेवलपर मुख्य रूप से इस सर्विस के उपयोगकर्ता होते हैं ।

PaaS के उदाहरण है: Google App Engine, SalesForce.com, Windows Azure, Appfog, Openshift, Cloud Foundry from VMware.

- सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस **(SaaS)**

एक सॉफ्टवेयर है जिस पर एक या अधिक उपयोगकर्ता मालिकाना हक रखते हैं, प्रबंधन करते हैं और डिलीवर करते हैं । **SaaS** सॉफ्टवेयर लाइसेंस और डिलीवरी द्वारा काम करता है। एक पूरा सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट वेब द्वारा उपयोगकर्ता को सब्सक्रिप्शन के आधार पर उपलब्ध होता है। किन्ही स्थितियों में यह सब्सक्रिप्शन मुफ्त भी हो सकते हैं, किंतु सीमित उपयोग सुविधाओं के साथ यहां विशेष है, यह सेवा वेब ब्राउज़र के माध्यम से उपलब्ध होती

है अतः इसमें उपयोगकर्ता के ऑपरेटिंग सिस्टम का विशेष महत्व नहीं रह जाता। इस मॉडल में आप अपने बिजनेस के लिए क्लाउड पर उपलब्ध एप्लीकेशन को बिना इंस्टॉल किए ही उपयोग कर सकते हैं । एप्लीकेशन विक्रेता के क्लाउड पर रन होता है, कंट्रोल और प्रबंधित होता है ।

SaaS **सर्विस प्रोवाइडर निम्न सेवाएं देते हैं** -

व्यवसायिक सेवाएं**(Business Services)** जैसे **ERP (**इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग**), CRM (** कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट**),** बिलिंग और विक्रय**.** स्टार्टअप कंपनियां इस सुविधा का बहुत लाभ लेती हैं ।

डॉक्यूमेंट प्रबंधन यह ऐसा सॉफ्टवेयर होता है, जो इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट बनाने प्रबंधन करने और प्राप्त करने में काम आता है । सोशल नेटवर्क्स और ईमेल सर्विस इस मॉडल का उपयोग करती है ।

SaaS का मासिक व्यापारिक सब्सक्रिप्शन लेने के बाद लाइसेंस एप्लीकेशन को निश्चित अवधि के लिए उपयोग किया जा सकता है । यह सब्सक्रिप्शन बहुत कम कीमत पर प्राप्त हो जाते हैं, जबकि यह सॉफ्टवेयर खरीदने में काफी अधिक लागत के होती हैं, साथ ही निर्धारित हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम आदि भी यूजर के पास होना आवश्यक होता है, जो एक महंगी आवश्यकता है। किसी एप्लीकेशन का एक सब्सक्रिप्शन मल्टीपल उपयोगकर्ता उपयोग कर सकते हैं। सॉफ्टवेयर दूरस्थ स्थान पर रखा होता है, उसके लिए आवश्यक हार्डवेयर यूजर के पास उपलब्ध होना आवश्यक नहीं होता । सॉफ्टवेयर सेटअप और प्रतिदिन का रखरखाव भी सर्विस प्रोवाइडर द्वारा किया जाता है, किसी निश्चित सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर वर्जन की सीमाएं भी नहीं है, इसके अतिरिक्त यह एक से अधिक डिवाइस पर भी चलाए जा सकते हैं। किसी तरह का सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन करने की आवश्यकता नहीं होती । जब भी डाटा किसी दूरस्थ स्थान पर है, उसकी सुरक्षा और डाटा हर समय उपलब्ध था की नहीं ये शंका हर समय बनी रहती है। इंटरनेट पर निर्भरता भी है और साथ ही जहां मिलीसेकंड में उत्तर की आवश्यकता हो यह सॉफ्टवेयर उपयुक्त नहीं होते हैं। एक **SaaS** प्रोवाइडर से दूसरे पर माइग्रेशन भी जटिल प्रक्रिया है

एंड यूजर जो एप्लीकेशन को सिर्फ उपयोग करें इस सर्विस के उपयोगकर्ता होते हैं ।

SaaS **के उदाहरण है: Microsoft Office 365 Oracle CRM, Google Apps, Salesforce, Dropbox, NetSuite, GoToMeeting.**

5.4 गूगल ड्राइव

गूगल ड्राइव क्लाउड आधारित बहुमुखी संग्रहण सेवा है, जो आपको फ़ाइलों को अपलोड करने और डाउनलोड करने की अनुमति देता है। **इसका मुख्य उद्देश्य आपकी फाइल संग्रहण क्षमता को आपके कंप्यूटर की हार्ड डिस्क से अधिक बनाना होता है। गूगल ड्राइव की सहायता से उपयोगकर्ता** विभिन्न स्थानों पर और विभिन्न उपकरणों से **इंटरनेट के माध्यम से फाइल साझा कर सकते हैं, इसके लिए साधारण ड्रैग और ड्रॉप द्वारा फाइल को गूगल ड्राइव पर रखना होता है और आप इन्हें शेयर कर सकते हैं, अपने डॉक्यूमेंट पर और लोगों के साथ मिलकर कामकर सकते हैं।** गूगल ड्राइव किसी भी फ़ाइल को रखने के लिए एक सुरक्षित स्थान है और किसी भी प्रकार की फाइल्स को रखा जा सकता है और सभी डेटा को एन्क्रिप्ट किया जाता हैं। आपकी अनुमति से आपकी फ़ाइलों को एक्सेस करने, एडिट करने या देखने की सुविधा होती है। **इसके अलावा भी कई काम गूगल ड्राइव के माध्यम से किए जा सकते हैं।गूगल ड्राइव उपयोग कर्ता को क्लाउड पर** 15 GB **संग्रहण की क्षमता बिना किसी कीमत के उपलब्ध कराता है।यह स्पेस गूगल ड्राइव गूगल फोटो और जीमेल सुविधा के लिए दिया जाता है। इसके अलावा अगर संग्रहण क्षमता बढ़ानी हो तो उसके लिए निर्धारित शुल्क देकर यह प्राप्त किया जा सकता है।**

ड्राइव में आप फोटो,वीडियो,पीडीएफ, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस फाइल्स कुछ भी संग्रहित कर सकते हैं।आपके जीमेल के साथ अटैच फाइल्स को भी गूगल ड्राइव पर सीधे भेजा जा सकता है।

5.4.1 गूगल ड्राइव के साथ कार्य करना

यदि आपके पास एक गूगल एकाउंट है, तो आप आसानी से गूगल ड्राइव को एक्सेस कर सकते है। यदि आपके पास गूगल एकाउंट नहीं है, तो आप www.google.com से नया अकाउंट बनाकर आसानी से साइन अप कर सकते हैं। कंस्यूमर एकाउंट निशुल्क हैं लेकिन बिज़नेस या एंटरप्राइज एकाउंट आपके नियोक्ता (Employeremployer) द्वारा प्रदान किए जा सकते हैं। आप अपने कंप्यूटर की फाइल अपलोड कर सकते हैं या गूगल ड्राइव में फाइल क्रिएट भी कर सकते हैं। फाइलों को एडिट , अपडेट ,फॉर्मेट कर सकते हैं। गूगल ड्राइव द्वारा अपनी फाइल और फोल्डर को अन्य गूगल अकाउंट के साथ साझा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अपनी फाइल के प्रबंधन के लिए किसी दूसरे उपयोगकर्ता को इसका मालिकाना हक (ownership) दे सकते हैं।

एक बार आपके पास गूगल खाता होने के बाद, आप तीन अलग-अलग तरीकों से गूगल ड्राइव का उपयोग करके अपनी फ़ाइलों को अपलोड, स्टोर और शेयर कर सकते हैं ।सभी में बहुत आसान यूजर इंटरफेस है जो गूगल ड्राइव को आसानी से उपयोग करने की सहूलियत देता है।

- गूगल ड्राइव ऑनलाइन
- गूगल ड्राइव कंप्यूटर एप्लीकेशन
- गूगल ड्राइव मोबाइल एप्लिकेशन

5.4.2 गूगल ड्राइव का ऑनलाइन उपयोग कैसे करें

किसी भी आधुनिक वेब ब्राउज़र से गूगल ड्राइव का उपयोग करने के लिए अपनी पसंद का ब्राउज़र खोलें, ड्राइव.गूगल.कॉम पर नेविगेट करें। यदि आप पहले से गूगल में साइन इन नहीं हैं, तो आपको साइन इन करने के लिए अपने गूगल एकाउंट की जानकारी दर्ज करें।

गूगल ड्राइव होमपेज में सिंपल यूजर इंटरफ़ेस (UI) है। ब्राउज़र विंडो के शीर्ष पर डैशबोर्ड आपको सेटिंग्स समायोजित करने, गूगल ड्राइव की सामग्री सर्च करने और फ़ाइलों को प्रबंधित या शेयर करने की अनुमति देता है। डैशबोर्ड का उपयोग करने के लिए -



डैशबोर्ड का उपयोग करने के लिए -

- अपनी गूगल ड्राइव कंटेंट को सर्च करने के लिए सर्च बॉक्स पर क्लिक या टैप करें और कीवर्ड दर्ज करें।



- अन्य गूगल सर्विस जैसे जीमेल या यूट्यूब को एक्सेस करने के लिए गूगल एप्प्स (9 square) आइकन पर क्लिक या टैप करें।

- एकाउंट नोटिफिकेशन देखने के लिए नोटिफिकेशन आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

- अपने खाते से साइन इन और साइन आउट करने के लिए गूगल एकाउंट आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

- कनेक्ट किए गए ऐप्स में से एक के साथ एक नई फ़ाइल बनाने के लिए न्यू बटन पर क्लिक करें या टैप करें, नए फ़ोल्डर बनाएं और अपने क्लाउड पर फ़ाइलों और फ़ोल्डरों को अपलोड करें।

- अपनी फ़ाइल में एक शेयर करने योग्य लिंक पाने के लिए लिंक आइकन पर क्लिक करें या टैप करें जो आपको फाइल या लिंक तक पहुंच प्रदान करने की अनुमति देता है।

- ईमेल के माध्यम से सीधे अपनी फ़ाइल की एक शेयर करने योग्य कॉपी भेजने के लिए शेयर आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

- फ़ाइल या फ़ोल्डर को अपने क्लाउड से ट्रैश में ले जाने के लिए रिमूव आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

- अधिक फ़ाइल प्रबंधन विकल्प (फ़ोल्डर कलर ,कनेक्ट किए गए एप्लिकेशन के साथ ओपन फाइल्स , फ़ाइल / फ़ोल्डर सॉर्टिंग , और फ़ाइल / फ़ोल्डर डाउनलोड) के लिए एक्शन आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

- फ़ाइल और फ़ोल्डर व्यवस्था को लिस्ट व्यू से ग्रिड व्यू में बदलने के लिए व्यू / लेआउट आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

- फ़ाइल विवरण जैसे साइज ,टाइप , प्रीव्यू और शेयर्ड स्टेटस देखने के लिए व्यू डिटेल आइकन पर क्लिक या टैप करें।

- गूगल ड्राइव सेटिंग्स के लिए सेटिंग्स आइकन पर क्लिक करें या टैप करें।

5.5 गूगल डॉक्स (Google Docs)

गूगल एप्लिकेशन डाक्यूमेंट्स बनाने, साझा करने और प्रबंधित करने का एक सुविधाजनक तरीका है। डॉक्यूमेंट बनाने वाले एप्लीकेशन सामान्यत: ऑफ लाइन काम करते हैं, इन्हें एक यूजर से दूसरे यूजर तक भेजने के लिए ईमेल अथवा किसी अन्य माध्यम जैसे पेन ड्राइव का उपयोग किया जाता है, इसके विपरीत, गूगल उन उपयोगकर्ताओं के लिए डिज़ाइन किए गए ऐप्स का एक सूट (**suite**) प्रदान करता है, जो ऑनलाइन काम करते हैं। गूगल ड्राइव की क्लाउड स्टोरेज क्षमताओं के साथ एकीकरण (**Integration**) आपको कहीं से भी अपने डाक्यूमेंट्स तक पहुंचने और काम करने और साझा करने की अनुमति देता है।

चरण 1: अपना गूगल एकाउंट स्थापित करना

गूगल डॉक्स का उपयोग करने के लिए आपको गूगल एकाउंट को साइन अप करना होगा।आप निशुल्क साइन अप कर सकते है और आपका गूगल एकाउंट आपको गूगल एप्प्स सहित पूरे गूगल ड्राइव सूट (Suite) उपयोग करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

गूगल एकाउंट बनाने के लिए, साइन-अप पेज पर जाएँ और अपनी जानकारी - अपना नाम, ईमेल पता और जन्मतिथि दर्ज करें - और अगले चरण पर क्लिक करें। गोपनीयता नीति और सेवा की शर्तें पढ़ें और सहमति प्रदान करें । इस तरह आप गूगल एकाउंट बना सकते है । यदि आपके पास पहले से ही गूगल एकाउंट है, तो आप सामान्य रूप से लॉग इन करें।



चरण 2: गूगल डॉक्स लॉन्च करना

आपके डिवाइस के आधार पर गूगल डॉक्स तक पहुंचने के कई तरीके हैं। आप ऐप स्टोर या गूगल प्ले के माध्यम से ऐप डाउनलोड कर सकते हैं, या गूगल होमपेज के ऊपरी-दाएं कोने में एप्लिकेशन आइकन पर क्लिक कर सकते हैं (9 square(नौ) द्वारा दर्शाया गया है)। इसके बाद आपको डॉक्स बटन पर क्लिक करना होगा । वैकल्पिक रूप से, आप गूगल ड्राइव पर नेविगेट कर सकते हैं और शीर्ष पर एप्लिकेशन आइकन पर क्लिक कर गूगल डॉक्स का चयन कर सकते हैं, या पेज के बाईं ओर न्यू (NEW) बटन पर क्लिक करके गूगल डॉक्स का चयन कर सकते हैं। अंतिम विकल्प सीधे गूगल सर्च इंजन की मदद से गूगल डॉक्स टाइप करे और लॉगिन करके गूगल डॉक्स पर पहुँच सकते है । इस तरह आप गूगल डॉक्स पर डाक्यूमेंट्स तैयार कर सकते है।



चरण 3: डाक्यूमेंट्स बनाने की प्रक्रिया

एक नया दस्तावेज़ बनाने के लिए, गूगल डॉक्स के अंदर ब्लैंक पेज पर क्लिक करें, जो मुख्य गूगल डॉक्स पेज के ऊपरी-बाएँ कोने पर स्थित है।

यदि आप गूगल ड्राइव से डॉक्यूमेंट बना रहे हैं, तो न्यू (New) बटन पर क्लिक करके गूगल डॉक्स का चयन कर सकते है और अपने आप एक ब्लैंक डॉक्यूमेंट बन जाएगा । यदि आप गूगल डॉक्स के बगल में छोटे, राइट-फेसिंग एरो पर क्लिक करते हैं, तो आप टेम्पलेट के आधार पर एक नया दस्तावेज़ बनाने का विकल्प भी चुन सकते हैं। विभिन्न प्रकार रिज्यूम, बिज़नेस लेटर्स और थर्ड-पार्टी टेम्प्लेट का चयन कर सकते हैं। enफ़ाइल अपलोड को क्लिक करके आप अपनी मौजूदा ड्राइव .doc या .docx फ़ाइल को भी अपलोड कर सकते हैं।



5.5.1 डाक्यूमेंट्स को शेयर करने की प्रक्रिया

अपने डाक्यूमेंट्स को अन्य लोगों के साथ शेयर करने के लिए डॉक्स के ऊपरी-दाएं कोने में स्थित ब्लू शेयर बटन पर क्लिक करें। बाद में, विंडो में उचित ईमेल पता दर्ज करके अन्य उपयोगकर्ताओं को आमंत्रित कर सकते है ।

जिन लोगों के साथ आप डाक्यूमेंट्स शेयर करते हैं, वे किसी डाक्यूमेंट्स को एडिट कर सकते है, देख सकते है या टिप्पणी कर सकते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि आपने उन्हें एडिट करने ,देखने या टिपण्णी करने में से किस प्रकार की अनुमति प्रदान की हैं।

5.6 गूगल फॉर्म्स

गूगल फॉर्म्स गूगल का एक निशुल्क ऑनलाइन टूल है, जो उपयोगकर्ताओं को फ़ॉर्म बनाने, सर्वेक्षण करने और क्विज़ करने के साथ-साथ अन्य लोगों के साथ फ़ॉर्म एडिट करने और शेयर करने की अनुमति देता है। डॉक्स, शीट्स और स्लाइड्स के साथ-साथ Google के ऑनलाइन ऐप सूट का एक हिस्सा है, जो आपके ब्राउज़र में क्लाउड के उपयोग से काम करने में आपकी मदद करता है। स्प्रेडशीट में सीधे डाटा को भेजने के लिए इसका उपयोग करना आसान है और सबसे सरल तरीकों में से एक है। शिक्षक कक्षा की शुरुआत में अपने छात्रों का आकलन करने और पहले से मौजूद ज्ञान का अनुमान लगाने के लिए गूगल फॉर्म्स का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, गूगल फ़ॉर्म का उपयोग छात्रों और अभिभावकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसी तरह, छात्र अपने स्वयं के सीखने का आकलन करने और सीखने के लक्ष्यों को निर्धारित करने के साथ-साथ अपने रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए डेटा एकत्र करने के लिए गूगल फॉर्म्स का उपयोग कर सकते हैं।

गूगल फ़ॉर्म में सामग्री बनाने, उपयोग करने और शेयर करने के लिए आपको गूगल में साइन इन करना होगा। गूगल पार्टी आमंत्रण, इवेंट फ़ीडबैक और पाठ्यक्रम के मूल्यांकन सहित उपयोगकर्ताओं के लिए पूर्व-डिज़ाइन किए गए टेम्पलेट प्रदान करता है। यदि आप अपना स्वयं का गूगल फ़ॉर्म डिज़ाइन करना चाहते हैं, तो आप ब्लैंक टेम्पलेट का चयन कर सकते हैं। गूगल फॉर्म्स में आप कई प्रकार के प्रश्न शामिल कर सकते हैं, जिसमें संक्षिप्त उत्तर, पैराग्राफ के द्वारा प्रतिक्रिया प्राप्त करना , बहुविकल्पी, चेकबॉक्स, ड्रॉपडाउन, लीनियर स्केल और मल्टीपल चॉइस ग्रिड

शामिल हैं। आप सीधे इमेजेस और वीडियो को एक फ़ॉर्म में एम्बेड कर सकते हैं, जो यह आकलन करने का एक शानदार तरीका है कि छात्र इमेज या वीडियो देखने के तुरंत बाद क्या सोचते हैं और क्या सीखते हैं।

5.6.1 गूगल फॉर्म बनाने की प्रक्रिया

फॉर्म का उपयोग करने के लिए, आपको अपने जीमेल या गूगल ड्राइव एकाउंट में साइन इन करना होगा। ब्लैंक फॉर्म या टेम्पलेट का उपयोग करके गूगल फॉर्म बनाया जा सकता है। गूगल फॉर्म बनाने के लिए यहाँ ब्लैंक फॉर्म का उपयोग किया है, जो निम्नानुसार है -

1. फ़ॉर्म बनाने का सबसे सरल तरीका Google फ़ॉर्म ऐप है। Docs.google.com/forms पर जाएं, फिर या तो एक टेम्प्लेट चुनें या एक ब्लैंक फ़ॉर्म शुरू करें। फ़ॉर्म का स्टार्ट पेज खोलें, और ब्लैंक फॉर्म के लिए बड़े आकर के प्लस साइन पर क्लिक करें।



2. **अपने गूगल फॉर्म को टाइटल प्रदान करना**

   टाइटल जोड़ने के लिए, अनटाइटल फ़ॉर्म पर क्लिक करें और नाम दर्ज करें। फॉर्म का नाम ब्राउज़र टैब में दिखता है और वेब पेज के ऊपरी बाएँ कोने में फ़ॉर्म टाइटल के रूप में दिखता है (हालांकि यह सिंक करने के लिए कुछ

समय ले सकता है)। टाइटल वह है, जो उत्तरदाता तब देखेंगे जब वे फॉर्म खोलेंगे। आप टाइटल के नीचे विवरण भी दर्ज कर सकते हैं।



विंडो का विस्तार करने के लिए फ़ॉर्म विवरण के तहत सफेद स्थान पर क्लिक करें। स्क्रीन के दाईं ओर आइकन फॉर्म में दर्ज करने के लिए प्रश्न विकल्प प्रदान करते हैं। एक मोबाइल डिवाइस पर, ये आइकन सबसे नीचे मिलते है।

गूगल फ़ॉर्म में प्रश्नो को जोड़ने की प्रक्रिया

1. एक प्रश्न जोड़ें

अनटाइटल प्रश्न पर क्लिक करें और जो आप पूछना चाहते हैं, उसके लिए टेक्स्ट दर्ज करें। प्रश्न को आवश्यक बनाने के लिए, रिक्वायर्ड स्लाइडर बटन पर क्लिक करें। आप मल्टीपल पेज आइकन पर क्लिक करके प्रश्न को डुप्लिकेट कर सकते हैं। ट्रैशकेन आइकन पर क्लिक करके प्रश्न को डिलीट कर सकते हैं ।

2. प्रश्न में एक इमेज जोड़ने की प्रक्रिया

इमेज को जोड़ने के लिए दाएं पैनल बार में इमेज आइकन पर क्लिक करें। यह विकल्प "चित्र में दिखाई गई इमारत क्या है?" जैसे सवालों के लिए अच्छी तरह से काम करता है। आप या तो अपलोड स्पेस में एक इमेज ड्रैग कर सकते हैं, इसे मैन्युअल रूप से अपलोड कर सकते हैं, स्नैपशॉट ले सकते हैं, एक URL जोड़ सकते हैं, या अपने एल्बम या गूगल ड्राइव को सर्च कर सकते हैं, या एक जनरल सर्च भी कर सकते हैं।



3. अधिक प्रश्न जोड़ने की प्रक्रिया

अतिरिक्त प्रश्न जोड़ने के लिए दाहिने पैनल बार पर प्लस आइकन पर क्लिक करें।

यदि आपके प्रश्न के लिए प्रतिक्रिया विकल्प की आवश्यकता है, तो विकल्प 1 पर क्लिक करें और पहला विकल्प दर्ज करें। कीबोर्ड पर एंटर हिट करने से अगला विकल्प जुड़ जाता है । यदि आपके पास एक लंबी सूची है (जैसे राज्य के नाम या आइसक्रीम फ्लेवर), तो पहले विकल्प पर क्लिक करें और सूची पेस्ट करें,फॉर्म प्रत्येक प्रविष्टि के लिए अलग-अलग विकल्प बनाएगा।

4. प्रत्येक प्रतिक्रिया के लिए इमेज जोड़ने की प्रक्रिया

आप मल्टीपल चॉइस और चेकबॉक्स प्रश्न टाइप के लिए प्रत्येक प्रतिक्रिया विकल्प में इमेज जोड़ सकते हैं। इमेज आइकन पर क्लिक करें और एक इमेज जोड़ें। यह "इन उत्पादों में से कौन सा नहीं है" जैसे सवालों के लिए अच्छी तरह से काम करता है।



5 .गूगल फ़ॉर्म को शेयर करने की प्रक्रिया

- गूगल फ़ॉर्म शेयर करने के लिए, आप इसे सीधे आपके द्वारा प्रदान किए गए ईमेल (ईमेलों) पर भेज सकते हैं, प्राप्तकर्ता को लिंक भेज सकते हैं, या फ़ॉर्म के HTML को ब्लॉग पोस्ट, लैंडिंग पेज , आदि में एम्बेड कर सकते हैं।



- अपने फ़ॉर्म के ऊपर दाईं ओर स्थित "Send " बटन पर क्लिक करें। फिर, "Send via ..." के पास सूचीबद्ध तीन विकल्पों में से एक चुनें।



- वैकल्पिक रूप से, फेसबुक, Google प्लस और ट्विटर आइकन एक ही "Send " पॉप-अप बॉक्स के शीर्ष दाईं ओर हैं। यदि आप उन दर्शकों में से किसी एक को अपना गूगल फ़ॉर्म साझा करना चाहते हैं, तो उनमें से एक पर क्लिक करें।
- जब आप तैयार हों, तो नीचे दाएं कोने में "Send " पर क्लिक करें।

6. Google फ़ॉर्म स्प्रैडशीट लिंक करना

डॉक्स, शीट्स और स्लाइड्स में Google फ़ॉर्म का लिंक भी है। नया रिक्त फ़ॉर्म शुरू करने के लिए File -> New -> Form क्लिक करें। या, Google sheet में, Tools पर क्लिक करें -> एक नया स्वरूप शुरू करने के लिए एक नया फॉर्म बनाएँ जो स्वतः उस स्प्रैडशीट से जुड़ा हुआ है। किसी नए या मौजूदा स्प्रैडशीट में

डेटा प्राप्त करने का सबसे तेज़ तरीका है: स्प्रेडशीट खोलें जहाँ आप डेटा चाहते हैं, एक फॉर्म शुरू करें, और फॉर्म की प्रतिक्रियाएँ स्वतः ही बिना किसी अतिरिक्त क्लिक के वहाँ Save हो जाएँगी।

7. "Accepting Responses "के दाईं ओर बटन पर क्लिक करें।



विभिन्न स्त्रोत के माध्यम से भेजे गए फॉर्म को Response पर क्लिक करके देख सकते है कि कितने लोगो ने भेजे गए फॉर्म को रिस्पांस दिया है और टेबुलर फॉर्म में डेटा को प्राप्त करने के लिए रिस्पांस के बाएं ओर **"Create Spreadsheet** "आइकॉन पर क्लिक करके स्प्रेडशीट के फॉर्मेट पर डेटा को डाउनलोड कर सकते है।